RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 22
नई दिल्ली, शुक्रवार, 26 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com




अय्यर ने भारत को संभाला
स्पोर्ट्स-10

# ईडब्ल्यूएस की आठ लाख आय सीमा पर फिर गौर करेगा केंद्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने नीट परास्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले में आरक्षण को लेकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) की श्रेणी निर्धारित करने के लिए आठ लाख रुपए सालाना आय की तय सीमा पर फिर से गौर करने का फैसला लिया है। उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र की ओर से बताया कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी निर्धारित करने के लिए मानदंड तय करने के वास्ते एक समिति गठित की जाएगी और समिति को यह काम करने के लिए चार हफ्तों का वक्त लगेगा।

मेहता ने कहा कि अदालत में पहले दिए आश्वासन के अनुसार नीट (पीजी) काउंसिलिंग और चार हफ्तों के लिए स्थगित की जाती है। शीर्ष न्यायालय छात्रों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है जिसमें मौजूदा अकादमिक वर्ष के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) में चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले में अन्य पिछड़ा वर्ग

## नीट आरक्षण

### ● सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट को बताया

(ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण और ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध कराने के लिए केंद्र तथा मेडिकल काउंसिलिंग कमिटी के 29 जुलाई के नोटिस को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण बहुत सक्षम और प्रगतिशील प्रकार का आरक्षण है और सभी राज्यों को केंद्र के इस प्रयास में उसका समर्थन करना चाहिए। पीठ ने कहा कि एकमात्र सवाल यह है कि श्रेणी का निर्धारण वैज्ञानिक तरीके से किया जाना चाहिए और वह इसकी सराहना करती है कि केंद्र ने पहले से तय मानदंड पर फिर से गौर करने का फैसला किया है। याचिकाकर्ताओं (छात्रों) की पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने कहा कि



चूंकि काफी समय बीत गया है तो केंद्र को अगले अकादमिक वर्ष के लिए ईडब्ल्यूएस आरक्षण के क्रियान्वयन को वापस लेना चाहिए और मौजूदा वर्ष की काउंसिलिंग को शुरू करना चाहिए।

पीठ ने दातार की दलीलों पर सहमति जताई और मेहता से पूछा कि क्या वह अगले आकदमिक वर्ष तक संवैधानिक संशोधन के क्रियान्वयन को वापस ले सकते हैं और मौजूदा अकादमिक वर्ष के लिए काउंसिलिंग शुरू कर सकते हैं। इस पर मेहता ने कहा कि सरकार ने मौजूदा अकादमिक वर्ष के लिए 103वें संवैधानिक संशोधन को लागू करने का फैसला लिया और इसे वापस लेना उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अगर श्रेणी निर्धारण की प्रक्रिया चार हफ्तों से पहले हो जाती है तो वह अदालत को सूचित करेगा। पीठ ने दातार से कहा कि चार हफ्तों का समय अनुचित नहीं है और वह नहीं चाहती है कि सरकार इसे जल्दबाजी में करें वरना मानदंड अवैज्ञानिक और बेतरतीब ढंग से तय किए जाएंगे। ओबीसी उम्मीदवारों की ओर से पेश वकील शशांक रत्नू ने अनुरोध किया कि ओबीसी छात्रों के आरक्षण की अर्जी खारिज नहीं की जानी चाहिए क्योंकि केंद्र ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए मानदंड पर फिर से गौर करने की योजना बना रहा है। इस पर पीठ ने कहा कि उसने ओबीसी छात्रों के बारे में कुछ नहीं कहा है और वह याचिका का निस्तारण नहीं कर रहा है। इसके बाद न्यायालय ने मेहता की दलीलें सुनी और मामले पर अगली सुनवाई के लिए छह जनवरी की तारीख तय कर दी।

## नीट में भौतिकी के प्रश्न पत्र के हिंदी संस्करण में त्रुटि की समिति जांच करेगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि नीट (स्नातक) 2021 की परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की आशंकाओं को दूर करने के लिए वह तीन विशेषज्ञों की एक समिति नियुक्त करेगी, जो भौतिकी के प्रश्न पत्र के हिंदी संस्करण में कथित त्रुटि वाले उत्तरों का फिर से मूल्यांकन करेगी। एनटीए की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ को बताया कि प्रश्नों का मूल्यांकन तीन विशेषज्ञों की एक समिति द्वारा फिर से किया जाएगा। पीठ ने उनका बयान रिकॉर्ड में दर्ज किया कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद परीक्षा एजेंसी इस अदालत के समक्ष एक हलफनामा दाखिल करेगी जिसमें विशेषज्ञों की समिति द्वारा किए गए मूल्यांकन का विवरण होगा। पीठ ने कहा, सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा है कि नीट (स्नातक) 2021 के लिए हिंदी ( शेष पेज 9 )

# उत्तर भारत के विकास का गेटवे बनेगा यूपीः प्रधानमंत्री



नोएडा में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के शिलान्यास समारोह में एक प्रदर्शनी देखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**रिंकू यादव।** नोएडा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। यह एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। यह एयरपोर्ट शुरू होते ही उत्तर प्रदेश पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। खास बात यह कि यह प्रदूषण से मुक्त होगा। इस पर 2024 से विमान उड़ान भरने लगेंगे। एयरपोर्ट के शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि एयरपोर्ट उत्तर भारत का लॉजिस्टिक गेटवे

### ● मोदी ने रखी नोएडा एयरपोर्ट की आधारशिला

बनेगा। यहीं से देश-विदेश के लिए उड़ान भरी जा सकेगी। यहीं विमानों की सर्विस भी की जाएगी। अभी 85 प्रतिशत विमानों को रिपेयरिंग आदि के लिए विदेश भेजा जाता है। इस एयरपोर्ट के तैयार होने पर विदेश से यहां रिपेयर के लिए विमान आएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि हम राष्ट्र प्रथम की भावना पर चलते हैं। उत्तर प्रदेश और देश के लोग गवाह हैं कि बीते कुछ हफ्तों में विपक्षियों द्वारा कैसी राजनीति हुई, लेकिन देश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता गया। इसी महीने की शुरुआत में 2070 तक नेट जीरो की घोषणा की गई है। यूपी में एक साथ नौ मेडिकल कॉलेज की शुरुआत कर नई इबारत लिखी है। महोबा और झांसी में भी कई काम हुए। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे यूपी को समर्पित किया गया है। इसी महीने महाराष्ट्र के पंडरपुर में सैकड़ों किलोमीटर के हाईवे का उद्घाटन किया गया। ये प्रगति के काम ही हमें आगे ले जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने पश्चिमी यूपी के विकास को नजरअंदाज किया है, उसका एक उदाहरण यह नोएडा एयरपोर्ट भी है। दो दशक पहले राज्य की भाजपा सरकार ने इसका सपना देखा, लेकिन बाद की सरकारों ने इसे फंसाए रखा। ( पेज 2 भी देखें )

# दक्षिण अफ्रीका में मिला कोरोना वायरस का नया वैरिएंट

### ● ताजा बढ़ते मामलों को ब्रिटिश विशेषज्ञों ने बताया खतरे की घंटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**यूरोप** के कई देशों में तेजी से कोविड-19 संक्रमण मामलों में उछाल और दक्षिण अफ्रीका के बोत्सवाना में उभरे कोरोना वायरस के नए घातक संस्करण को लेकर ब्रिटिश विशेषज्ञों ने खतरे की घंटी बताया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, कोविड का यह नया संस्करण वायरस का सबसे नया उत्परिवर्तित (म्यूटेंट) स्वरूप है। दक्षिण अफ्रीका में पिछले साल कोविड वायरस के बीटा संस्करण का पता चला था।

हालांकि अभी तक सबसे अधिक लोग डेल्टा संस्करण से संक्रमित हुए, जो मूल रूप से पहली बार भारत में पाया गया था। रिपोर्ट के अनुसार बोत्सवाना में मिला कोविड वायरस के नए संस्करण में 32 बार



म्यूटेट (उत्परिवर्तित) होते हैं, जिनमें से कई तेजी से फैलने वाला और वैक्सीन प्रतिरोधी है। इसके अलावा स्पाइक प्रोटीन में किसी भी अन्य प्रकार की तुलना में तेजी से बदलाव होता है। केवल 10 मामलों में स्ट्रेन का अब तक पता चला है, जिसे एनयू नाम दिया गया है, लेकिन इसे पहले ही तीन देशों में देखा जा चुका यह संस्करण तेजी से फैलने के साथ ही इसकी व्यापकता अधिक है।

फिलहाल भारत में इसके कोई केस नहीं है लेकिन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इस पर नजर रखी जा रही है। समाचार एजेंसी आईएएनएस ने यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के एक आनुवांशिकीविद प्रोफेसर फ्रेंकोइस बलौक्स के हवाले से कहा कि एक मरीज में ( शेष पेज 9 )

# दिल्ली-एनसीआर में निर्माण गतिविधियों पर फिर प्रतिबंध

### ● बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सरकार ने उठाया कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में निर्माण गतिविधियों पर फिर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया। अदालत ने राज्यों से निर्माण गतिविधियों पर रोक लगने के कारण प्रभावित होने वाले श्रमिकों को श्रम उपकर के तौर पर एकत्रित धनराशि में से गुजारा भत्ता देने को भी कहा। अदालत के आदेश पर अमल करते हुए दिल्ली सरकार ने तत्काल निर्माण गतिविधियां रोकने का फरमान जारी कर दिया। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की विशेष पीठ का अंतरिम आदेश बुधवार रात को अपलोड किया गया। इसमें पीठ ने एनसीआर और इर्दगिर्द के इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट इन दी एनसीआर ऐंड एड्जॉइनिंग एरियाज) को निर्देश दिया कि वह वायु प्रदूषण के रिकॉर्ड किए गए स्तरों पर पिछले वर्षों के उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर वायु गुणवत्ता का एक वैज्ञानिक अध्ययन करे। पीठ ने कहा कि हम निर्देश देते हैं कि ग्रेडेड रेस्पांस प्लान के तहत कार्रवाई शुरू करने से पहले वायु गुणवत्ता के और खराब होने का इंतजार करने के बजाए वायु गुणवत्ता के खराब होने की आशंका के मद्देनजर आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके लिए, यह आवश्यक है कि आयोग मौसम विज्ञान संबंधी आंकड़े और गणितीय प्रतिमानों का ज्ञान रखने वाली विशेषज्ञ समितियों की सेवाएं ले। प्रदूषण संबंधी आयोग और एनसीआर राज्यों (दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान) से प्रदूषण में वृद्धि को रोकने के उपायों को जारी रखने का निर्देश देते हुए पीठ ने निर्माण गतिविधियों को 22 नवंबर से शुरू करने की इजाजत देने संबंधी फैसले को सुरक्षित रखा। न्यायालय ने आदेश में कहा कि इस बीच, अंतरिम उपाय के तौर पर और अगले आदेश तक हम एनसीआर में निर्माण गतिविधियों पर पुनः रोक लगाते हैं। हालांकि इस दौरान निर्माण से संबंधित गतिविधियां मसलन नलके, पाइपलाइन का कार्य, इंटीरियर डेकोरेशन, इलेक्ट्रिकल काम, कारपेंटर का काम जिनसे प्रदूषण नहीं फैलता है, वे जारी रह सकती हैं। पीठ ने कहा कि निर्माण गतिविधियों पर रोक की अवधि के दौरान राज्य निर्माण क्षेत्र के कामगारों के कल्याण के लिए एकत्रित किए गए श्रम उपकर का इस्तेमाल उन्हें गुजरा भत्ता देने में करे। शीर्ष न्यायालय ने याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 29 नवंबर तय करते हुए इस बीच केंद्र सरकार, दिल्ली-एनसीआर राज्यों और आयोग को हालात से निबटने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दिया। पीठ ने बुधवार को पूछा था कि आखिर दिल्लीवासी बहुत खराब वायु गुणवत्ता का खामियाजा क्यों भुगतें। उसने कहा कि हालात बेहद गंभीर होने से पहले ही एहतियाती कदम उठाए जाएं।

## प्रभावित श्रमिकों को देंगे वित्तीय सहायताः राय

**दिल्ली** के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सरकार ने निर्माण एवं तोड़फोड़ की गतिविधियों पर दोबारा प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि निर्माण गतिविधियां रुकने से प्रभावित श्रमिकों को वित्तीय सहायता देने के लिए श्रम विभाग को योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। हम उन्हें वित्तीय सहायता मुहैया कराएंगे। सरकार ने श्रम विभाग को इस संबंध में एक योजना



तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि गैर प्रदूषणकारी निर्माण गतिविधियां, जैसे कि नल-साजी (प्लंबिंग), घर की आंतरिक सजावट, बिजली का काम और बढ़ई के काम जारी रख सकते हैं।

# एनएफएचएस सर्वेक्षणः भारत में पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं अधिक

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में जनसांख्यिकीय बदलाव का संकेत देते हुए पहली बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक हो गई है तथा लिंगानुपात 1,020 के मुकाबले 1,000 रहा है। यह जानकारी राष्ट्रीय परिवार और स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) -5 के निष्कर्षों से मिली है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि लिंगानुपात 1000 को पार कर जाने के साथ ही हम कह सकते हैं कि भारत विकसित देशों के समूह में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि इसका श्रेय महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए उपायों जैसे वित्तीय समावेश और लैंगिक पूर्वाग्रह तथा असमानताओं से निपटने आदि को है। जन्म के समय का लिंगानुपात भी 2019-20 में 929 हो गया जो 2015-16 में 919 था। यह उठाए गए विभिन्न कदमों और संबंधित कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। वर्ष 2005-06 में कराए गए राष्ट्रीय परिवार और स्वास्थ्य सर्वेक्षण-3 में यह अनुपात 1000:1000 था जो 2015-16 (एनएचएफएस-4) में घटकर 991:1000 पर आ गया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारत एवं 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए जनसंख्या, प्रजनन और बाल स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, पोषण और अन्य विषयों के प्रमुख संकेतकों से जुड़े तथ्य एनएफएचएस -5 के चरण दो के तहत 24 नवंबर को जारी किए।

पहले चरण में शामिल 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एनएफएचएस-5 के तथ्य दिसंबर, 2020 में जारी किए गए थे। एनएफएचएस-5 के अनुसार, देश में 88.6 प्रतिशत जन्म (सर्वेक्षण से पहले के पांच साल में) अस्पताल में हुए। अधिकारियों ने कहा कि एनएफएचएस -4 (78.9 प्रतिशत) के बाद से महत्वपूर्ण वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि भारत सार्वभौमिक संस्थागत जन्म की ओर बढ़ रहा है। सर्वेक्षण के निष्कर्षों में कहा गया है कि देश में कुल प्रजनन दर (प्रति महिला बच्चे) प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,795 | ↑ 454 | |
| निफ्टी | 17,536 | ↑ 121 | |
| सोना | 46,625 | ↑ 195 | /10g |
| चांदी | 61,763 | ↑ 569 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पनडुब्बी आईएनएस वेला सेवा में शामिल

**मुंबई।** देश की नौसैन्य शक्ति में और बढ़ोतरी करते हुए भारतीय नौसेना ने पनडुब्बी आईएनएस वेला को यहां बृहस्पतिवार को सेवा में शामिल किया और नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने इसे सभी प्रकार के पनडुब्बी अभियान करने में सक्षम एक शक्तिशाली मंच बताया। भारतीय नौसेना को कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी प्रोजेक्ट-75 के तहत कुल छह पनडुब्बियों को सेवा में शामिल करना है। आईएनएस वेला सेवा में शामिल की गई इस श्रेणी की चौथी पनडुब्बी है। इससे पहले, नौसेना ने 21 नवंबर को युद्धपोत आईएनएस विशाखापट्टनम को सेवा में शामिल किया था। इस प्रकार नौसेना को एक सप्ताह में आईएनएस विशाखापट्टनम के बाद आईएनएस वेला के रूप में दो उपलब्धियां हासिल हुई है।

## दिल्ली विधानसभा की शांति एवं सद्भाव समिति ने कंगना को तलब किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** विधानसभा की शांति एवं सद्भाव समिति ने सोशल मीडिया पर अभिनेत्री कंगना रनौत के कथित तौर पर घृणा फैलाने वाले पोस्ट को लेकर उन्हें छह दिसंबर को तलब किया है। समिति के अध्यक्ष राघव चड्ढा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। समिति की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि कंगना द्वारा इंस्टाग्राम पर की गई टिप्पणियों को कथित तौर पर आपत्तिजनक तथा अपमानजनक बताने वाली शिकायतों के आधार पर अभिनेत्री को तलब करते हुए नोटिस जारी किया गया है। शिकायतों में दावा किया गया है कि कंगना ने अपने कथित पोस्ट में सिख समुदाय को खालिस्तानी आतंकवादी बताया था। ऐसे पोस्ट की सामग्री ने सिख समुदाय की भावनाओं को आहत किया ( शेष पेज 9 )

# पिंक लाइन पर भी बिना ड्राइवर दौड़ी मेट्रो

### ● चालक रहित मेट्रो का नेटवर्क 97 किमी हुआ, विश्व में चौथे स्थान पर पहुंची दिल्ली

### ● राजधानी में इससे पहले मजेंटा लाइन पर दौड़ रही है चालक रहित मेट्रो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) ने अपने नाम एक और उपलब्धि जोड़ते हुए गुरुवार को राजधानी में 59 किलोमीटर लंबी सबसे बड़ी पिंक लाइन पर चालक रहित मेट्रो का संचालन शुरू किया। मजेंटा लाइन पर पहले से ही बिना ड्राइवर मेट्रो चल रही है।



नई दिल्ली में गुरुवार को पिंक लाइन के एक स्टेशन पर खड़ी चालक रहित मेट्रो

डीएमआरसी अधिकारियों ने बताया कि चालक रहित ट्रेन नेटवर्क के मामले में दुनिया के शीर्ष तीन शहरों सिंगापुर (प्रथम), शंघाई (दूसरा) और कुआलालमपुर (तीसरा) के बाद चौथे नंबर है। भारत में उच्च तकनीक को अपनाने वाला डीएमआरसी का डीटीओ नेटवर्क है। केंद्रीय आवासीय और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी तथा दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संयुक्त रूप से चालक रहित ट्रेन को हरी झंडी दिखायी। मजलिस पार्क-शिव विहार कोरिडोर (36 स्टेशन) पर कुछ महीने की देरी से चालक रहित ट्रेन संचालन (डीटीओ) के शुरू होने के साथ डीएमआरसी का चालक रहित मेट्रो का नेटवर्क 97 किलोमीटर लंबा हो गया है।

डीएमआरसी ने बताया कि चौथे चरण का काम पूरा होने के बाद चालक रहित ट्रेन संचालन पिंक लाइन और मजेंटा लाइन की विस्तारित लाइन पर भी उपलब्ध होगा और साथ ही एयरोसिटी-तुगलकाबाद सिल्वर लाइन पर भी इसी तकनीक से मेट्रो दौड़ेगी। उसने कहा कि डीएमआरसी डीटीओ से लैस कोरिडोर के 160 किलोमीटर लंबे नेटवर्क के साथ दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चालक रहित मेट्रो ( शेष पेज 9 )

## सोमालिया में विस्फोट, कम से कम आठ की मौत

**एपी।** मोगादिशू

**सोमालिया** की राजधानी मोगादिशू में बृहस्पतिवार को एक स्कूल के बाहर भीषण विस्फोट हुआ, जिसमें छात्रों सहित कम से आठ लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। वहीं, चरमपंथी संगठन अल-शबाब ने विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। अलकायदा से संबद्ध अल शबाब का सोमालिया के ग्रामीण इलाके के बड़े हिस्से पर कब्जा है और तीन दशक के संघर्ष के बाद देश के पुनर्निर्माण कार्य को वह लगातार बाधित करता रहा है। सुबह हुए विस्फोट के बाद मोगादिशु में धुएं का गुबार उठता दिखा। धमाके की वजह से स्कूल का एक हिस्सा ढह गया और आपात कर्मियों को ध्वस्त छत तथा लकड़ी के फर्नीचर के बीच घायलों को तलाश करते देखा गया। धमाके के वक्त बच्चों ( शेष पेज 9 )

# विकास की नई ऊंचाइओं पर उत्तर प्रदेश: योगी

## केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के आम लोगों तक पहुंचा : मुख्यमंत्री

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित करते सीएम योगी और साथ में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या। फोटो: दीपक यादव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यूपी और केंद्र सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शिलान्यास के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विकास का एजेंडा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेट कर दिया है। भूमि पूजन के साथ ही जेवर और आसपास के जिले विकास के पथ पर आगे बढ़ गए है।

शिलान्यास के मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए जेवर विधानसभा के किसानों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने उपस्थित पश्चिम उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ता के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।

योगी ने कहा कि सब जानते हैं कि 2014 के बाद देश के नागरिकों ने बदलते हुए भारत को देखा। वैश्विक महामारी कोरोना काल में भी नागरिकों की रक्षा और सुरक्षा कवच प्रदान किया। बेहतरीन प्रबंधन स्थापित करने के बाद प्रधानमंत्री का आगमन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने के उद्देश्य से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का शिलान्यास किया है। उन्होंने कहा, यह पश्चिम उत्तर प्रदेश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यहां के किसानों ने कभी गन्ने की मिठास को आगे बढ़ाने का प्रयास किया था लेकिन गन्ने की मिठास को कुछ लोगों ने कड़वाहट में बदल कर यहां पर दंगों की भारी श्रंखला खड़ी की थी। देश के अंदर नया द्वंद बना है।

यह देश गन्ने की मिठास को एक नई उड़ान देगा । यह मेरा सौभाग्य है कि जेवर के इस ऐतिहासिक स्थल पर प्रधानमंत्री स्वागत का अवसर मुझे प्राप्त हो रहा है, जिनके मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज अपनी एक नई ऊंचाई की ओर बढ़ रहा है चाहे वह देश के अंदर केंद्र सरकार के द्वारा लोक कल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक नागरिक तक बिना भेदभाव के पहुंचाने का हो।

इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विकास एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने का कार्यक्रम हो या उत्तर प्रदेश की आस्था को एक नए पंख देकर यहां की आस्था का सम्मान करने का कार्यक्रम हो या फिर उत्तर प्रदेश राज्य के पूरे प्रशिक्षण को बदलकर उत्तर प्रदेश में विकास होगा। उत्तर प्रदेश के विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। इस विश्वास को आगे बढ़ाने के लिए आज हम सब यहां पर उपस्थित हुए हैं। इस अवसर पर मैं आप सबको बधाई दूंगा। हजार हजार से भी अधिक किसानों का जिन्होंने बिना किसी विवाद के जेवर एयरपोर्ट के लिए जमीन स्वयं मुख्यमंत्री आवास पर आकर के उपलब्ध कराई। उन सभी किसान भाइयों का अभिनंदन करते हुए कहा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आप सभी भाइयों बहनों को हृदय से बधाई देता हूं क्योंकि जेवर एयरपोर्ट केवल एक एयरपोर्ट नहीं है।

### सभी फाइल को मंजूरी दी: डॉ. महेश

**नोएडा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान में गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा ने जनसभा का संबोधित करते हुए क्षेत्र की जनता को बधाई दी धन्यवाद दिया। इस दौरान डॉ. महेश शर्मा ने कहा, जनप्रतिनिधि होने के नाते आप सभी का अभिनंदन करता हूं और स्वागत करता हूं। अपने क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आपके लिए सौगात लेकर आया है। यह जेवर हवाई अड्डा इस क्षेत्र का अपने प्रदेश का भाग्य बदलेगा। प्रधानमंत्री के साथ 2014 में मंत्री बनकर उनके साथ काम करने का मौका मिला। यह प्रोजेक्ट लगभग खत्म उस समय हो चुका था। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच थी कि दिल्ली हवाई अड्डा बोझ को सह नहीं पाएगा इसलिए नए हवाई अड्डा बनना था। नया हवाई अड्डा कहां बने इसके लिए जेवर को चुना गया। जेवर का नाम अमर हो गया। हवाई अड्डा के साथ अब जेवर का नाम भी पूरी दुनिया में लिया जाएगा। जेवर क्षेत्र पिछड़ा हुआ क्षेत्र कहलाता था और अब यह क्षेत्र देश में पूरी पहचान बनाएगा। जेवर का नाम लिया जाएगा।

### ट्विटर पर 'गो बैक ट्रेंड' चला

***नोएडा।** गुरुवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शिलान्यास के मौके पर ट्विटर पर अलग ही जंग देखने को मिली। यहां गो बैक योगी का ट्रेंड चला है। दरअसल, गुर्जर समाज के लोगों में योगी के खिलाफ कुछ महीनों से भारी रोष देखने को मिल रहा है। मुद्दा यह है कि बीते दिनों उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्ध नगर के दादरी में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का अनावरण किया था। अनावरण करने से पहले मिहिर भोज के नाम के आगे से गुर्जर सब हटा दिया था। जिसके बाद गुर्जर नेताओं में भारी रोष व्याप्त हो गया। गुर्जर नेताओं ने माफी मांगने की मांग करते हुए योगी आदित्यनाथ का विरोध और काले झंडे दिखाने की चेतावनी दी थी। इसी कारण गुर्जर नेताओं को पुलिस ने हाउस अरेस्ट किया, जब गुर्जर नेताओं को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया तो गुर्जर समाज के लोगों ने ट्विटर पर गो बैक योगी ट्रेंड चलाया, जिसमें करीब 25 हजार से ज्यादा लोगों ने ट्वीट किया है।*

### सुपरटेक बिल्डर के एमडी आरके अरोड़ा पर केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सुपरटेक बिल्डर कंपनी के एमडी आरके अरोड़ा के खिलाफ कोतवाली सेक्टर-58 पुलिस ने अमानत में खयानत और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की है। लखनऊ के एक डिस्ट्रीब्यूटर ने बिल्डर पर 53 लाख रुपये का सरिया लेने के बाद भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया है।

तीन वर्ष से परेशान डिस्ट्रीब्यूटर ने मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की थी। कोतवाली सेक्टर.58 पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक कल्याणपुर लखनऊ निवासी रमेश कुमार गुप्ता गगन फेरोटेक और शाकंभरी इस्पात एंड पावर लिमिटेड के सरिया के उत्तर प्रदेश के डिस्ट्रीब्यूटर हैं। रमेश का आरोप है कि उन्होंने वर्ष 2018 में सुपरटेक लिमिटेड को 53 लाख रुपये के सरिया की आपूर्ति की थी। आरोप है कि 3 वर्ष बाद भी इसका भुगतान सुपरटेक की तरफ से नहीं किया गया। पीड़ित ने सुपरटेक के एमडी आरके अरोड़ा से मोबाइल पर कई बार संपर्क किया। लेकिन वह भुगतान के लिए टालमटोल करते रहे। आरोप है कि एमडी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

### जलभराव होगा खत्म : महापौर

**गाजियाबाद।** वार्ड 24 पांडव नगर से मुखर्जी पार्क तक आरसीसी नाले का उद्घाटन महापौर आशा शर्मा ने किया। इस कार्य की लागत लगभग 1 करोड़ 60 लाख है।

आशा शर्मा ने कहा लगभग 20 वर्षो से लगातार जल भराव की समस्या हो रही थी जिसकी निकासी के लिए कोई समाधान नही हो पा रहा था, आए दिन सड़क पर जल भराव होता था और सड़क टूट जाती थी लेकिन महापौर आशा शर्मा ने कहा कि लाखों लोगों को राहत मिलेगी।

पांडव नगर की समस्या के समाधान के लिए नाला निर्माण पास किया, इस नाले के निर्माण से बहुत से कॉलेज के बच्चों को भी लाभ मिलेगा क्योंकि पांडव नगर में 1-2 स्कूल कॉलेज भी है जिसमे बच्चों का आना जाना होता है।


1 करोड़ 60 लाख लागत की योजना का उद्घाटन करतीं मेयर आशा शर्मा व अन्य।

### मां के संपर्क में आई टीचर भी कोरोना संक्रमित

**नोएडा।** सेक्टर-168 स्थित एक निजी स्कूल की अध्यापिका की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। हालांकि, आठ दिनों से अध्यापिका अवकाश पर थीं, इसलिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्कूल को सील नहीं किया गया है। 84 वर्षीय कोरोना पीड़ित मां के संपर्क में आने के बाद अध्यापिका को संक्रमण हुआ है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ग्रेटर नोएडा स्थित नर्मदा आनंदाश्रय सोसाइटी निवासी 45 वर्षीय अध्यापिका के पूरे परिवार ने करीब दस दिन पहले कोरोना जांच कराई थी।

### ग्रेनो वेस्ट में बनेगा प्राधिकरण का दूसरा दफ्तर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों को जल्द ही बड़ी सौगात मिलने वाली है। ग्रेनो वेस्ट में प्राधिकरण का दूसरा स्थायी दफ्तर बहुत जल्द बनने जा रहा है। टेकजोन फोर स्थित इस ऑफिस को बनाने के लिए प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है।

कंपनी का चयन शीघ्र करके अगले माह से निर्माण शुरू कराने की तैयारी है। इसमें एसीईओ स्तर के अधिकारी बैठकर लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। करीब सवा दो करोड़ की लागत से बनाए जाने वाले कार्यालय में सीईओ व एसीईओ का दफ्तर, मीटिंग व वेटिंग रूम, तीन केबिन, रिकॉर्ड रूम और टॉयलेट ब्लॉक बनाए जाएंगे। नया साइट ऑफिस करीब 1100 वर्ग मीटर में बनेगा। फिलहाल ग्रेनो वेस्ट स्थित गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज में प्राधिकरण का साइट ऑफिस है।

हर बुधवार को प्राधिकरण के सीईओ या एसीईओ व अन्य सीनियर अधिकारी यहां बैठते हैं और ग्रेनो वेस्ट के निवासियों की शिकायतों को हल कराते हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में करीब 200 बिल्डर सोसाइटियां हैं। नए कार्यालय में एसीईओ स्तर के अधिकारी नियमित रूप से बैठेंगे। लोग किसी भी दिन अपनी शिकायत उन तक पहुंचा सकेंगे। एसीईओ के साथ ही ग्रेटर नोएडा वेस्ट से संबंधित इंजीनियर भी नियमित रूप से ग्रेनो वेस्ट के ऑफिस में बैठेंगे।

#### जल्द खुल सकता है आधार केंद्र!

**नोएडा।** गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज में जनसुनवाई हुई। इस दौरान नोएडा एक्सटेंशन फ्लैट ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन नेफोवा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार भी टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने ग्रेनो वेस्ट में आधार केंद्र बनवाने की मांग की। एसीईओ अमनदीप डुली ने जल्द बनाने आश्वासन दिया। एसीईओ ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्टेडियम और श्मशान घाट बनवाने का भी आश्वासन दिया। जनसुनवाई में कई और लोग भी शिकायत लेकर पहुंचे, एसीईओ ने उनका भी समाधान कराया।

## संक्षिप्त समाचार


मौलाना आज़ाद एजूकेशन फांउडेशन के उपाध्यक्ष सरदार एसपी सिंह व खालसा हेल्प इंटरनेशनल के गुरप्रीत सिंह रम्मी को पटका पहना कर सम्मान किया।

### सरदार एसपी सिंह व गुरप्रीत सिंह रम्मी सम्मानित

**गाजियाबाद।** स्वामी रावल महाराज ने करतारपुर साहिब गुरुद्वारे के दर्शन करके लौटने पर मौलाना आज़ाद एजूकेशन फांउडेशन के उपाध्यक्ष सरदार एसपी सिंह व खालसा हेल्प इंटरनेशनल के गुरप्रीत सिंह रम्मी को पटका पहना कर सम्मान किया। इस मौक़े पर बोलते हुए स्वामी रावल ने कहा कि सिक्ख गुरुओं के सेवा कार्यों व बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सरदार एस पी सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार बिना किसी भेदभाव व तुष्टिकरण के विकास को प्राथमिकता दे रही हैं, जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिलेगा। गुरप्रीत सिंह रम्मी ने कहा कि गुरुनानक देव ने लंगर प्रथा आरम्भ की थी, कोरोनाकाल में लोगों को ऑक्सीजन की कमी हो रही थी, जान बचाने के लिये हमने आक्सीजन का लंगर लगाया, जिसमें बिना किसी भेदभाव के पूरी टीम ने सेवा की।

### यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को मिला प्रतीक चिन्ह



**गाजियाबाद।** नेशनल कॉंफिगरेशन ऑफ रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के आठवें राष्ट्रीय अधिवेशन में यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी गाजियाबाद को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी और आरडब्लूए के बीच में सौहार्दपूर्ण सामंजस्य एवं विभिन्न प्रकार की मेडिकल गतिविधियां जैसे निशुल्क चिकित्सा शिविर, निशुल्क हेल्थ टॉक, स्वास्थ्य जांच शिविर विभिन्न सोसायटी ओं में लगवाने और सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अस्पताल को यह सम्मान दिया गया। हॉस्पिटल की ओर से कॉर्पोरेट रिलेशन विभाग के प्रमुख गौरव पांडे एवं आरडब्लूए के वरिष्ठ प्रबंधक सुरेश वाली ने यह सम्मान कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज, मोहन नगर में प्राप्त किया।

### दस्तावेज लेखक एसोसिएशन के चुनाव नामांकन



**गाजियाबाद।** दस्तावेज लेखक एसोसिएशन तहसील गाजियाबाद के 11 पदों पर चुनाव के लिए गुरुवार को नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन नामांकन किये गए।। नामांकन की प्रक्रिया 23 नवंबर से शुरु हुई थी जो गुरुवार को पूर्ण हो गयी। थी। शुक्रवार को शाम चार बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। जिसके बाद सभी पदों पर नामांकन करने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूचि प्रकाशित कर दी जाएगी। सभी पदों पर चुनाव 9 दिसंबर को होना है। शांतिपूर्ण और स्पष्ट चुनाव की जिम्मेदारी चुनाव समिति की होगी। संजीव कौशिक, गौरव चौधरी, पंकज शर्मा और केपी सिंह मुख्य चुनाव अधिकारी हैं। भूपेश कुमार शर्मा, नितिन शर्मा, रीना पाल, इसरार त्यागी और रोहित शर्मा चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय सी.डी. रामनगर (नैनीताल). दीवानी वाद संख्या-30 वर्ष-2021
वादी - प्रोदीप कुमार सरकार पुत्र स्व. श्री एम.आर. सरकार, निवासी - ग्राम पीरुमदारा तह. रामनगर (नैनीताल)
बनाम प्रतिवादी गण -
1. जय प्रकाश डन्डरियाल, तरविन्दर कौर आदि
सम्मन बनाम जय प्रकाश डन्डरियाल पुत्र श्री इश्वरी दत्त डन्डरियाल, हाल निवासी - पता - ए3/37 एच पाकेट ए-3 एल.आई.जी. मयूर विहार 3, दिल्ली 110096
चूंकि वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद वास्ते शून्य घोषित करने पंजीकृत बैनामा दिनांक - 24.04.2017 लेख पत्र सं.-750 योजित किया जो विचाराधीन है. जिसमें दिनांक- 6 माह 12 वर्ष 2021 की तिथि नियत है.
अतः आपको एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक- 6 माह 12 वर्ष 2021 को दिन 10.00 बजे प्रातः इस न्यायालय में स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता उपस्थित आवें और उपरोक्त वाद में अपना पक्ष प्रस्तुत करें. आपकी अनुपस्थिति में उपरोक्त वाद एक पक्षीय रूप से सुना व निर्णित किया जाएगा. इत्तला जानें.
आज दिनांक 22 माह 11 वर्ष 2021 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया
दिनांक 22/11/2021
सिविल जज (प्र.ख.)/ए.सी.जे.एम., राम नगर (नैनीताल)

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय सी.डी. रामनगर (नैनीताल). दीवानी वाद संख्या-31 वर्ष-2021
वादी - प्रोदीप कुमार सरकार पुत्र स्व. श्री एम.आर. सरकार, निवासी - ग्राम पीरुमदारा तह. रामनगर (नैनीताल)
बनाम प्रतिवादी गण -
1. जय प्रकाश डन्डरियाल, बलविन्दर सिंह आदि
सम्मन बनाम जय प्रकाश डन्डरियाल पुत्र श्री इश्वरी दत्त डन्डरियाल, हाल निवासी - पता - ए3/37 एच पाकेट ए-3 एल.आई.जी. मयूर विहार 3, दिल्ली 110096
चूंकि वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद वास्ते शून्य घोषित करने पंजीकृत बैनामा दिनांक - 23.08.2017 लेख पत्र सं.-1785 योजित किया जो विचाराधीन है. जिसमें दिनांक- 6 माह 12 वर्ष 2021 की तिथि नियत है.
अतः आपको एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक- 6 माह 12 वर्ष 2021 को दिन 10.00 बजे प्रातः इस न्यायालय में स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता उपस्थित आवें और उपरोक्त वाद में अपना पक्ष प्रस्तुत करें. आपकी अनुपस्थिति में उपरोक्त वाद एक पक्षीय रूप से सुना व निर्णित किया जाएगा. इत्तला जानें.
आज दिनांक 22 माह 11 वर्ष 2021 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया
दिनांक 22/11/2021
सिविल जज (प्र.ख.)/ए.सी.जे.एम., राम नगर (नैनीताल)

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय सी.डी. रामनगर (नैनीताल). दीवानी वाद संख्या-33 वर्ष-2021
वादी - प्रोदीप कुमार सरकार पुत्र स्व. श्री एम.आर. सरकार, निवासी - ग्राम पीरुमदारा तह. रामनगर (नैनीताल)
बनाम प्रतिवादी गण -
1. जय प्रकाश डन्डरियाल, कमला आदि
सम्मन बनाम जय प्रकाश डन्डरियाल पुत्र श्री इश्वरी दत्त डन्डरियाल, हाल निवासी - पता - ए3/37 एच पाकेट ए-3 एल.आई.जी. मयूर विहार 3, दिल्ली 110096
चूंकि वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद वास्ते शून्य घोषित करने पंजीकृत बैनामा दिनांक - 28.11.2017 लेख पत्र सं.-2642 योजित किया जो विचाराधीन है. जिसमें दिनांक- 27 माह 12 वर्ष 2021 की तिथि नियत है.
अतः आपको एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक- 27 माह 12 वर्ष 2021 को दिन 10.00 बजे प्रातः इस न्यायालय में स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता उपस्थित आवें और उपरोक्त वाद में अपना पक्ष प्रस्तुत करें. आपकी अनुपस्थिति में उपरोक्त वाद एक पक्षीय रूप से सुना व निर्णित किया जाएगा. इत्तला जानें.
आज दिनांक 22 माह 11 वर्ष 2021 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया
दिनांक 22/11/2021
सिविल जज (प्र.ख.)/ए.सी.जे.एम., राम नगर (नैनीताल)

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय सी.डी. रामनगर (नैनीताल). दीवानी वाद संख्या-35 वर्ष-2021
वादी - प्रोदीप कुमार सरकार पुत्र स्व. श्री एम.आर. सरकार, निवासी - ग्राम पीरुमदारा तह. रामनगर (नैनीताल)
बनाम प्रतिवादी गण -
1. पूर्णानन्द ध्यानी आदि
सम्मन बनाम जय प्रकाश डन्डरियाल पुत्र श्री इश्वरी दत्त डन्डरियाल, हाल निवासी - पता - ए3/37 एच पाकेट ए-3 एल.आई.जी. मयूर विहार 3, दिल्ली 110096
चूंकि वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद वास्ते शून्य घोषित करने पंजीकृत बैनामा दिनांक - 16.08.2017 लेख पत्र सं.-1734 व बैनामा दिनांक - 05.02.2018 लेख पत्र सं.-326 योजित किया जो विचाराधीन है. जिसमें दिनांक- 6 माह 12 वर्ष 2021 की तिथि नियत है.
अतः आपको एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक- 6 माह 12 वर्ष 2021 को दिन 10.00 बजे प्रातः इस न्यायालय में स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता उपस्थित आवें और उपरोक्त वाद में अपना पक्ष प्रस्तुत करें. आपकी अनुपस्थिति में उपरोक्त वाद एक पक्षीय रूप से सुना व निर्णित किया जाएगा. इत्तला जानें.
आज दिनांक 22 माह 11 वर्ष 2021 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया
दिनांक 22/11/2021
सिविल जज (प्र.ख.)/ए.सी.जे.एम., राम नगर (नैनीताल)

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mr. Babu Sahab Yadav & Mrs. Nika Devi are joint owners of Shop on Ground Floor without roof rights, having its area measuring 13.93 sq. mts., built on Property bearing No. XVI-567 to 574, area measuring 197.31 sq. mts., situated at Mohalla Mantola Pahar Ganj, New Delhi, Vide sale deed dated 07.03.2017 registration No. 1439 executed by Mr. Ram Gopal son of late Mr. Jyoti Prasad & Mrs. Kela Devi, has lost /misplaced SMC certificate stating legal heirs of late. Mr. Jyoti Prasad & Mrs. Kela Devi, All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of Fullerton India Credit Company Ltd. that Mr. Ashok Kumar is owner of Property bearing No.42, area measuring 170 sq., yds., Part of Khasra No.1, Gali No. 3-A, Situated in the revenue estate of village Molarband, New Delhi, now Known as Molarband, P.O. Badarpur, New Delhi, vide a registered Gift Deed dated 27.11.2018, registration No. 6462, executed by Mrs. Ramwati, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to take a Loan against the said property from Fullerton India Credit company Ltd. if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Ashok Kumar in respect of the said property its Sale / Mortgage/ Litigation, & any kind of dispute, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

This is inform to all concerned that M/s D. & D. Garments Pvt. Ltd., B-15, Sector-1, Noida Distt. Gautam Budh Nagar U.P. through its Director Sh. B.R. Khanna S/o Sh. S.L. Khanna R/o C-45, South Extension Part-II, New Delhi. Had sold Residential Flat No.191-C, Block-B-10, Udaigiri-II, Sector-34, Noida Distt.Gautam Budh Nagar U.P. on General Power of Attorney basis to the Following person(s). General Power Of Attorney was executed on 27/03/2003 in favour of Mr. P.A. Cherian S/o Sh. P.M. Abraham R/o Flat No.191C, Block B-10, Sector-34, Noida Distt Gautam Budh Nagar, U.P. which is registered with the Sub-Registrar-III, Noida Book No.IV, Volume No.181 pages 15 to 24 at Document No.337 dated 27/03/2003 and the Agreement to Sell was not executed and not registered, so it is inform to all concerned that the said Residential Flat No. 191-C, Block-B-10, Udaigiri-II, Sector-34, Noida Distt. Gautam Budh Nagar U.P. is going to be transferred in favour of Mrs. Saramma Cherian W/o Sh.P.A. Cherian R/o Flat No.191C, Block-B-10, Sector-34, Noida Distt. Gautam Budh Nagar U.P. If anyone has/have any objection he/she may file his/her objection along with the sufficient proof in the Housing Department (H) of the Noida Authority within 15 days from the date of publication of this Notice.
(P.A. Cherian)

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉकी/रोहित कुमार/ अनीता/ सुरेश कुमार/ LBNOD00005230221/ LBNOD00005233076 | फ्लैट नंबर-एफ-924, 9वीं मंजिल आदित्य अर्बन होम्स टॉवर एफ गांव शाहपुर भामेता परगना दसनाह 24 गाजियाबाद/ 23 नवंबर, 2021 | जुलाई 06, 2021 ₹ 22,45,777/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | अमित सैनी/ मोहित सैनी/ LBDEL00004950340 | हाउस नंबर एफ-307 बी, प्रताप विहार, सेक्टर- XI, ब्लॉक- एफ, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश/ 23 नवंबर, 2021 | जून 19, 2021 ₹ 11,82,957/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | संतोष कुमार अवस्थी/ मंजू अवस्थी/ LBNOD00001342666 | फ्लैट नंबर एसकेई 106, पहली मंजिल, शिप्रा कृष्णा, 14 अहिंसा खंड, गाजियाबाद/ 23 नवंबर, 2021 | जून 23, 2021 ₹ 12,51,177/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | अमर नाथ ठाकुर/ गिरिजा देवी/ LBDEL00000940149 | फ्लैट नंबर 4सी-407, बिल्डिंग एफ-60, वसुंधरा, गाजियाबाद/ 23 नवंबर, 2021 | जून 23, 2021 ₹ 3,45,346/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | रमा कांता बेहरा/ मिनाती लता साहू/ LBDEL00002354573/ LBDEL00002380953 | फ्लैट नंबर 50, दूसरी मंजिल डीडीए एलआईजी, ब्लॉक- बी2, पॉकेट- 5, सेक्टर- 35, रोहिणी दिल्ली/ 24 नवंबर, 2021 | जुलाई 06, 2021 ₹ 11,83,272/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | सीमा मनन/ आदर्श मनन/ LBNOD00004693376 | प्लॉट नंबर 96, पॉकेट 8, दूसरी मंजिल सेक्टर 24 रोहिणी दिल्ली/ 24 नवंबर, 2021 | जुलाई 06, 2021 ₹ 24,34,913/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | जय सिंह यादव/ सुबे सिंह/ LBDEL00002363729 | फ्लैट नंबर 16, तीसरी मंजिल सेक्टर 34 पॉकेट 2 ब्लॉक ए 5 रोहिणी दिल्ली दिल्ली/24 नवंबर, 2021 | जून 19, 2021 ₹ 11,55,492/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | गौरव मंगला/ संतोष कुमारी/ LBDEL00003704714 | फ्लैट नंबर- 250, दूसरी मंजिल, सेक्टर-13, प्लॉट नंबर -20, "भारत अपार्टमेंट्स" भारत सीजीएचएस लिमिटेड रोहिणी, दिल्ली/ 24 नवंबर, 2021 (क्षेत्र का परिमाप 74 वर्ग मीटर) | जुलाई 06, 2021 ₹ 44,58,972/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | शोभित अलघ/यशपाल अलघ/ LBDEL00005150678 | संपत्ति संख्या -79, छत के अधिकार के साथ तीसरी मंजिल, पॉकेट- 5, सेक्टर- 22, रोहिणी, दिल्ली/ 24 नवंबर, 2021 | जून 25, 2021 ₹ 34,91,152/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: नवम्बर 26, 2021
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**प्रपत्र - 'जी'**
**अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु प्रारूप आमंत्रण**
खदिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36क (1) के अधीन.

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्पोरेट देनदार का नाम | डीएचएसएल टेक्सटाइल्स (इंडिया) लिमिटेड |
| 2 | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 19-12-1984 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | आरओसी - दिल्ली |
| 4 | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | L51900DL1984PLC019624 |
| 5 | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | आर-815, न्यू राजिन्दर नगर, नई दिल्ली-110060, भारत |
| 6 | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि | 04-10-2021 |
| 7 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि | 26-11-2021 |
| 8 | संहिता की धारा 25(2)(ज) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता : | ग्राह्यता मानदंड : क) न्यूनतम शुद्ध मूल्य भारतीय रूपए 10,00,000 (दस लाख) वित्तीय वर्ष 2020 -2021 अथवा तदुपरांत हेतु नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार ; ख) आस्ति पुनर्गठन कम्पनी के मामले में, प्रबंधनाधीन न्यूनतम आस्ति मूल्य भारतीय रूपए 100,00,00,000/- (रूपए एक सौ करोड़ मात्र), वित्तीय वर्ष 2020 -2021 अथवा तदुपरांत हेतु नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार ; ग) यदि किसी कम्पनी, जिसमें होल्डिंग कम्पनी, सब्सिडियरी कम्पनी अथवा ग्रुप कम्पनी शामिल है, की राशि 12 से कम माह में एनपीए के रूप में है, तो उक्त कम्पनी, जिसमें होल्डिंग कम्पनी, सब्सिडियरी कम्पनी अथवा ग्रुप कम्पनी शामिल है, समाधान योजना प्रस्तुत करने के लिए अग्राह्य होगी। ग) वित्तीय वर्ष 2020-2021 अथवा तदुपरांत हेतु नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण तथा/अथवा आय कर रिटर्न तथा/अथवा जीएसटी रिटर्न्स (यदि लागू है) दाखिल करने में कम्पनी की ओर से कोई चूक नहीं की गई है। अन्य विवरण निम्नलिखित को ई-मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है - nazim@mnkassociates.com ; cirp.dhsltextiles@gmail.com |
| 9 | धारा 29के के अधीन अग्राह्यता के मानदंड : | http://ibbi.gov.in/webfront/legal_framework.php पर उपलब्ध हैं (आईबीबीआई की आधिकारिक वेबसाइट-लीगल फ्रेमवर्क-अपडेटेड कोड) विवरण निम्नलिखित को ई-मेल भेजकर भी प्राप्त किया जा सकता है - nazim@mnkassociates.com; cirp.dhsltextiles@gmail.com |
| 10 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 11-12-2021 |
| 11 | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 21-12-2021 |
| 12 | अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 26-12-2021 |
| 13 | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 05-01-2022 |
| 14 | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि | 26-12-2021 |
| 15 | समाधान योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना हेतु अनुरोध प्राप्त करने की विधि | विवरण निम्नलिखित को ई-मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है -nazim@mnkassociates.com ; cirp.dhsltextiles@gmail.com |
| 16 | समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 25-01-2022 |
| 17 | समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि | ई-मेल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा nazim@mnkassociates.com ; cirp.dhsltextiles@gmail.com |
| 18 | निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि | 24-02-2022 |
| 19 | समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | नाम : मोहम्मद नाजिम खान पंजी. सं. : IBBI/IPA-002/IP-N00076/2017-18/10207 |
| 20 | समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई-मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है | नाम : मोहम्मद नाजिम खान पता : जी-41, ग्राउण्ड फ्लोर, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008 ई-मेल : nazim@mnkassociates.com य cirp.dhsltextiles@gmail.com |
| 21 | पता और ई-मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है | पता : जी-41, ग्राउण्ड फ्लोर, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008 ई-मेल : nazim@mnkassociates.com |
| 22 | अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है | विवरण निम्नलिखित को ई-मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है - nazim@mnkassociates.com |
| 23 | प्रपत्र "जी" के प्रकाशन की तिथि | 26-11-2021 |

हस्ता/-
मोहम्मद नाजिम खान
समाधान प्रोफेशनल
डीएचएसएल टेक्सटाइल्स (इंडिया) लिमिटेड
तिथि : 25-11-2021
स्थान : दिल्ली
आईबीबीआई पंजी. सं. : IBBI/IPA-002/IP-N00076/2017-18/10207

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# मंत्रियों जैसी सुविधाएं आम लोगों को देंगे : केजरीवाल

## बोले मुख्यमंत्री-मंत्रियों को मुफ्त इलाज मिलता है, तो विपक्ष को तकलीफ नहीं होती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने ठान ली है कि जो सुविधाएं सारे मंत्रियों को मिलती हैं, वह इस देश के आम लोगों को दिलवा कर रहेंगे। मंत्रियों को मुफ्त इलाज मिलता है, तब विपक्षी पार्टियों को कोई तकलीफ नहीं होती है, लेकिन हम वकीलों को नि:शुल्क इलाज दे रहे, तो उनको तकलीफ होती है।

आम आदमी पार्टी के विरोधी कहते हैं कि पैसा कहां से आएगा। उनको हमारा जवाब है कि जो सारे मंत्री और अधिकारी मिल कर पैसा लूटा करते थे, उन्होंने उस लूट को बंद कर दिया है। यह पैसा वहां से आ रहा है। सरकार में पैसा बहुत है, लेकिन इन लोगों ने जनता को बेवकूफ बना रखा है कि पैसा नहीं है। केजरीवाल ने यह बात बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी की लीगल सेल की ओर से आयोजित अधिवक्ता सम्मेलन में कही।

अरविंद केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली सरकार की तरफ से वकीलों के लिए शुरू की गई वेलफेयर स्कीम के तहत कोविड-19 महामारी के दौरान जान गंवाने वाले 122 वकीलों के परिवारों को 12.25 करोड़ रुपए दिए गए हैं और 1220 वकीलों ने चिकित्सा बीमा योजना मेडिकल का फायदा उठाया है।

केजरीवाल ने कहा कि वर्ष 2013-14 में कौशाम्बी के एक छोटे से कमरे में आप लीगल टीम की शुरूआत हुई थी। आज इतना बड़ा परिवार बन गया है। इसके लिए सब लोगों को तहे दिल से बधाई। कहावत है कि भगवान जो करता है, अच्छा करता है। भगवान को पहले से पता होता है कि क्या होने वाला है। 18 दिसंबर 2019 को दिल्ली कैबिनेट ने यह स्कीम पास की थी। उस समय देश दुनिया में किसी को



आम आदमी पार्टी की लीगल सेल की ओर से आयोजित अधिवक्ता सम्मेलन को संबोधित करते मुख्यमंत्री केजरीवाल।

भी नहीं पता था कि कोविड-19 महामारी आने वाली है। उपर वाले को पता था कि तीन महीने बाद कोरोना आने वाला है।

मुख्यमंत्री ने विरोधी दलों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वह उनसे पूछना चाहते है कि जितने भी मुख्यमंत्री, मंत्री, कैबिनेट मंत्री, प्रधानमंत्री समेत सभी का इलाज मुफ्त है। लेकिन अगर वकीलों को फ्री ी इलाज दे, तो फ्री बी कहते हैं। उनको फ्र बी मिल रहा है, तब तो उन्हें कोई तकलीफ नहीं होती है। एक-एक मंत्री की चार-चार हजार यूनिट बिजली फ्री होती है। उसको 4 हजार यूनिट बिजली मिल जाए तो वह फ्री बी नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने दिल्ली वालों को 200 यूनिट बिजली मुफ्त कर दी, तो इस पर सवाल खड़े किए जाते हैं।

### पंजाब में अच्छी शिक्षा प्रणाली के लिए आप को वोट दें

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि पंजाब में जिन्हें उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली चाहिए उन्हें वर्ष 2022 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के पक्ष में मतदान करना चाहिए।

केजरीवाल ने यह टिप्पणी पंजाब के शिक्षा मंत्री प्रगट सिंह के ट्वीट के जवाब में की जिन्होंने कहा था कि राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति हो रही है और लोग सरकारी स्कूली प्रणाली से खुश हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ट्वीट किया, पंजाब शिक्षा मंत्री का कहना है कि पंजाब के स्कूल देश में सबसे अच्छे हैं, टीचर बहुत खुश हैं। लोग पंजाब के स्कूलों और मौजूदा शिक्षा व्यवस्था से खुश हैं, वो कांग्रेस को वोट दे दें। जो पंजाब में भी दिल्ली जैसी शानदार शिक्षा व्यवस्था चाहते हैं, वो हमें वोट दे दें।

# कोविड की एक और लहर में सेवाएं प्रदान कर सकेंगे?

## उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से पूछा सवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● मामले में अगली सुनवाई 1 फरवरी को होगी

उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से एक स्थिति रिपोर्ट देने को कहा कि कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए उसकी मौजूदा प्रणाली और बुनियादी ढांचा किस प्रकार काम कर रहा है। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि उसकी चिंता सिर्फ यह है कि अगर कोविड की एक और लहर आ जाए तो क्या अधिकारी कम समय पर सेवाएं प्रदान करने की स्थिति में होंगे। न्यायमूर्ति विपिन सांघी की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह टिप्पणी की।

पीठ राजधानी दिल्ली में महामारी से संबंधित विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने दिल्ली सरकार से दिल्ली फाइट्स कोरोना वेबसाइट को समय-समय पर अपडेट करने, कुछ वेब पेजों को हिंदी में अनुवाद करने समेत अन्य चिंताओं पर प्रतिक्रिया देने को कहा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रणाली ठीक से काम कर रही है। पीठ में न्यायमूर्ति जसमीत सिंह भी हैं

पीठ ने कहा कि उसका मकसद केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों को कोविड बीमारी की तीसरी लहर की आशंका के लिए तैयार रहने की जरूरत के प्रति संवेदनशील बनाना है। अदालत ने दिल्ली सरकार को भावरीन कंधारी की एक याचिका पर नोटिस जारी किया जिसमें डब्ल्यूएचओ के मानदंडों के अनुरूप अस्पतालों में एक लाख से अधिक बिस्तरों की स्थापना तथा चिकित्सा तैयारियों पर विभिन्न दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन का अनुरोध किया गया है। मामले में अगली सुनवाई एक फरवरी को होगी।

# संपत्ति कर में वृद्धि का विरोध करेगी कांग्रेस

## भाजपा शासित निगम बन गया है लूट और भ्रष्टाचार का अड्डा : चौ. अनिल कुमार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने भाजपा शासित नगर निगम द्वारा उत्तरी नगर निगम में प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाए जाने के प्रस्ताव की घोर निन्दा करते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार के कारण दिल्ली की तीनों नगर निगमों की हालत बद से बत्तर होती जा रही ।

चौ. अनिल कुमार ने कहा कि उत्तरी नगर निगम ने जो बजट पेश किया है उससे दिल्लीवासियों की परेशानी बढ़ गई है क्योंकि नगर निगम का बजट 7330 से घटाकर भाजपा की नगर निगम की सरकार ने 5811 करोड़ कर दिया है और उत्तरी नगर निगम का कर्ज भी 7523 से बढ़कर 8803 करोड़ हो गया है।

उन्होंने कहा कि जहां दिल्ली के लोग अभी तक कोरोना की अर्थिक तंगी से ठीक तरह से बाहर निकले ही नहीं है और ऐसे में भाजपा की एम.सी.डी. की सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने जा रही है और प्रॉपर्टी टैक्स में 15 प्रतिशत छूट घटाकर 10 प्रतिशत कर रही है।

उन्होंने कहा कि उत्तरी नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले अस्पताल हिन्दुराव के डाक्टर अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर है क्योंकि डाक्टरों व मेडिकल स्टाफ को पिछले 3 महीने से सैलरी तक नहीं मिली है जिसके चलते मेडिकल सेवाएं भी ठप पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि निगम की सम्पत्तियां बेची जा रही हैं और भाजपा शासित निगम लूट और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है जिसके कारण आज तीनों नगर निगम कंगाली की कगाार पर हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस मांग करती है कि दिल्ली नगर निगम द्वारा दिल्लीवासियों पर इस तरह के अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाए।

### साहूकार की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** रूपये के लेनेदेन में साहूकार की गोली मारकर हत्या कर दी। साहूकार का उस व्यक्ति के साथ कुछ वित्तीय लेन-देन को लेकर विवाद था। मृतक की पहचान अविनाश के रूप में हुई है। इस मामले में आरोपी विक्की को गिरफ्तारी करने की कोशिश कर रही है। यह घटना बुधवार रात दक्षिणी दिल्ली के अंबेडकर नगर इलाके में हुई।

पुलिस के मुताबिक अविनाश, विक्की व कुछ अन्य लोग दक्षिणपुरी इलाके में थे, जब दोनों के बीच पैसों को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद विक्की ने तमंचा निकालकर अविनाश के सिर में गोली मार दी। अविनाश को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी।

# यमुना की सफाई के लिए समिति गठित

## जलबोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे समिति के अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अंतर विभागीय निर्णयों में तेजी लाने और शहर में बुरी तरह से प्रदूषित यमुना नदी की सफाई के उद्देश्य से चलाई जा रही परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए बृहस्पतिवार को यमुना सफाई प्रकोष्ठ (वाईसीसी) के गठन की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकोष्ठ के प्रमुख दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे और इसमें सभी संबंधित विभागों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। केजरीवाल ने ट्वीट किया, तेजी से अंतर विभागीय निर्णय



फाइल फोटो

लेने और उनके क्रियान्वयन के लिए हमने आज यमुना सफाई प्रकोष्ठ (वाईसीसी) बनाया है। इसके प्रमुख दिल्ली जलबोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे और इसमें सभी संबंधित विभागों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इससे यमुना की सफाई की प्रक्रिया में तेजी आएगी।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री ने यमुना नदी की सफाई के लिए छह सूत्री कार्रवाई योजना की घोषणा की थी। उम्मीद जताई गई थी कि यह काम फरवरी 2025 तक पूरा हो जाएगा।

### वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में, न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गुरुवार को सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 390 दर्ज किए जाने के साथ ही वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में रही।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली में बुधवार को 24 घंटे का औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 361 था। वायु गुणवत्ता सूचकांक , फरीदाबाद में 394, गाजियाबाद में 362, गुरुग्राम में 322 और नोएडा में 330 दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# कपड़े की फैक्टरी में आग लगने से एक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● मृतक के शरीर पर नहीं मिला झुलसने का कोई निशान

दिल्ली के शाहदरा के गांधी नगर इलाके में कपड़े की एक फैक्टरी में बृहस्पतिवार को तड़के आग लग गई। मौके से 40 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के संजू के तौर पर हुई है। पुलिस के अनुसार, उसके शव पर आग में झुलसने के कोई निशान नहीं है, हो सकता है कि उसकी मौत दम घुटने के कारण हुई हो। उन्होंने कहा कि शव के पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा।

दमकल विभाग के अनुसार, उन्हें तड़के तीन बजे आग लगने की सूचना मिली और दकमल की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

पुलिस ने बताया कि तंग गलियां होने के कारण दमकल की गाड़ियां फैक्टरी तक नहीं पहुंच पाई। उनके गश्त कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाई गई। आग फैक्टरी की पहली मंजिल पर लगी थी।

# दूरबीन विधि से बंदरों की नसबंदी की योजना वापस

## वन और वन्यजीव विभाग ने तीन साल पहले शुरू की थी योजना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली वन और वन्यजीव विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में बंदरों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए तीन साल पहले शुरू की गई दूरबीन पद्धति से उनकी नसबंदी करने की योजना को वापस ले लिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बंदरों के प्रजनन को रोकने के लिए गर्भनिरोधक टीका देने की योजना भी तबतक ठंडे बस्ते में रहेगी जबतक उसके प्रभाव और दीर्घकालिक असर का पुख्ता सबूत नहीं मिल जाए। अधिकारियों ने बताया कि विभाग, भारतीय



फाइल फोटो

वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) की मदद से बंदरों की गणना करने और देहरादून स्थित संस्थान से बंदर पकड़ने वाले नगर निकाय के कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर रहा है।

अधिकारी ने बताया कि यह फैसला पिछले सप्ताह दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में बंदरों की समस्या से निपटने के तरीकों को खोजने के लिए गठित प्रर्वतन समिति की बैठक में लिया गया जिसमें डब्ल्यूआईआई के विशेषज्ञों ने भी हिस्सा लिया।

उन्होंने बताया, बंदरों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए नसबंदी पर चर्चा नहीं हुई। इस योजना को वापस ले लिया गया है। गर्भनिरोधक टीका लगाने का प्रस्ताव भी फिलहाल विचाराधीन नहीं है। हम नहीं जानते कि इसका इस जानवर की आबादी पर क्या असर हो सकता है। इसके बड़े पैमाने पर प्रभाव या सफलता को लेकर सबूत का अभाव है।

गौरतलब है कि पशु अधिकार कार्यकर्ता दिल्ली में बंदरों की नसंबदी का लगातार विरोध कर रहे थे और हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के आगरा की असफल कोशिश का हवाला दे रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार



दिल्ली पुलिस ने वर्ष 2021 के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन के रूप में पीएस सदर बाजार के चयन के लिए केंद्रीय गृह मंत्री की ट्रॉफी जीतने के अवसर पर एक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। दिल्ली पुलिस के आयुक्त राकेश अस्थाना व उत्तर जिला पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पीएस सदर बाजार हमेशा एक ऐतिहासिक पुलिस स्टेशन बना रहा क्योंकि यह उन पांच पुलिस स्टेशनों में से एक था, जिन्हें 1861 के वर्ष में स्थापित किया गया था। पुलिस स्टेशन 3.5 वर्ग मीटर के एक क्षेत्रीय क्षेत्र को कवर करता है। पुलिस थाने के पूरे क्षेत्र को 10 बीट वाले पांच डिवीजनों में बांटा गया है।

### 'स्वतंत्रता के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है संविधान'

**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने भारतीय संविधान केवल राजनीतिक व्यवस्था कैसे चले यही नहीं बल्कि समाज और सामाजिक संस्कृति, प्रशासनिक व्यवस्थाएं कैसे चले यह भी बताता है। संविधान बताता है कि व्यवस्थाओं को कैसे चलना चाहिए और हर वर्ग का कर्तव्य क्या है और यही बात इसे दूसरों से अलग करता है। संविधान के 72 वर्ष पूरे होने की पूर्व संध्या पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित एक समारोह में लेखी ने कहा कि भारतीय संविधान हमारी आत्मा है और यह हमें स्वतन्त्रता देने के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि कानून सबसे बड़ा है और यहीं लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबी है।

### कोविड-19 के तीस नए मामले सामने आए

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के 30 नए मामले सामने आए और संक्रमण दर 0.05 प्रतिशत रही। इस अवधि में संक्रमण से मौत का नया मामला दर्ज नहीं किया गया है। अब तक संक्रमण के 14,40,784 मामले सामने आ चुके हैं जबकि 14.15 लाख से अधिक मरीज ठीक हुए हैं। शहर में अब तक इस घातक वायरस के कारण 25,095 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, नवंबर के महीने में अब तक कोविड-19 के चार मरीजों की मौत हुई है जबकि अक्टूबर में चार और सितंबर में पांच मरीजों की जान गई थी। पिछले 24 घंटे के दौरान 55,930 नमूनों की जांच की गई।



दिल्ली चुनाव कार्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में लगाया गया विशेष स्टाल।

# व्यापार मेले में मतदाताओं की मदद को लगाया विशेष स्टाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) के दिल्ली मंडप में एक विशेष स्टाल स्थापित किया गया है। यह पहल नई दिल्ली जिला चुनाव कार्यालय ने की है।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ने गुरुवार को बताया कि विशेष सारांश संशोधन के मद्देनज़र मतदाताओं, विशेषकर युवाओं की सहायता के लिए यह शुरू किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, चूंकि इस आयोजन में बड़ी संख्या में युवा शामिल होते हैं, इसलिए यह निर्णय उन मतदाताओं की सहायता के लिए किया गया था जो कट-ऑफ तिथि से पहले 18 वर्ष के हो जाएंगे या जो पहले से ही 18 वर्ष के हो चुके हैं, लेकिन उनका नाम मतदाता सूची में नहीं हैं द्य उन्होंने आगे कहा कि आईआईटीएफ में स्टॉल लगाने का उद्देश्य बड़ी संख्या में महिला मतदाताओं, विशेषकर युवा महिलाओं तक पहुंच बनाना है।

डॉ सिंह ने आगे कहा कि इस स्टाल पर आने वालों को फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर *@ceodelhioffice* के आधिकारिक हैंडल का अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है क्योंकि युवा वर्ग आबादी का सबसे महत्वपूर्ण और गतिशील हिस्सा हैं, और उनका प्रभाव चुनावी जागरूकता में काफ़ी मददगार साबित हो सकता है। विशेष रूप से सोशल मीडिया के व्यापक उपयोग से इस लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

### 106 करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के एंटी-नारकोटिक्स सेल ने 10 किलोग्राम से अधिक अच्छी गुणवत्ता वाली हेरोइन बरामद की है। इसकी कीमत करीब 106 करोड़ रुपये है। इस मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही ताकि इस रैकेट के अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जा सके। इससे पहले आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने ड्रग्स की एक बड़ी खेप बरामद की थी। पुलिस ने 6 किलो हेरोइन जब्त की थी, जिसकी इंटरनेशनल मार्केट में कीमत 18 करोड़ बताई गयी। पुलिस ने आसिम और वरुण को गिरफ्तार किया था जो कि इस धंधे में काफी समय से लिप्त थे।

# विस सत्र में उठाएंगे समस्याएं : नेता प्रतिपक्ष

## प्रदूषण, वैट, शराब नीति और किसानों पर चर्चा से भाग रही है दिल्ली सरकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा के आज होने वाले एक दिन के विशेष अधिवेशन के लिए भाजपा ने भी खास रणनीति तैयार की है। भाजपा विधायकों ने अधिवेशन में जानलेवा प्रदूषण, वैट के कारण महंगा पेट्रोल-डीजल, नई शराब नीति और दिल्ली के किसानों के साथ हो रही ज्यादती के मामले जोर-शोर से उठाने का फैसला किया है।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने इन मुद्दों पर अल्पकालिक चर्चा के लिए विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस भी भेज दिया है।

बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार जनता के ज्वलंत मुद्दों का सामना करने से घबरा रही है लेकिन विपक्ष इन मुद्दों को जोर शोर से उठाने का फैसला ले चुका है। दिल्ली में प्रदूषण के कारण जनता की जान आफत में आई हुई है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं कहा है कि प्रदूषण से बचने के लिए दिल्ली सरकार ने कोई तैयारी नहीं की। इसी तरह केंद्र सरकार द्वारा एक्साइज ड्यूटी में कटौती करके पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी कर दी है लेकिन दिल्ली सरकार अपने वादे के बावजूद दिल्ली में वैट कम नहीं कर रही। इससे जनता की जेब पर भारी बोझ पड़ रहा है।

बिधूड़ी ने नई शराब नीति को दिल्ली के लिए घातक बताते हुए कहा है कि गली-गली में शराब की दुकानें खुल रही हैं और जनता इसके विरोध में सड़कों पर उतर आई है। इस नीति को तुरंत वापस लेने के लिए सरकार पर दबाव डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के किसानों के साथ दिल्ली सरकार की भेदभाव पूर्ण नीति किसी से छिपी नहीं है।

# ओलंपिक पदक विजेता रवि बने खेल विभाग में सहायक निदेशक

## टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाले दिल्ली के छह खिलाड़ी सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

टोक्यो ओलम्पिक में देश के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताओं में पदक लाने वाले दिल्ली के छह खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कुश्ती में देश को गौरवांवित करने रवि दाहिया को दो करोड़ रुपए की सम्मान राशि देने के साथ खेल विभाग में सहायक निदेशक के पद पर तैनात किया है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से देश और दिल्ली के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने का अनुरोध किया। दिल्ली सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ अब खेल को भी अधिक प्राथमिकता देगी।

अरविंद केजरीवाल ने बताया कि राजधानी दिल्ली में बड़े स्तर पर स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया जा रहा है। यह मूलभूत सुविधाएं सिर्फ



दिल्ली के लिए नहीं है, बल्कि पूरे देश के लिए है। यहां देश भर से सभी खिलाड़ी आएं और प्रशिक्षण लें। मान तब बढ़ेगा जब पूरे देश को मेडल मिलेंगे। दिल्ली सरकार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी भी बनाई है, जो बच्चों को खेल में डिग्री देने के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी तैयार करेगी।

केरजीवाल ने रवि दाहिया के अलावा शरद कुमार, सिमरन, सार्थक भाम्बरी, आमोद जैकब और कशिश लाकड़ा को नकद प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। दाहिया को टोक्यो ओलंपिक 2020 में कुश्ती वर्ग में सिल्वर मेडल जीतने पर दो करो? रुपए और खिलाड़ी शरद कुमार को ऊंची कूद में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के लिए एक करोड़ रुपए का चेक सौंपा गया। वहीं, खिलाड़ी सिमरन को 10 लाख रुपए, सार्थक भाम्बरी को 5 लाख रुपए, आमोद जैकब को 5 लाख रुपए और कशिश लाकरा को 10 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि का चेक सौंपा गया।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि 17 साल की उम्र के ऊपर को कोई प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतता है तो उसे और प्रतिभा निखारने के लिए साल में 16 लाख रुपए देते हैं। इसके अलावा खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है।

# एनडीटीएफ प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिला । प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली युनिवर्सिटी और कॉलेजों में हजारों की संख्या में कार्यरत तदर्थ शिक्षकों के रेगुलराइजेशन /समायोजन के मुद्दे को पुरजोर तरीके से रखा। प्रतिनिधि मंडल ने एक विस्तृत ज्ञापन शिक्षा मंत्री को सौंपा ।

शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने रोस्टर का अनुपालन करते हुए कार्यरत तदर्थ शिक्षकों का रेगुलराइजेशन, यूजीसी रेगुलेशन 2018 में शिक्षक नियुक्ति के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु बनी विसंगति समिति की रिपोर्ट,एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर पद पर प्रमोशन के लिए पीएचडी की अनिवार्यता व कॉलेज लेवल पर अन्य शर्तों से छूट, दिल्ली सरकार के वित पोषित बारह कॉलेजों की फंडिंग की समस्या, शारीरिक शिक्षा और पुस्तकालय अध्यक्ष से जुडे मुद्दे, ओएम एस पी इंस्ट्रक्टर व अन्य अकादमिक स्टाफ के लिए प्रमोशन के मुददे शामिल हैं। शिक्षा मंत्री ने नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 26 नवंबर, 2021



## गुरुग्राम में अधिक प्रदूषण वाले स्थानों पर लगाए 71 एयर प्यूरी फायर

# 42 और एयर प्यूरीफायर लगाने की है योजना

### ज्यादा प्रदूषण वाले स्थानों पर किए गए हैं इंस्टॉल

### प्रोजेक्ट एयर केयर के तहत लगाए गए हैं ये प्यूरी फायर

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**बढ़ते** प्रदूषण के स्तर को देखते हुए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा जिला में प्रोजेक्ट एयर केयर के तहत 71 एयर प्यूरी फायर इंस्टॉल किए गए हैं। एयर प्यूरी फायर लगाने के लिए ऐसे स्थानों का चयन किया गया है, जहां पर प्रदूषण का स्तर अपेक्षाकृत अधिक है। लोगों के स्वास्थ्य पर प्रदूषण से पड़ने वाले दुष्प्रभाव को इन एयर प्यूरी फायर के माध्यम से कम किया जा सकेगा।

गुरुग्राम में इस परियोजना के तहत अगस्त-2020 में सीएसआर के तहत जीएसके कंज्यूमर हेल्थकेयर लिमिटेड द्वारा एयर प्यूरी फायर इंस्टॉल करने की योजना शुरू की गई। इस परियोजना की शुरुआत हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 11 नवंबर 2020 में की थी। इस परियोजना को इंडियन पोल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन लागू कर रही है। ऑपरेशन एंड मेंटिनेस का कार्य भी उन्हीं की देखरेख में किया जा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जीएमडीए के एडिशनल सीईओ सुभाष यादव के मुताबिक जिला में योजनाबद्ध तरीके से ऐसे स्थानों जैसे रेड लाइट या ज्यादा ट्रैफिक के दबाव वाले क्षेत्रों का चयन किया गया है, जहां पर प्रदूषण अपेक्षाकृत अधिक है।



गुरुग्राम में वायु प्रदूषण में सुधार करने को लगाया गया एयर प्यूरी फायर।

### 40 से 50 फीसदी तक कम होता है प्रदूषण

**इंडियन** पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन की डिप्टी डायरेक्टर राधा गोयल के मुताबिक एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण का बढ़ता स्तर हम सभी के लिए चिंता का विषय है। इस परियोजना के तहत लगाए गए एयर प्यूरी फायर की विशेष बात यह है कि यह फिल्ट्रेशन सिद्धांत पर काम करता है। लगभग 5 फुट ऊंचाई के इस एयर प्यूरी फायर में एग्जॉस्ट लगा है, जो वातावरण के प्रदूषण फैलाने वाले कणों को अब्जॉर्ब करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन एयर प्यूरी फायर के माध्यम से इसके आसपास के प्रदूषण को 40 से 50 फीसदी तक कम किया जा सकता है। एसोसिएशन द्वारा इन एयर प्यूरी फायर का 3 साल तक ऑपरेशन व मेंटेनेंस किया जाएगा।

### एनसीआर में 40 फीसदी प्रदूषण का कारण वाहनों का धुआं

एक अध्ययन के अनुसार एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण के बढ़ने का 40 फीसदी कारण वाहनों से निकलने वाला धुआं है। जिसे ध्यान में रखते हुए यह परियोजना शुरू की गई है। इस परियोजना के तहत जिला में इफको चौक पर 15, सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन के पास 12, सेक्टर 44 के निकट रेड लाइट एरिया के समीप 6, मेदांता द मेडिसिटी के पास 8, बख्तावर चौक पर 8, मैक्स हॉस्पिटल के पास 7, एआईटी चौक पर 8, सेक्टर-54 मेट्रो स्टेशन के समीप 6 तथा एक एयर प्यूरीफायर जीएमडीए सेक्टर 44 कार्यालय में लगाया गया है। इस परियोजना के तहत जिला में 42 और एयर प्यूरी फायर लगाए जाने की योजना है। आमजन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे वातावरण में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करें। यदि प्रदूषण के स्तर को समय रहते नियंत्रित करने की दिशा में कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में निश्चित तौर पर ही इसके परिणाम भयावह होंगे।

## ड्यूटी से घर लौट रहे व्यक्ति से लूट ली बाइक

**होडल।** हसनपुर-पलवल मार्ग पर गांव खाम्बी के निकट बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा हथियार की नौक पर ड्यूटी से घर लौट रहे एक व्यक्ति से मारपीट कर बाइक लूटकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। हसनपुर थाना पुलिस ने पीडित की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

हसनपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने जानकारी में बताया कि गांव लिखी निवासी सतेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह बघौल स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत है। उसने बताया कि वह देर रात ड्यूटी देकर अपने गांव के लिए लौट रहा था। उसने बताया कि जैसे ही वह गांव खाम्बी के निकट पहुंचा तो एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने उसे किसी गांव का पता पूछने के लिए रोक लिया। उसने बताया कि जैसे ही उसने अपनी बाइक को रोका तो उनमें से एक बदमाश ने मेरी कनपटी पर कट्टा रख दिया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि जब मैने उनका विरोध किया तो उन्होंने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट करने के बाद वह बदमाश मेरी बाइक को लूटकर ले गए। पुलिस ने पीड़ित सतेंद्र की शिकायत पर तीनों बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी

## संक्षिप्त समाचार

### जन समस्याओं का समाधान सात दिन में होगा : जाजौरिया



**सोहना।** बिजली निगम की उपभोक्ता शिकायत मंच के तकनीकी सदस्य राजकुमार जाजौरिया ने कहा बिजली संबंधित समस्याओं का समाधान उपभोक्ता के सहयोग के बिना नहीं होगा। बिल से संबंधित समस्या का 48 घंटे और मीटर संबंधी समस्या का समाधान सात दिन में होगा। गुरुवार को बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय परिसर में जन समस्याओं के निपटान के लिए खुला दरबार लगाया। निगम के स्थानीय एसडीओ राहुल यादव, जेई, फोनमैन सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। खुले दरबार में मात्र 13 लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। जिसमें छह समस्याएं बिजली मीटर से रीडिंग को लेकर बिल का अधिक आना। एक समस्या आटा में स्थित निजी स्कूल की सप्लाई को जगमग गांव योजना और छह अन्य समस्याएं थी। समस्याएं सुनने के बाद राजकुमार जाजौरिया ने पीड़ित उपभोक्ताओं को उनकी समस्याओं का निदान 10 से 15 दिन में होने का आश्वासन दिया है। बिजली निगम कर्मचारियों ने उपकरणों की कमी होने की समस्या भी रखाी गई। जिस पर तकनीकी सदस्य ने उनकी मांग को एससी और एक्सइएन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। राजकुमार जाजौरिया ने बताया कि निजी स्कूल की बिजली सप्लाई कृषि फीडर से जोड़ी हुई है। निजी स्कूल संचालक संस्था ने लाइन को जगमग गांव योजना से जोड़ने के लिए आने वाला खर्चा को जमा करने को कहा है। जिस दिन निजी स्कूल संस्था इस्टीमेट के अनुसार पैसा जमा करा देगी। उसके 24 घंटे के अंदर लाइन को जोड़ दिया जाएगा।

### खेल के प्रति समर्पण ही ऊंचाइयों पर पहुंचा सकता है



**गुरुग्राम।** दूसरे चौधरी रणबीर सिंह महेंद्रा क्रिकेट कप का शुभारंभ गुरुवार को सुल्तानपुर क्रिकेट मैदान पर हुआ। इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रणबीर सिंह महेंद्रा ने भी शिरकत की। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केवल सही दिशा में किया गया कठिन परिश्रम और खेल के प्रति खिलाड़ी का समर्पण ही उसे ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। इस अवसर पर बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने भी खिलाड़ियों को प्रेरणा दी। इस वर्ष की वीनू मांकड ट्रॉफी के विजेताओं को बधाई दी और उन्हें ईनाम वितरित किए। इस अवसर पर मौजूद पूर्व राष्ट्रीय एवं रणजी ट्रॉफी खिलाड़ियों ने रणबीर सिंह महेंद्रा द्वारा दिए गए क्रिकेट के प्रति योगदान को सराहा। पूर्व रणजी खिलाड़ी राजेश बावा ने बताया कि हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन की बदौलत सेंकड़ों परिवारों को रोजगार मिला हुआ है, जिनमें सभी श्रेणी के लोग शामिल हैं। वे ग्राउंड मैन से लेकर कोचिंग स्टाफ तक का काम कर रहे हैं। रणबीर सिंह महेंद्रा द्वारा दिखाए हर रास्ते पर चलते हुए हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन हरियाणा क्रिकेट को शीर्ष पर ले जाने का रास्ता प्रशस्त कर रही है। जिसका प्रमाण है आज भारतीय अंडर-19 की टीम में 5 खिलाड़ी और 2 खिलाड़ी भारतीय सीनियर टीम में शामिल हैं। कई खिलाड़ी आईपीएल खेल रहे हैं।

### अतिक्रमण के खिलाफ चला परिषद का अभियान



**सोहना।** आखिर नगर परिषद ने शहर में हो रहा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान की शुरुआत कर ही दी। परिषद की टीम ने शहर में परिषद कार्यालय से लेकर पुरान लेबर चौक, अग्रसेन सेन मार्ग, अग्रसेन चौक, बाईपास मार्ग, बस स्टैंड मार्ग और अस्पताल मार्ग से अतिक्रमण का सफाया किया। नगर परिषद के कर्मचारियों ने गुरुवार दोपहर बाद से शहर के बाजारों में सड़कों पर रखे सामान को साथ लेकर चले ट्रैक्टर ट्राली में भर लिया। इससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने ग्राहकों की परवाह किए बिना सामान समेटना शुरू कर दिया। जल्दी-जल्दी बाहर रखा सामान दुकान के अंदर फेंकते हुए बचाया। अपनी रेहड़ियों को आबादी क्षेत्र में जाने वाली गलियों में लेकर दौड़ गए। बस स्टैंड मार्ग पर पटरी पर बैठे छोटे दुकानदार भी अपना सामान उठाकर भागते नजर आए। परिषद अधिकारियों ने अतिक्रमण का सफाया करने के साथ-साथ दुकानदारों को फिर से सामान दुकान से बाहर न रखने के लिए समझाया। अब के बाद अतिक्रमण करने पर जुर्माना लगाने की चेतावनी दी। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह खनगाल ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अभियान पर विशेष जोर दिया जाएगा। यदि दुकानदारा बार-बार अतिक्रमण करता पाया जाता है। उसके ऊपर जुर्माना लगाने के साथ उसका सामान जब्त किया जाएगा। सामान को दुकानदारों को दोबारा से वापस नहीं किया जाएगा।

## हसनपुर में दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**होडल।** हसनपुर थाना पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर ससुराल वालों द्वारा दहेज के लिए उत्पीड़न करना व ससुर द्वारा अप्राकृतिक शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर आरोपी ससुर व ससुराल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।


हसनपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि हसनपुर निवासी एक विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसकी शादी गांव घासैडा में हुई थी। उसने बताया कि मेरे परिजनों ने दहेज में अपनी हैसियत के अनुसार पूरा दान-दहेज दिया, लेकिन मेरे ससुराल वाले पहले के लोभी होने के कारण वह मेरे साथ मारपीट करते और अपने घर से और दहेज लाने के लिए उसपर अत्याचार करते। महिला ने पुलिस को आरोप में बताया कि एक दिन उसके ससुराल वाले घर से बाहर गए हुए थे और उसके पर उसके ससुर थे। महिला ने आरोप में बताया कि उसके ससुर ने उसके जबरदस्ती पकड लिया और उसके साथ अप्राकृतिक शोषण किया। महिला ने बताया कि जब ससुराल वाले घर पर लौटे तो उसने आपबीती उन्हें बताई।

## ओबीसी जनगणना को लेकर दिया धरना

**पायनियर समाचार सेवा। हापुड़**

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को देते हुए जाति आधारित जनगणना, किसान विरोधी बने तीन काले कृषि कानून वापस लेने व ईवीएम के साथ लगी पेपर ट्रेल मशीन से निकलने वाली पर्चियों का 100 प्रतिशत मिलान करने या फिर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की।

मोर्चा की जिला संयोजक गीता पैट्रिक ने कहा कि केन्द्र की सरकार द्वारा अभी कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर यह बात निश्चित कर दी गयी कि केन्द्र सरकार ओबीसी की जाति आधारित जनगणना 2022 की जनगणना में भी नहीं कराएगी। जैसा कि आप अवगत है कि आजाद भारत में ओबीसी की जनगणना या फिर जाति आधारित जनगणना एक बार भी नहीं करायी गयी। जिसका दुष्परिणाम यह हुआ कि पिछड़े वर्ग के सही आकड़े ही नहीं आयें, जिससे ओबीसी को विकास की योजनाएँ एवं शासन प्रशासन में उनको पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने की नीतियां समुचित तरीके से नहीं बन पायी और पिछड़ा वर्ग



आजादी के 74 वर्षों में भी अधिकार वंचित रह गया। इसलिए पिछड़े वर्ग की जाति आधारित जनगणना होना अति आवश्यक है।

इसलिए हमारी मांग है कि जाति आधारित जनगणना की जाए। इसी प्रकार से केन्द्र सरकार द्वारा तीन कृषि कानून लाये गये जो कि ये किसानों के विरोध में है तीन कृषि काले कानून वापस लिये जाएं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा 8 अक्टूबर 2013 को यह निर्णय दिया कि केवल ईवीएम मशीन से स्वतन्त्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव नहीं हो सकता इसलिए ईवीएम के साथ में पेपर ट्रेल मशीन लगाया जाये। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के क्रम में विधानसभा एवं लोकसभा के चुनाव में ईवीएम के घोटाले को रोकने के लिए पेपर ट्रेल मशीन लगायी जा रही है। लेकिन जब तक पेपर ट्रेल से निकलने वाली पर्चियों का 100त्न मिलान नहीं कराया जाता तब तक स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराना संभव नहीं है।

## डीएफसीसी का वेस्टर्न कॉरिडोर मार्च 2022 तक होगा तैयार

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन के वेस्टर्न कॉरिडोर के निर्माण कार्य पूरा करने की समय सीमा मार्च 2022 कर दी गई है। पहले कॉरिडोर को दिसंबर, 2021 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया था। लेकिन कोविड और निर्माण कार्य पर लगी रोक के कारण प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं हो सका। अब निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। नोएडा.ग्रेनो एक्सप्रेसवे और एलजी गोल चक्कर के पास ओवरब्रिज पर गार्डर रखने का काम शुरू हो गया है।

गौतमबुद्ध नगर में वेस्टर्न कॉरिडोर का 17 किमी का हिस्सा है। कई वर्षों से निर्माण कार्य चल रहा है। केंद्र सरकार ने दिसंबर, 2021 तक प्रोजेक्ट को पूरा करने का समय दिया था। अधिकारी कोविड और निर्माण कार्य पर रोक को इसका मुख्य कारण बताते हैं। अब कंपनी ने प्रोजेक्ट को पूरा करने की नई डेडलाइन तय की है। अफसरों ने बताया कि प्रोजेक्ट का निर्माण काफी हद तक पूरा हो चुका है। बाकी निर्माण कार्य भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। मार्च 2022 तक प्रोजेक्ट को पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। अफसरों ने बताया कि नोएडा.ग्रेनो एक्सप्रेसवे और एलजी गोल चक्कर के पास ओवर ब्रिज बनाने का काम चल रहा है। जो आखिरी चरण में है। वहां गार्डर रखने का काम शुरू हो गया है। एक्सप्रेसवे पर बन रहा ओवर ब्रिज करीब 250 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ा है। इसमें 11 पिलर हैं। यह जमीन से 11 मीटर ऊंचा है। यहां पर 30 से 40 गार्डर रखे जाएंगे।

वहीं सूरजपुर.कासना मार्ग पर आठ गार्डर रखे जाएंगे। एक्सप्रेसवे और सूरजपुर.कासना रोड के ऊपर गार्डर रखने के समय एक लेन को बंद किया जाएगा। डीएफ सीसी के अफसरों ने बताया कि सड़क के ऊपर गार्डर रखने का काम रात के समय किया जाएगा। ताकि लोगों को कम से कम परेशानी हो। उस समय यातायात भी कम होता है। एक्सप्रेसवे के पास मेट्रो के ऊपर भी रात में काम होगा। वेस्टर्न कॉरिडोर का 130 मीटर रोड पर फ्लाईओवर और अंडरपास बन रहे हैं।

## बिजली निगम की डिस्पेंसरी में लगा आंखों का शिविर

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**दक्षिण** हरियाणा बिजली निगम की डिस्पेंसरी पावर हाउस महरौली रोड गुरुग्राम में गुरुवार को आंखों की संपूर्ण जांच के कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्घाटन सुपरीटेंडेंट इंजीनियर टीएंडएस डीएचवीपीएनएल अनिल यादव, बिजली निगम डिस्पेंसरी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अश्वनी कालरा एवं एक्शन टीएंडएस डीएचवीपीएनएल अनिल मलिक व सेंटर फॉर साइट हॉस्पिटल की टीम के साथ किया गया।

सेंटर फॉर साइट हॉस्पिटल की टीम द्वारा सभी का पौधे देकर स्वागत किया गया। साथ ही सबसे आह्वान किया गया कि अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा की जाए। हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन गुरुग्राम के ऑर्गेनाइजर बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि इस कैंप में डॉक्टर ईशा, जीवन, अजय, जोगेंद्र, रॉकी, मार्केटिंग हेड मो. शाहनवाज सिद्दीकी, दीपक खरवार तथा अरुण शर्मा, शैलेश बंदे



आदि की संयुक्त टीम के साथ-साथ बिजली निगम डिस्पेंसरी के रमेश कुमार, धर्मवीर, राम आदि ने डिस्पेंसरी में आए हुए 56 व्यक्तियों की आधुनिक मशीनों से सुसज्जित वेन में आंखों की जांच की। इसके साथ ही चश्मे के नंबर, मोतियाबिंद, दवाईयां तथा अन्य प्राप्त रिपोर्ट के बारे में सभी को विस्तार से बताया गया। इस कैंप में महेंद्र सिंह छिल्लर, एसी खनेजा, राजन शर्मा, राजकुमार शर्मा, मुकेश भ्याना, बनवारी लाल शर्मा, केदार मुंजाल, सुरेश गुप्ता, राजेंद्र हर्ष, लालचंद, चंद्रावती, रणजीत यादव, धनपति, सुशील, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विदेशी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं : आशु वर्मा

**गाजियाबाद।** पूर्व महापौर एवं भाजपा नेता आशु वर्मा ने किसान संगठन द्वारा देश के मसले पर विदेशी हस्तक्षेप पर ऐतराज जताया है। उन्होंने इसको भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को पत्र लिखा है। जिसमे उन्होंने कहा है कि कहा हमें ये हस्तक्षेप कतई स्वीकार नहीं।

उन्होंने राकेश टिकैत को पत्र के हवाले से बताया जिन तीन कृषि कानून को लेकर आपके नैतृत्व में किसान एक वर्ष से आंदोलनरत थे उन्हे प्रधानमंत्री ने बड़ा दिल दिखाते हुए वापस ले लिया है। राकेश टिकैत को संबोधित पत्र गाजीपुर किसान यूनियन के कैम्प में ओम पाल , रमेश मालिक आदि को सौंपा गया।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में 369 बच्चे चिन्हित

**पायनियर समाचार सेवा। हापुड़**

अक्टूबर-नवंबर माह के दौरान जनपद में चलाए गए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान एक ओर स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचारी रोगों के प्रति आम जन का संवेदीकरण किया गया।

वहीं एकीकृत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग (आईसीडीएस) की ओर से छह वर्ष तक के अति कुपोषित (सैम) बच्चों का चिन्हांकन किया गया और काउंसलिंग के साथ ही अति गंभीर श्रेणी के सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) के लिए रेफर किया गया ताकि उन्हें जरूरी मेडिकल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश तिवारी ने बताया अभियान के दौरान कुल 369 सैम बच्चे चिन्हित किए गए। इनमें से भी अति गंभीर श्रेणी के 15 बच्चे चिन्हित कर एनआरसी के लिए रेफर किए गए।

इसके अलावा 81 सैम बच्चों के घर जिला स्तरीय अधिकारियों ने भ्रमण किया और उन्हें कुपोषण के चक्र से बाहर निकलने के लिए माता-पिता की काउंसलिंग की। उन्हें पोषण के लिए जरूरी अवयवों की जानकारी दी गई और उनके स्त्रोतों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

## किसानों की गिरफ्तारी पर सपा ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन के साथ सौंपा ज्ञापन

- मांगें पूरी नहीं होने पर किसानों का 85वें दिन से धरना जारी

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा प्राधिकरण पर शांतिपूर्ण धरना दे रहे किसानों को गुरुवार देर रात नोएडा पुलिस गिरफ्तार करके गाजियाबाद पुलिस लाइन ले गई। कई किसान नेता को घर में नजरबंद कर दिया है। इसका सपा ने विरोध किया है। सभी सपा कार्यकर्ता नेतागण समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट के कार्यालय पर पहुंच गए धरना प्रदर्शन किया व सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा।

सपा नेता सुनील चौधरी ने बताया कि मांगें पूरी नहीं होने पर



किसानों का 85 वें दिन से धरना जारी है। नोएडा क्षेत्र में भूमि अर्जन के पश्चात ग्रामीणों की पुरानी आबादी जिस पर वह अपने पूर्वजों के समय से निवास करते चले आ रहे हैं।

नोएडा प्राधिकरण द्वारा समय समय पर आकर ग्रामीणों की आबादी को क्षतिग्रस्त किया जाता है तथा नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी उनसे भ्रष्ट खनन की मांग करते हैं। जिससे छिन्न होकर अपनी मांगों को लेकर 81 गांवों के किसान व निवासी धरना दे रहे है। जेवर एयरपोर्ट के शिलान्यास के अवसर पर किसान प्रधानमंत्री से मिलना चाहते थे लेकिन किसानों को असंवैधानिक तरीके से गिरफ्तार करके नजरबंद कर दिया गया। वहीं कई को गिरफ्तार करके पुलिस लाइन ले जाया गया। प्रदेश सरकार के दबाव में आकर पुलिस मनमानी कर रही है। वहीं सपा महानगर महासचिव शंभू प्रसाद पोखरियाल ने कहा की। विपक्ष के साथ किसानों की आवाज को दबाया जा रहा है। सपा इसे कभी बर्दास्त नहीं करेगी।

भाजपा की सरकार से सभी तंग आ चुके हैं। वर्तमान सरकार रोजगार, किसान, महिला सुरक्षा में पूरी तरीके से विफल साबित हुई है। रोजगार न होने के कारण युवा आत्महत्या कर रहा है। वहीं किसान कृषि विरोधी बिलों के कारण सड़कों पर है। वहीं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सत्ते प्रधान ने कहा कि महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ा है।

## मेल्वानो मेंटरिंग ने 4 उम्मीदवारों को जेईई में स्टेट टॉपर बनने में मदद की

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

इस साल के जेईई एडवांस में, आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र-तरण सिंह द्वारा स्थापित जेईई और एनईईटी के लिए एक परीक्षा तैयारी मंच, मेल्वानो ने घोषणा की कि 4 उम्मीदवारों ने शीर्ष 1000 में जगह बनाई, दीपक नंदा ने 848 के एआईआर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। लगभग 50 मेलवानो यूजर्स ने भी जेईई एडवांस परीक्षा पास की और 15 से ज्यादा मेल्वानो छात्रों ने इस साल जेईई मेन में 99 से ज्यादा पर्सेंटाइल हासिल किए।

मेल्वानो के सीईओ तरण सिंह ने कहा, मेल्वानो एजुकेटर्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-संचालित फाउंडेशन कोर्स और क्रैश कोर्स द्वारा विशेषज्ञ सलाह कार्यक्रम ने जेईई मेन और एडवांस में मेल्वानो के छात्रों के लिए सफलता हासिल की है। दीपक नंदा और दिव्यांश जैन, जिन्हें मेल्वानो 1 - वर्ष आइंस्टीन-बैच में नामांकित किया गया



था, 1000 के तहत अखिल भारतीय रैंक के साथ अपने संबंधित शहर के टॉपर के रूप में उभरे। पिछले साल, सार्थक दीवान, जिन्हें हमारे द्वारा सलाह दी गई थी, स्टेट टॉपर के रूप में उभरे। इस वर्ष से हम छात्रों के लिए नि:शुल्क मेंटरशिप भी आयोजित कर रहे हैं।

मेल्वानो ऐप पर साइन अप करके छात्र फ्री 1-ऑन-1 मेंटरिंग का लाभ उठा सकते हैं। दो साल पहले आईआईटी मद्रास के दो स्नातकों, तरण सिंह और सचिन सनोदिया द्वारा स्थापित मेल्वानो, सबसे तेजी से बढ़ते एडटेक स्टार्ट-अप में से एक है। तरण सिंह को नवाचार के लिए आईआईटी मद्रास द्वारा चिन्मय देवधर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अनुकूली इंटरफेस के साथ, एआई-पावर्ड लर्निंग ऐप छात्रों को मेंटर सहायता के साथ फाउंडेशन और क्रैश कोर्स प्रदान करता है।

## लूट की झूठी कहानी रचने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

- 17 लाख रुपये, मोबाइल व बाइक बरामद

**पायनियर समाचार सेवा। हापुड़**

गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने लूट की झूठी कहानी रचने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में कंपनी के कर्मचारी और उसके पिता द्वारा रची गई फर्जी लूट की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने कंपनी के कर्मचारी और उसके पिता से 17 लाख 85 हजार की नकदी और एक मोटरसाइकिल व दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

एसपी दीपक भूकर ने बताया कि एसएमएसएन कॉन्टिनेंटल कंपनी के कर्मचारी ने 23 लाख 16 हजार की नगदी मुरादाबाद से मेरठ कंपनी में ले जाते हुए धोखाधड़ी करके हड़प लेने के संबंध में तहरीर दी थी,



पुलिस ने इस घटना का सफल अनावरण करते हुए कंपनी के कर्मचारियों और उसके पिता को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उनके ऊपर काफी कर्ज था, जिसको लेकर परेशान थे, कंपनी के कर्मचारी विक्रांत ने अपने पिता राजकुमार के साथ मिलकर लूट की झूठी कहानी रची थी। और विक्रांत ने कंपनी के सारे रुपए स्याना चौपला पर अपने पिता को दे दिए थे। फिलहाल पुलिस ने दोनों पिता-पुत्र अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 26 नवंबर, 2021



# प्रमुख समस्या के रूप में उभर रहा है ओरल कैंसर

**कविता।** फरीदाबाद


ओरल हेल्थ अवेयरनेस एंड प्रीवेंस प्रोग्राम की ट्रेनिंग लेते चिकित्सक।

**आज** ओरल कैंसर भारत में एक बड़ी समस्या है। चिकित्सकों का कहना है कि जब शरीर के ओरल कैविटी के किसी भी भाग में कैंसर होता है तो इसे ओरल कैंसर कहा जाता है। ओरल कैविटी में होंठ, गाल, लार ग्रंथिया, कोमल व हार्ड तालू, यूवुला, मसूडों, टॉन्सिल, जीभ और जीभ के अंदर का हिस्सा आते हैं। इस कैंसर के होने का कारण ओरल कैविटी के भागों में कोशिकाओं की अनियमित वृद्धि होती है।

ओरल कैंसर होने का जोखिम उम्र के साथ बढ़ता है।' ओरल कैंसर हमारे देश की एक प्रमुख समस्या के रूप में बीमारी उभरी है। सबसे ज्यादा पुरुषों में पाया जाता है। इसका मुख्य कारण पान मसाला, तंबाकू, बीड़ी-सिगरेट का प्रयोग करना है। एल्कोहल भी इसका कारण है। आज लोग मुंह के कैंसर की चपेट में अधिक आ रहे हैं। जिससे जिलेवासियों को बचाने के लिए ओरल हेल्थ अवेयरनेस एंड प्रीवेंस प्रोग्राम चलाया जा रहा है। जिसमें डॉक्टरों को बुधवार को बीके अस्पताल में मौजूद सीएमओ दफ्तर के ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग दी गई। जिसमें जिलभर के डेंटल डॉक्टर मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश श्योकंद, डॉ. रमेश, डॉ. गजराज, डॉ. हरजिन्द्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

डेंटल सर्जन डॉ. वंदना अरोड़ा ने बताया कि जीवनशैली में बदलाव के कारण आज ज्यादातर लोगों की दिनचर्या बिगड़ गई है। ज्यादातर युवा या कामकाजी लोग रात में देर से खाना खाते हैं और कई बार रात के समय दांतों को ब्रश भी नहीं कर पाते हैं। खाना खाने के बाद पानी से कुल्ला भी नहीं करते हैं। इस कारण दांतों में खाना चिपका रह जाता है। दांत साफ नहीं हो पाते हैं। उस समय बैक्टीरिया ज्यादा तेजी से काम करते हैं। लम्बे समय तक ध्यान न देने पर दांतों में कीड़े लग जाते हैं और दांतों पर एक परत जम जाती है। दांतों में पस हो जाती है जिससे दांतों को निकालने की नौबत आ जाती है। दांतों की साफ-सफाई का ध्यान न देने पर 50 वर्ष की उम्र के लोगों में पायरिया, दांतों में छीद होना, दांतों में गैप आना, मुंह से बदबू आने जैसे समस्याएं आती हैं।

## फील्ड वर्करों को ट्रेनिंग

**डॉ.** वंदना ने बताया कि नेशनल ओरल हेल्थ अवेयरनेस एंड प्रीवेंस प्रोग्राम की ट्रेनिंग पूरे जिले के डेंटल सर्जनों को दी गई। वह सभी फील्ड में हेल्थ वर्करों को इसकी ट्रेनिंग देंगे। ताकि जिले वासियों को मुंह के द्वारा होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जा सके, जिससे वह समय पर इलाज करवा सके। इस दौरान सभी को बताया गया कि लोगों को किस तरह से स्वयं जांच के बारे में जागरूक करना है। ताकि वह मुंह में फैलने वाली बीमारियों से बचाव कर सके। इस दौरान उन्हें बच्चों के मुंह में होने वाले कीड़ों से बचाव के बारे में भी जागरूक किया।

# मांगों को लेकर आशा वर्कर्स यूनियन की बैठक

**फरीदाबाद।** आशा वर्कर्स यूनियन की पीएचसी सीएचसी स्तर के पदाधिकारियों की मीटिंग आशा वर्कर यूनियन दफ्तर में फरीदाबाद में दोपहर 12 बजे बुलाई गई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान हेमलता ने की और संचालन जिला सचिव सुधा ने किया मीटिंग में जिला उपप्रधान अनीता, सुशीला, नीलम, शाहीन परवीन ने मीटिंग में आशा वर्कर के मुद्दों पर चर्चा करते हुए जिला सचिव सुधा ने बताया कि 11 नवंबर को धरना प्रदर्शन करके आशा वर्कर्स ने सामूहिक रुप से करोना संबंधित कार्यों का मजबूरी वश बहिष्कार किया। आशा वर्कर सरकार से मांग करती है कि आशा वर्कर के मानदेय को बढ़ाया जाए। 26 नवंबर को बॉर्डर और जिला मुख्यालय पर होने वाले प्रदर्शनों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करें।

# मुस्ताक हत्याकांड में शार्प शूटर समेत मुख्यारोपी गिरफ्तार

## डीएलएफ क्राइम ब्रांच ने सात आरोपियों को काबू कर जेल भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवकों के साथ डीएलएफ क्राइम बांच पुलिस के जवान। आरोपियों से बरामद वाहन।

**क्राइम** ब्रांच डीएलएफ प्रभारी अनिल कुमार की टीम ने मुस्ताक हत्याकांड के मुख्य आरोपी विनोद और शूटर अन्ना सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

गिरफ्तार आरोपियों में आरोपी शूटर अरुण उर्फ अन्ना, अजीत कालिया, संदीप, विनोद, श्याम उर्फ मोना पंडित, राजेश उर्फ शिवम उर्फ बारा तथा चंदन का नाम शामिल है। वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी शूटर अरुण गाजियाबाद का रहने वाला है। अन्य आरोपी फरीदाबाद के ही निवासी हैं। डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान ने प्रेसवार्ता में बताया कि आरोपी अजीत कालिया, संदीप, श्याम, राजेश और चंदन को पहले ही जेल भेजा जा चुका था वहीं आरोपी विनोद को आज जेल भेजा गया तथा शूटर अरुण को कल अदालत में पेश करके जेल भेजा जायेगा। आरोपियों के खिलाफ 10 नवंबर को हत्या मारपीट एवं आर्म्स एक्ट की धाराओं के अंतर्गत थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था।

गत 10 नवंबर को आरोपी शूटर अरुण उर्फ अन्ना ने अपने एक साथी के साथ मिलकर मुस्ताक नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में अन्य कई आरोपियों का भी घटनास्थल पर मौजूद होना पाया गया था। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए, राजस्थान के जोधपुर, जयपुर, उत्तर प्रदेश के बागपत और अन्य स्थानों पर पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए नए नए ठिकाने तलाशने लगे। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ को मामले की जांच की जिम्मेदारी सौंपी। जिसके तहत डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान और एसीपी क्राइम सुरेंद्र स्योराण के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी अनिल कुमार की टीम ने सबसे पहले आरोपी अजीत कालिया और संदीप को 11 नवंबर को ही गिरफ्तार किया था। आरोपियों को अदालत में पेश करके पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया, जिसमें आरोपियों ने वारदात में शामिल होने की बात कबूली।

डीसीपी ने बताया कि क्राइम ब्रांच द्वारा हुई पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उनकी मुस्ताक के साथ पुरानी रंजिश थी। पूर्व में वर्ष 2019 में आरोपी विनोद और योगेश की मुस्ताक के साथ हाथापाई हुई थी। जिसमें मुस्ताक ने ओयो होटल में विनोद के हाथ-पैर तुड़वा दिए थे। वह मुस्ताक से बदलना लेने की फिराक में था। 10 नवंबर को जब मुस्ताक अपने घर के पास रेहडी पर बिरयानी खा रहा था तो मुस्ताक को विनोद ने अपने साथ लाये हुये शूटर अरुण उर्फ अन्ना के साथ मिलकर कई गोलियां मारकर मुस्ताक की हत्या कर दी। हत्याकाण्ड के दौरान एक अन्य व्यकित को भी गोली लगी। करीब 15 दिन पहले आरोपी विनोद ने अपने साथियों के साथ मिलकर सेक्टर 55 से एक स्कॉर्पियो गाड़ी भी छीनी थी, स्कॉर्पियो को जयपुर में अजमेर रोड से बरामद किया गया। इस मामले में अभी आरोपी योगेश और राजेश की गिरफ्तारी बकाया है। जिन्हें पुलिस द्वारा जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# 600 गरीब परिवारों को दिया जाएगा रोजगार : उपायुक्त

## गरीब परिवारों को आर्थिक उत्थान के लिए स्वयं रोजगार या रोजगार मिलेगा


उपायुक्त जितेंद्र यादव।

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला में मुख्यमंत्री अंतोदय परिवार उत्थान योजना के तहत जिन परिवारों की वार्षिक आय न्यूनतम आय 180000 रुपये की वार्षिक धनराशि से कम है। जिला मे ऐसे 600 परिवारों को विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत स्वरोजगार दिलवाले सहित रोजगार का प्रबंध करना सुनिश्चित किया जाएगा।

जिला में मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार योजना को सफल बनाने के लिए अन्तोदय ग्राम उत्थान मेलों का आयोजन करके ऐसा कोई भी गरीब परिवार नहीं छोड़ा जाएगा जिसको या तो रोजगार मिले और या उस परिवार का स्वयंरोजगार सुनिश्चित हो। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि 29 नवम्बर और आठ दिसम्बर को जिला के जोन नम्बर एक के 124 गरीब परिवारों के लिए लघु सचिवालय बड़खल में एसडीएम कम् जोन नम्बर एक नोडल अधिकारी पंकज सेतिया की देखरेख में और उनकी ही अध्यक्षता में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अन्तोदय ग्राम उत्थान मेले का आयोजन करके गरीब परिवारों के सदस्यों को रोजगार या स्वयं रोजगार स्थापित करवाया जाएगा। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि 30 नवम्बर को जिला के जोन नम्बर तीन के 29 गरीब परिवारों के लिए लघु सचिवालय के बैठक कक्ष 603 में एसडीएम कम् जोन नम्बर तीन नोडल अधिकारी परमजीत चहल की देखरेख में और उनकी ही अध्यक्षता में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अन्तोदय ग्राम उत्थान मेले का आयोजन करके 29 गरीब परिवारों के सदस्यों को, एक दिसम्बर को तिगांव ब्लाक के 47 गरीब परिवारों के लिए बीडीपीओ कार्यालय तिगांव में बीडीपीओ कम् तिगांव ब्लाक के नोडल अधिकारी की देखरेख में और उनकी ही अध्यक्षता में गरीब परिवारों के सदस्यों को रोजगार या स्वयं रोजगार स्थापित करवाया जाएगा।

# कोरोना : पांच नए मामले आए सामने, एक्टिव 16

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


स्वास्थ्य कर्मी अब्दुल से कोविड जांच कराता युवक।

**जिले** में गत बुधवार को हुई मौत की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कर दी गई। जिससे जिले में कोविड-19 के मृतकों की संख्या का आंकड़ा 717 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में 5 नए मामले सामने आने से एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 16 पर पहुंच गया है। जोकि सभी होम आईसोलेशन में बताए जा रहे है।

जानकारी के मुताबिक संत नगर निवासी 52 वर्षीय मदन लाल की मौत एशियन अस्पताल में हो गई थी। जिसका अंतिम संस्कार बुधवार को कोविड-19 की गाइडलाईन के अनुसार किया गया था। लेकिन बीती रात उसकी मौत की पुष्टि विभाग द्वारा नहीं की गई थी। लेकिन बृहस्पतिवार को इसकी पुष्टि कर दी गई। जिसके कारण मृतकों की संख्या का आंकड़ा 717 पर पहुंच गया। वहीं जिले में 5 पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि की गई है। जिसमें संत नंगर, सेक्टर-21, सेक्टर-77 से 1-1 मरीज और सेक्टर-28 से दो मरीजों की पुष्टि की गई है। जिसमें संत नगर निवासी मृतक की पुष्टि भी की गई है। वहीं जिले में कुल 1459 मरीजों की जांच की गई। जिसमें फिलहाल 1477 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।

### ये है आंकड़ा

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 1223100 |
| अब तक नेगेटिव | : 1121689 |
| अब तक पॉजिटिव | : 99934 |
| अब तक ठीक | : 99201 |
| अब तक मौत | : 717 |

# दो चोरों से सामान और नकदी बरामद

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-85 की पुलिस टीम ने चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए केवल 48 घंटे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी के सभी सामान भी बरामद किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि दो दिन पहले तरूण पब्लिक स्कूल के नजदीक रात्रि के समय चोरों ने एक मकान में घुसकर किरायेदार के कमरे से मोबाईल, जेवर और कुछ रुपये चोरी कर लिये थे। सुबह होने पर जब किरायेदार को पता चला तो उन्होंने पल्ला थाना में घटना की जानकारी दी और अज्ञात चोरों के विरूद्ध लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई करने का आग्रह किया। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने घटना का उद्भेदन करने के लिए अलग-अलग स्रोतों से जानकारी एकत्र की और बड़ी मुस्तैदी से घेराबंदी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों का नाम उसमान और नीरज है और दोनों आरोपी पल्ला, फरीदाबाद के ही रहनेवाले हैं।

# संविधान दिवस पर कन्या विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


संविधान दिवस के बारे में एनएच तीन के सरकारी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग।

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत शिक्षा विभाग एवं डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के आदेशानुसार एन एच तीन फरीदाबाद के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस द्वारा संविधान दिवस पर पेंटिंग बनाओ कार्यक्रम आयोजित किया।

प्राचार्य मनचन्दा ने कहा कि संविधान के निर्माता डॉ. आंबेडकर की जयंती के रूप में 26 नवंबर को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा इस दिवस को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। उन्होंने कहा कि संविधान की मूल प्रति सोलह इंच चौड़ी, बाइस इंच लंबे चर्मपत्र की शीटों पर लिखी हुई है इस पांडुलिपि में दो सौ इक्यावन पृष्ठ शामिल थे संविधान तैयार करने में दो वर्ष ग्यारह माह अठारह दिन लगे। संविधान 26 नवंबर 1949 को पूर्ण हुआ और 26 जनवरी 1950 को भारत गणराज्य का संविधान लागू हुआ।

प्राचार्य मनचन्दा ने कहा कि मूल रूप से भारतीय संविधान में कुल बाइस भागों में विभिन्न अनुच्छेद और अनुसूचियां थी विभिन्न संशोधनों के परिणामस्वरूप वर्तमान में इसमें पच्चीस भागों में अनुच्छेद और अनुसूचियां सम्मिलित हैं। आज कोआर्डिनेटर गणित प्राध्यापिका डॉक्टर जसनीत कौर, इतिहास प्राध्यापिका सोनिया वमल और राजनीति शास्त्र प्रवक्ता प्रियंका रानी ने पेंटिंग प्रतियोगिता का संचालन किया जिसमे छात्रा सृष्टि मेघवाल, तबिंदा, निशा और प्रिया को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ घोषित किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने सभी अध्यापकों और छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कल संविधान दिवस पर क्विज प्रतियोगिता और प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।

# आमजन की भागीदारी से शहर बनेगा स्वच्छ

## मॉर्निंग हेल्थ क्लब ने टाऊन पार्क-खेल परिसर की डिवार्डिंग रोड पर चलाया स्वच्छता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


सेक्टर 12 खेल परिसर में सफाई अभियान के तहत पेड़-पौधों की छटाई और सफाई करते जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव और समाज सेवी।

**कचरा** मुक्त फरीदाबाद, हमारा कूड़ा-हमारी जिम्मेदारी, स्वच्छ शहर फरीदाबाद। इस संदेश को शहर की आम जनता तक पहुंचाने के मकसद से आज एक बार जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव अपने अधिकारियों और मार्निंग हेल्थ क्लब फरीदाबाद की टीम के साथ सड़कों पर उतरे तथा अपने हाथों में तसला-फावड़ा लेकर सफाई अभियान चलाया।

इस कड़ी में गुरुवार को सेक्टर-12 टाऊन पार्क के सामने खेल परिसर की डिवाडिंग रोड पर बनी पार्किंग और ग्रीन बेल्ट पर से कूड़ा-कचरा हटाकर झाड़ियों की कटाई-छटाई की गई। खास बात यह रही कि जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव और मार्निंग हेल्थ क्लब के इस अभियान की खबर जैसे ही स्टेडियम में खेल रहे खिलाड़ियों को मिली तो वे भी बड़ी तादाद में वहां आकर उनके साथ इस सफाई अभियान में जुट गए। इस अवसर पर एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, नगर निगम बल्लभगढ़ जोन के संयुक्त आयुक्त अनिल यादव, एसीपी विनोद कुमार, नायब तहसीलदार जसवंत सिंह सहित मार्निंग हेल्थ क्लब से अनिल छाबड़ा, राजेन्द्र मेंदीरत्ता, अजय नरवत, नवीन गुप्ता, जितेन्द्र चौधरी, भाजपा नेता विजय शर्मा, लखन बेनीवाल, सुरेन्द्र डूडी, कर्नल सुरेश तंवर, कमल चौधरी, कविता शर्मा, संजय शर्मा, जतिन चौहान, अमित चौधरी, पार्षद दीपक यादव, महेन्द्र दलाल, अशोक शर्मा, राजू श्योराण, करण, श्याम चौधरी, दिग्विजय सिंह, रमेश शर्मा, रवि रावत, दीपक मेंदीरत्ता, हरीश बाटला आदि मेंबर्स और नगर निगम के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने इस अवसर पर लोगों को अपना संदेश देते हुए कहा कि अपने शहर को साफ-सुथरा रखना हम सबकी अपनी जिम्मेदारी है, जिसमें सभी आमजन को अपनी भागेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मॉर्निंग हेल्थ क्लब के मेंबर्स इस जिम्मेदारी को जिस तरह निभा रहे हैं, उसी तरह आमजन को भी चाहिए कि वो सप्ताह में कम से कम एक दिन सफाई जरूर करें। साथ ही उन्होंने स्वच्छता अभियान को लेकर निगमायुक्त यशपाल यादव की मुहिम को एक सार्थक कदम बताते हुए कहा कि जिस तरह से पूरे फरीदाबाद शहर में स्वच्छता अभियान को रात-दिन निगम कर्मचारियों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है, उसके लिए हर व्यक्ति को उनको एक थैंक्स जरूर कहना चाहिए ताकि उनका भी हौसलाबर्धन हो। उन्होंने कहा कि खेल परिसर के जिन बच्चों ने आज हमारे साथ इस सफाई अभियान में हाथ बंटाया वे भी प्रशंसा के पात्र हैं और देश का सुनहरा भविष्य हैं।

# रजिस्ट्रेशन के लिए ई-श्रम पोर्टल पर कैंप आयोजित

**फरीदाबाद।** असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत सभी मजदूरों के लिए ई श्रम पोर्टल के माध्यम से श्रम कार्ड ऑनलाइन बनाए जा रहे हैं।

जिला फरीदाबाद में दिनेश कुमार, उप-श्रम आयुक्त व सहायक श्रम आयुक्त सर्कल - 1, 2, 3, 4 व 5 फरीदाबाद व पलवल के अधीनस्थ श्रम निरीक्षकों व कर्मचारियों व बलजीत सिंह, उपनिदेशक( औद्योगिक स्वास्थ) फरीदाबाद व सहायक निदेशक सर्कल - 1, 2 व 3 फरीदाबाद के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मजदूरों को पंजीकरण व ई-श्रम कार्ड जारी करने के लिये कैम्प ऑर्गनाइज किए गए हैं। सुरेंद्र कुमार अतिरिक्त ने सभी कैंपों में विजिट के दौरान कैंपों में उपस्थित श्रमिकों को प्रोत्साहित करते हुए कामगारों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधा व सारी हिदायतों बारे कामगारों को विस्तार में समझाया तथा सभी कामगारों को प्रदेश सरकार व भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना, सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने कामगारों को अधिक से अधिक अपने परिवारों व काम करने वाले कामगारों को रजिस्टर्ड करने बारे जागरूक किया। असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत सभी मजदूरों की यूनिक आईडी कार्ड बनाने के लिए सुरेंद्र सिंह अतिरिक्त श्रम आयुक्त एनसीआर गुड़गांव ने विजिट करते हुए दिनेश कुमार उप श्रम आयुक्त फरीदाबाद की अध्यक्षता में कार्यरत सभी सहायक श्रम आयुक्त व उप निदेशक व सहायक निदेशक तथा श्रमिकों व कर्मचारियों के कल्याण अधिकारी महिला फरीदाबाद व श्रम कल्याण अधिकारी फरीदाबाद के कर्मचारियों व अन्य अधिकारियों द्वारा लगाए गए कैम्पों का विजिट करते हुए कैम्पों में कामगारों को नेशनल हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक किया।

# संक्षिप्त समाचार

## युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत


सराय टोल प्लाजा पर हरियाणा युवक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत करते युवा कांग्रेसी।

**फरीदाबाद।** हरियाणा युवक कांग्रेस के नवचयनित प्रदेश उपाध्यक्ष मयंक चौधरी का फरीदाबाद पहुंचने पर सराय टोल प्लाजा पर उनके समर्थकों ने फूल मालाओं और पुष्प वर्षा से स्वागत किया। मयंक चौधरी ने जैसे ही अपने काफिले के साथ फरीदाबाद की सीमा में प्रवेश किया युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी जिन्दाबाद, राहुल गांधी जिन्दाबाद, प्रियंका गांधी जिन्दाबाद, मयंक चौधरी जिन्दाबाद के नारे लगाकर पूरे वातावरण को कांग्रेसमय बना लिया। मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मयंक चौधरी ने कहा कि में कांग्रेस हाईकमान का शुक्रिया अदा करता हुं जो उन्होनें मुझे इतनी अहम जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में कांग्रेस के साथ जोड़ना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा और वे कांग्रेस को मजबूत बनाने में एड़ी-चोटी का जोर लगा देगें। मयंक चौधरी ने कहा कि वे संगठन को नई ऊचाईयां प्रदान करेगें और अपने वरिष्ठ नेताओं से सलाह मशवरा करके निर्णय लेंगे। मयंक चौधरी ने कहा कि एक छोटे से कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देकर पार्टी ने आम कार्यकताओं के मनोबल को भी बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि में कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, महासचिव राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और युवक कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अलावारु, युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास, राष्ट्रीय मीडिया इंचार्ज राहुल राव का दिल से धन्यवाद करता हूं। मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से पूरा करेंगे।

## आइपीएल खिलाड़ी राहुल तेवतिया की रिद्धि संग हुई सगाई


आईपीएल खिलाडी राहुल तेवतिया की सगाई में शिरकत करते कांग्रेस के सांसद दीपेंन्द्र हुड्डा, केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व अन्य।

**फरीदाबाद।** क्रिकेटर व आइपीएल खिलाड़ी राहुल तेवतिया की बुधवार को बड़खल-सूरजकुंड स्थित हैरिटेज बैंक्वेट में बहादुरगढ़ की रिद्धि संग सगाई हुई। रिद्धि बहादुरगढ़ निवासी सुधीर पन्नू की बेटी हैं। वधू पक्ष के साथ राज्य सभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा आए हुए थे। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक नीरज शर्मा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, कांग्रेसी नेता विजय प्रताप, लखन सिंगला, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, एडवोकेट अश्वनी त्रिखा, टिपरचंद, जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव, अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान, जिला परिषद के चेयरमैन विनोद चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। राहुल की 28 नवंबर को रजोकरी दिल्ली के दी उमराव होटल में शादी है। राहुल के पिता केपी तेवतिया अधिवक्ता हैं।

## कल से शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**फरीदाबाद।** 20वीं स्वर्गीय चौधरी रणजीत सिंह शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार को होगा। यह आयोजन सेक्टर-12 एसआरएस मॉल में होना तय हुआ है। टूर्नामेंट में केवल आमंत्रित टीम ही भाग लेंगी। टूर्नामेंट में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, नोएडा, दिल्ली एम्स, फरीदाबाद और होडल की टीम को पहली बार इस टूर्नामेंट में शामिल किया गया है। विजेता टीम को 21 हजार रुपये, उपविजेता टीम को 15 हजार और, तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 7100 रुपये का इनाम दिया जाएगा। जबकि चौथे स्थान पर आने वाली टीम को 5100 रुपये से पुरस्कृत किया जाएगा। हुड्डा शूटिंग बाल क्लब की तरफ से प्रत्येक टीम को किट, किराया एवं भोजन की व्यवस्था करवाई जाएगी। अजय सांगवान ने बताया कि टूर्नामेंट का शुभारंभ डीटीपी रेणुका सिंह और डीटीपी इंफोर्समेंट राजेंद्र टी शर्मा करेंगे। समापन अवसर पर शुभम जैन डायरेक्टर भगवती कोल मूवर, डायरेक्टर एनर्जी डेवलपर्स एवं शैल ग्रुप के डायरेक्टर अजय गुर्जर करेंगे।

## स्कूल खुलते ही बढ़ गया शहर में प्रदूषण


स्कूल में पढ़ते बच्चे।

**फरीदाबाद।** हरियाणा के कई जिलों में प्रदूषण बरकरार है। जिले में बृहस्पतिवार को एक्यूआई लेवल 435 दर्ज किया गया। जिसके कारण फरीदाबाद टॉप 10 पोल्यूटेड शहरों में शुमार हो गया है। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे है। वहीं दूसरी तरफ जिले के स्कूलों को खोल दिया गया है। ऐसे में आने वाले समय में श्वास रोगियों की संख्या और अधिक बढ़ सकती है। फरीदाबाद जिले में बृहस्पतिवार से सभी स्कूल खोल दिए गए हैं। गौरतलब है कि दीपावली के बाद दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ गया था। प्रदूषण के कारण एनसीआर में हालत बदतर हो गए थे। एनसीआर में एयर क्वालिटी इंडेक्स काफी बढ़ गया था। हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत और झज्जर में मौसम विभाग की इस चेतावनी के बाद सभी स्कूल बंद करने का फैसला लिया था। जिसमें सभी सरकारी व निजी स्कूलों को 17 नवंबर तक बंद रखने का ऐलान किया था। इसके बाद एनसीआर के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट के लिए बने कमीशन ने अगले आदेश तक स्कूल बंद करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद अब 25 नवंबर से सरकारी और निजी स्कूलों को पुराने टाइम टेबल के अनुसार खोल दिए गए है। क्योंकि कुछ दिनों से चल रही हवा के कारण प्रदूषण का स्तर कम हो गया था। लेकिन बृहस्पतिवार को एक बार फिर प्रदूषण का स्तर बढ़ गया।

## झज्जर में सर्वाधिक होंगे फरीदाबाद के कार्यकर्ता : हर्ष कुमार


बल्लभगढ़ स्थित जजपा कार्यालय पर आयेजित बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता।

**बल्लभगढ़।** जननायक जनता पार्टी आगामी 9 दिसंबर को अपना तीसरा स्थापना दिवस झज्जर बना रही है जिसको लेकर हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों में कार्यकर्ताओं की मीटिंग का कार्यक्रम चल रहा है। इसी कड़ी में जिले में हरियाणा सरकार में पूर्व मंत्री रहे हर्ष कुमार (प्रभारी फरीदाबाद) और राम रमेश पालड़ी (सह प्रभारी) ने जिला कार्यालय पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं की मीटिंग की। मीटिंग में पहुंचने पर जिला अध्यक्ष तेजपाल डागर व (शहरी) जिलाध्यक्ष अरविंद भारद्वाज ने प्रभारियों को फूल माला पहनाकर व पगड़ी बांधकर कार्यालय पहुंचने पर स्वागत किया। मीटिंग को संबोधित करते हुए चौधरी हर्ष कुमार व राव रमेश पालडी ने कहा कि झज्जर में आयोजित स्थापना दिवस में फरीदाबाद की उपस्थिति सबसे अधिक रखनी है। इसको लेकर उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई और पार्टी में जिला प्रकोष्ठ के पद पर नियुक्त हुए नए पदाधिकारियों को स्वागत किया। इस मौके पर पार्टी से कृष्ण जाखड़, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर तेवतिया, जिलाध्यक्ष तेजपाल डागर, अरविंद भारद्वाज,(शहरी) युवा जिलाध्यक्ष संदीप कपासिया, नलिन हुड्डा, प्रेम सिंह धनकड़ समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## तालिबान को मान्यता

### महिला अधिकार जरूरी

**तालिबान** को भले ही सहायता दी जाए, पर उनको उस समय तक मान्यता नही मिलनी चाहिए जब तक वे महिला अधिकारों को स्वीकार न कर लें। तालिबान विश्व समुदाय के लिए कठिन स्थिति पैदा कर रहे हैं जिससे उनकी अफगानिस्तान में अंतरिम सरकार को मान्यता नहीं मिल रही है। महिलाओं को दिया नया आदेश इसका नवीनतम कारण है। उनका एक मंत्रालय-मूल्यों को बढ़ावा देने तथा दुर्गुण रोकने वाला मंत्रालय, अफगान महिलाओं के जीवन को नियमित व नियंत्रित करना चाहता है। मंत्रालय ने महिलाओं को टीवी नाटकों और मनोरंजन कार्यक्रमों में भाग लेने से रोक दिया है। महिलायें हिजाब पहन कर खबरें पढ़ती हैं। मीडिया पर लगे नियंत्रणों की पहली किश्त में आठ निर्देश दिए गए हैं। इस्लामी कानून और 'अफगान मूल्यों' का विरोध करनी वाली फिल्मों का प्रसारण नहीं हो सकता है। 'विदेशी मूल्यों' को प्रोत्साहित करने वाली विदेशी फिल्मों पर प्रतिबंध है। कामेडी शो द्वारा किसी का अपमान नहीं किया जा सकता है। 'पैगंबर व उनके साथियों' को दिखाने वाले शो को अनुमति नहीं है। आलोचक कह सकते हैं कि लोगों पर कुछ ही नियंत्रण लगाए गए हैं क्योंकि पिछली बार तालिबानों ने सत्ता में आने पर टेलीवीजन व मीडिया के अन्य रूपों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन महिलाओं के प्रति तालिबान के दृष्टिकोण पर अनिवार्य रूप से बार-बार विचार होना चाहिए। वे चाहे जितना कहें कि उन्होंने स्वयं को आधुनिक व नरम बना लिया है, पर यह बात उनके प्रमुख लोगों के लिए सही नहीं है। वे 1996-2001 की तुलना में जरा भी नहीं बदले हैं। मूल्यों व दुर्गुणों पर मंत्रालय जिस तरह महिला मुद्दों से निपटता है, उससे रास्ता बिल्कुल बंद हो जाता है। कहीं इसी कारण तो तालिबान महिला व बाल कल्याण मंत्रालय की आवश्यकता नहीं अनुभव करते हैं?



तीन महीने पहले तालिबानों ने सत्ता पर कब्जे के दो दिन बाद 17 अगस्त को टेलीवीजन होस्ट के रूप में पहली बार बहिश्ता अरगंद ने एक तालिबान नेता का साक्षात्कार लिया था। इसके बाद ऐसा कोई दूसरा अवसर नहीं आया जिससे तालिबान का नरमपंथी मुखौटा उतर गया। इसके बाद निजी व सरकारी संस्थानों में कार्यरत महिलाओं को घर जाने के लिए कह दिया गया। महिला-उन्मुख रोजगारों की भी समीक्षा हो रही है। लड़कियों से कह दिया है कि वे विश्वविद्यालयों में अलग कक्षाओं में पढ़ सकती हैं। कुछ महिलायें पिछले दो देश में मिली तुलनात्मक स्वतंत्रता की आदी हो गई थीं। उन्होंने प्रदर्शन करने के प्रयास किए, लेकिन उनको तालिबान अधिकारियों ने पीटा और उनको कोड़े लगाए। तालिबान ने आश्वासन दिया था कि महिला आधिकारों का सम्मान किया जाएगा, पर इसके उलट महिलाओं को लगातार सार्वजनिक जीवन से बाहर किया जा रहा है। दुनिया को समझना चाहिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति और खराब है जहां तालिबान लड़ाकुओं और कबीलाई प्रमुखों का वर्चस्व है और दशकों से केवल वे ही तय करते आए हैं कि महिलाओं को कैसे जीना चाहिए। अनेक सुदूर प्रांतों में महिलाओं के लिए अलग नियम हैं जो स्थानीय तालिबान प्रमुखों की उग्रता पर निर्भर करते हैं। महिला समूह चाहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अफगानिस्तान को मिलने वाली वित्तीय सहायता के साथ यह शर्त जोड़े कि वहां महिलाओं की स्थिति में सुधार हो। लेकिन यह स्थिति विरोधाभासों से भरी है क्योंकि सहायता की कमी से वहां व्यापक पैमाने पर भुखमरी फैल सकती है तथा मौतें हो सकती हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने आपात सहायता के लिए 600 मिलियन डालर से अधिक धनराशि एकत्र की है। जाड़ा शुरू होने के साथ ही खाद्य पदार्थों व दवाओं की सप्लाई महत्वपूर्ण हो गई है। विडंबना है कि राहत सहायता देने वाली अधिकांश कामगार महिलाये हैं, ऐसे में देखना होगा कि तालिबान इस बारे में क्या कहते हैं।

# भारतीय मछुआरों के हितों पर खतरा

**यदि बड़े पैमाने पर मछली पकड़ने तथा घटते समुद्री संसाधनों की समस्या बनी रही तो इसका छोटे मछुआरों तथा उनकी आजीविका पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।**



**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)



पिछले कुछ समय से विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ में वार्ताओं का दौर जारी है जिसका लक्ष्य अवैध, अज्ञात एवं अनियंत्रित मछली पकड़ने पर सब्सिडी समाप्त करने का समझौता है। इन वार्ताओं को संरा. के टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी का हिस्सा बताया जाता है जिनमें अवैध, अज्ञात व अनियंत्रित मछली पकड़ने पर सब्सिडी समाप्त करने तथा विकासशील व कम विकसित देशों को विशेष दर्जा व उनके साथ विशेष व्यवहार की बात कही गई है। लेकिन यदि यह समझौता होता है तो इससे भारत तथा अन्य विकासशील व गरीब देशों में छोटे मछुआरों की आजीविका पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

यह सच है कि दुनिया वर्तमान समय में बहुत अधिक मछली पकड़ने तथा घटते समुद्री संसाधनों का सामना कर रही है। यदि यही स्थिति बनी रही ता इसका असर छोटे मछुआरों व उनकी आजीविका पर पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्रसंघ का यह विचार पूरी तरह सही है कि बहुत अधिक मछलियां पकड़ने से टिकाऊ विकास प्रभावित होगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि समुद्र में अधिक मछलियां पकड़ने का जिम्मेदार कौन है? कम से कम भारत या अन्य विकासशील देशों के छोटे मछुआरे इसके जिम्मेदार नहीं हैं जिनकी मछली पकड़ने की क्षमता बहुत कम है और इसके लिए उनको किसी प्रकार दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। मछलियां दो प्रकार से पकड़ी जाती हैं। छोटे मछुआरे अपनी नावों से मछलियां पकड़ते हैं, जबकि बड़ी कंपनियों के ट्रालर और बड़े जहाज मछलियां पकड़ते हैं। पिछले कुछ दशकों में बड़ी कंपनियों के बड़े जहाजों व ट्रालरों द्वारा मछलियां पकड़ने के प्रमाण मिले हैं और उनकी क्षमता काफी बढ़ गई है।

भारत में छोटे मछुआरे बरसात के मौसम में समुद्रों में मछलियां नहीं पकड़ते हैं। वे जानते हैं कि यह मछलियों का प्रजनन काल होता है। लेकिन बड़े ट्रालर इस समय भी मछलिया पकड़ने में कोई संकोच नहीं करते हैं। लेकिन बड़े ट्रालरों के संगठित क्षेत्र के अंतर्गत आने के कारण छोटे मछुआरों को अवैध, अज्ञात व अनियंत्रित माना जाता है। इस प्रकार उनको सरकारों से मिलने वाली सब्सिडी समाप्त हो जाएगी, जबकि ट्रालरों व बड़े जहाजों को मशीनी प्रक्रियाओं के माध्यम से समुद्र में मछलियां पकड़ने की अनुमति मिलती रहेगी और वे सरकारी सब्सिडी के भी अधिकारी होंगे। ऐसी स्थिति में भारत तथा अन्य विकासशील देशों के छोटे मछुआरों की आजीविका पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा और उनको नुकसान पहुंचा कर बड़ी कंपनियों को लाभ मिलेगा। दुर्भाग्य से डब्लूटीओ में विकसित देशों तथा बड़ी कंपनियों के दबाव में इस विषय पर समझौते को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया तेज हो रही है। विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक डा. नगोजी ओकोंजो इवीला कहते हैं कि मछली पकड़ने पर सब्सिडी संबंधित वार्तायें पूरी करना डब्लूटीओ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह न केवल मछलियों, बल्कि डब्लूटीओ की व्यवस्था के लिए जरूरी है। इसे संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्यों के नाम पर किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत में 1990 के दशकारंभ में बड़े ट्रालरों को मछली पकड़ने के लाइसेंस मिलने के बाद उन्होंने बहुत अधिक मछली पकड़ी जिससे समुद्र में मछलियों की उपलब्धता में भारी कमी आई। इसके परिणामस्वरूप छोटे मछुआरों की आजीविका प्रभावित हुई। उस समय मछुआरों की समस्यायें उजागर करने के लिए तीन बड़े आंदोलन हुए जिनका नेतृत्व स्वदेशी जागरण मंच तथा फादर थामस कोचरी ने किया था। इनके कारण तत्कालीन सरकार ने बड़े ट्रालरों का लाइसेंस नवीनीकरण नहीं किया था। लेकिन कुछ समय बाद ट्रालरों को फिर अनुमति मिलने लगी। एक बार फिर पर्यावरणवादियों द्वारा ट्रालरों पर प्रतिबंध की मांग तेज हो रही है। भारत सरकार की एक समिति इन ट्रालरों पर नियंत्रण के बारे में विचार कर रही है। पर्यावरणविदों का मानना है कि इन ट्रालरों पर प्रतिबंध ही समुद्र में ज्यादा मछलियां पकड़ने की समस्या से मुक्ति दिला सकता है। हालांकि, इन ट्रालरों पर सीधे प्रतिबंध तो नहीं लगाया गया है, पर केरल व ओडिशा समेत अनेक राज्यों ने परंपरागत मछुआरों की मांग पर ट्रालरों पर प्रतिबंध लगाए हैं ताकि उनके द्वारा मछली पकड़ना प्रभावित न हो। तर्क दिया जा रहा है कि मछली पकड़ने संबंधी सब्सिडी पर समझौते से मछलियों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा भावी पीढ़ियों के लिए समुद्री संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित होगा।

इस संबंध में मछली पकड़ने के लिएदी जाने वाली सब्सिडी पर केवल विश्व व्यापार संगठन ही प्रतिबंध लगा सकता है। इस संबंध में नियम बनाने की प्रक्रिया 2001 में दोहा वार्ताओं का दौर शुरू होने के साथ प्रारंभ हुई थी। लेकिन मजेदार बात है कि जहां दोहा विकास दौर के बाकी सभी प्राविधानों को विकसित देशों ने फौरन अस्वीकार कर दिया था, वहीं आश्चर्यजनक रूप से अभी मछली पकड़ने के अधिकारों पर वार्ता जारी है।


यह सच है कि वर्तमान समय में 34 प्रतिशत अधिक मछलियां पकड़ी जाती हैं, जबकि 1974 में यह मात्रा केवल 10 प्रतिशत थी। इसके कारण धीरे-धीरे मछलियों की उपलब्धता घट रही है। इससे मछली पकड़ने पर निर्भर लोगों की आजीविका पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है तथा तटीय क्षेत्र पर रहने वाले लोगों में गरीबी बढ़ रही है। आज दुनिया में 40 मिलियन लोग मछलियां पकड़ने पर निर्भर हैं, इसलिए उनका जीवन गहराई से समुद्री संसाधनों पर निर्भर है। हालांकि, वर्तमान वार्तायें अवैध, अज्ञात व अनियंत्रित मछली पकड़ने पर मिलने वाली सब्सिडी समाप्त करने पर केंद्रित है, पर विकासशील देश इन प्रयासों का घोर विरोध कर रहे हैं। भारत समेत विकासशील देशों का विश्वास है कि सब्सिडी समाप्त करने का छोटे मछुआरों की आजीविका व उनके अधिकारों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। हालांकि, प्रस्ताव में कहा गया है कि विकासशील व गरीब देशों के साथ अलग व विशेष व्यवहार किया जाएगा, पर ऐसा लगता है कि समझौते से विकासशील देशों के छोटे मछुआरों पर समझौते का सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। आश्चर्यजनक रूप से जब सभी चीजें ठहर गई थीं, ये वार्तायें बेलगाम जारी रहीं। आवागमन पर नियंत्रण के कारण जेनेवा में दूतावास न होने वाले छोटे देशों के विचारों को दस्तावेज में समुचित स्थान नहीं मिल सका। इस कारण भी विकासशील देशों में गुस्सा बढ़ रहा है। हाल में जब विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक भारत आए तब भारत ने सीधे कह दिया कि विभिन्न देशों द्वारा मछली पकड़ने को अनुचित सब्सिडी देने तथा विकसित देशों द्वारा बहुत अधिक मछलियां पकड़ने के कारण भारत के छोटे मछुआरों पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ा है। इसलिए विकसित देशों द्वारा बड़े जहाजों को मिलने वाली सब्सिडी समाप्त करना जरूरी हो गया है। भारत ने स्पष्ट कहा है कि समझौते का प्रारूप संतुलित नहीं है। इस संदर्भ में विकासशील देशों को समझौते में मिलने वाले विशेष व्यवहार को केवल भारत के सुझावों को शामिल कर ही संतुलित किया जा सकता है।

भारत की मांग है कि विकसित देश उन मछली पकड़ने वालों को सब्सिडी देना बंद करें जो अपनी प्राकृतिक भौगोलिक सीमाओं से बाहर जाते हैं। लेकिन औद्योगिक रूप से मछली पकड़ने वाले देश इसके लिए तैयार नहीं हैं। भारत चाहता है कि गरीब व छोटे मछुआरों के हित संरक्षण हेतु सब्सिडी का प्राविधान जारी रखा जाए। भारत में कोई अवैध, अज्ञात या अनियंत्रित मछली पकड़ने वाले नहीं हैं। डब्लूटीओ की स्थापना के बाद से ही भारत का मानना है कि विकसित देशों को खास रियायतें मिलती हैं तथा उनकी कृषि सब्सिडी बेलगाम जारी हैं, जबकि विकासशील देशों के अधिकारों को सीमित किया गया है। मछली पकड़ने पर मिलने वाली सब्सिडी संबंधित इस फैसले में यह गलती दुहराई नहीं जानी चाहिए। आज समय की आवश्यकता है कि भारत तथा अन्य विकासशील देश व गरीब देश अमीर देशों के पक्षपात का मुकाबला करें। उनको मछली पकड़ने पर सब्सिडी संबंधित किसी असंतुलित व अतार्किक समझौते पर तैयार नहीं होना चाहिए ताकि छोटे और गरीब मछुआरों के हितों की रक्षा हो सके।

# शिक्षण संस्थाओं के लिए समान संहिता

> **निजी कॉलेजों में वेतन संरचना या पदोन्नति में एक समान नियम नहीं हैं। कई निजी संस्थान ऐसे लोगों की भर्ती कर रहे हैं जो योग्यता को पूरा नहीं करते हैं।**

**बीजू धर्मपालन**
(लेखक अकादमिक क्षेत्र से जुड़े हैं)



निजी स्कूलों द्वारा बनाए रखा तथाकथित गुणवत्ता केवल भौतिक बुनियादी ढांचे और अंग्रेजी संचार प्रचार में है न कि बौद्धिक स्तर पर। खुली जगह में भी अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जा सकती है। महामारी के दौरान हुई शिक्षा में डिजिटल क्रांति ने स्कूलों की भौतिक संरचना को अप्रासंगिक बना दिया है। यह शिक्षकों की इच्छाशक्ति और समर्पण है जो मायने रखता है। हालांकि, अधिकांश निजी स्कूलों में शिक्षकों को अच्छी तरह से भुगतान नहीं किया जाता है और कोविड की स्थिति ने उनके लिए हालात और खराब कर दिए हैं क्योंकि उन्हें बिना अतिरिक्त वेतन के अतिरिक्त ड्यूटी करनी पड़ती है।

देश भर में, निजी स्कूल के शिक्षक सबसे कम वेतन पाने वाले हैं। नौकरी की कोई सुरक्षा भी नहीं है क्योंकि प्रबंधन नियमों का पालन नहीं करने पर किसी भी समय प्रबंधन शिक्षकों को बर्खास्त कर सकता है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी स्थिति अलग नहीं है। महामारी के समय में, सैकड़ों शिक्षकों को निजी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। वैसे भी निजी कॉलेजों में वेतन संरचना या पदोन्नति में एक समान नियम नहीं हैं। कई निजी संस्थान ऐसे लोगों की भर्ती कर रहे हैं जो आवश्यक योग्यता को पूरा नहीं करते हैं। इन निजी संस्थानों को बस एक ऐसे कार्यबल की जरूरत है जो उनकी बात मान सके। निजी सहायता प्राप्त कॉलेज भी हैं जो भर्ती प्रक्रिया के लिए मोटी रकम लेते हैं। सभी निजी उच्च शिक्षा केंद्रों में कार्यरत शिक्षक संतुष्ट नहीं हैं और उनका असंतोष उनके शिक्षण के माध्यम से छात्रों को हस्तांतरित किया जाता है। हाल ही में, केरल विधानसभा ने एक ऐतिहासिक केरल स्व-वित्तपोषित कॉलेज शिक्षण



और गैर-शिक्षण कर्मचारी (नियुक्ति और सेवा की शर्तें) विधेयक, 2021 पारित किया, जो निजी कॉलेजों में कर्मचारियों के लिए सेवा शर्तों की गारंटी के लिए एक कानून रखता है। केरल राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा अनुशंसित कानून को एक ऐसे कानून के रूप में देखा जा रहा है जो गैर-सहायता प्राप्त क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए सेवा शर्तों को सुनिश्चित करने के लिए नियमों का मानकीकरण करेगा। भले ही यह उच्च शिक्षा के खतरों को दूर करने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है, लेकिन चिंता का एक क्षेत्र अल्पसंख्यक संस्थानों के लिए दिया गया विशेष विशेषाधिकार है। केरल में, अधिकांश निजी कॉलेजों का प्रबंधन अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा किया जाता है और इन केंद्रों में शिक्षकों का अत्यधिक शोषण होता है। अल्पसंख्यक संस्थानों को प्राप्त विशेषाधिकारों के अनुसार, सरकार उन्हें पूरी तरह से नियंत्रित नहीं कर सकती है। इन एजेंसियों द्वारा संचालित निजी मेडिकल और डेंटल कॉलेज शायद ही कभी छात्रों को सरकारी मानदंडों के अनुसार पूर्ण वजीफा प्रदान करते हैं। कुछ मामलों में, प्रबंधन द्वारा बैकलैश के डर से, पीजी छात्रों को उनके खाते में जमा किए गए वजीफे को वापस करना पड़ता है। प्रबंधन पक्ष के कर्मचारी सदस्य, आमतौर पर एक ही समुदाय से, अनुचित लाभ प्राप्त करते हैं और अन्य समुदायों के सदस्यों को मानसिक रूप से परेशान किया जाता है और उनकी व्यावसायिक उन्नति को कम कर दिया जाता है। शिक्षकों के बीच व्याप्त अस्वस्थ वातावरण छात्रों में स्थानांतरित हो जाता है और पूरी व्यवस्था खराब हो जाती है।

जब एक शिक्षण संस्थान का प्रबंधन अन्य समुदायों के छात्रों और शिक्षकों के शुल्क और दान द्वारा किया जाता है, तो कोई संस्थान विशेष अल्पसंख्यक दर्जे का दावा कैसे कर सकता है? अगर वे उस स्थिति का आनंद लेना चाहते हैं तो उन्हें अपने समुदाय के छात्रों को अकेले पढ़ाना चाहिए, और उसी समुदाय के शिक्षकों की भर्ती भी करनी चाहिए। यहां तक ??कि अल्पसंख्यक समुदायों (यहां तक ??कि गैर-अल्पसंख्यक भी) द्वारा संचालित निजी सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में भी लाखों रुपये चंदा लेकर शिक्षकों की भर्ती की जाती है। यह एक खुला रहस्य है और चुनावों में प्रतिक्रिया के डर से किसी भी राजनीतिक दल में इन प्रबंधनों को लेने का साहस नहीं है। ऐसे में हमें केरल सरकार द्वारा किए गए प्रयास की सराहना करनी होगी।

हालांकि, यह देखना मुश्किल होगा कि सरकार अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त संस्थानों में नए विधेयक को प्रभावी ढंग से कैसे लागू करेगी। यह उचित समय है जब हम निजी स्कूलों और कॉलेजों के कामकाज को नियंत्रित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आम कानून विकसित करें, क्योंकि शिक्षा सभी के लिए समान है, चाहे वह किसी भी वर्ग, लिंग या नस्लीय भेदभाव के लिए हो।

## आप की बात

### स्मार्ट पुलिसिंग

**वर्ष** 2014 से हर वर्ष पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी भाग ले रहे है। लखनऊ में आयोजित 56वे सम्मेलन में भाग लेते हुये आंतरिक सुरक्षा से लेकर पुलिस के आधुनिकीकरण पर जोर देते हुये सारे देश मे एक जैसी तकनीक के प्रयोग पर बल दिया। इसके लिये प्रधान मंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हाई पावर टेक्नोलॉजी मिशन गठन करने की घोषणा किया। सत्ता संभालते ही प्रधानमंत्री मोदी ने स्मार्ट पुलिसिंग की संकल्पना किया था। जिससे पुलसिंग के गिरते स्तर को उठाया जा सके। स्मार्ट पुलिसिंग में स्मार्ट के हर अक्षर का अर्थ बताते हुये मोदी ने कहा था कि एस से स्ट्रिक्ट और सेंसटिव, एम से मॉडर्न व मोबाइल, ए से एलर्ट और अकाउंटेबल, आर से रिलायबल और रेस्पॉन्सिव तथा टी फार टेक्नोसेवी और ट्रेंड है। मोदी ने कोरोना महामारी के समय पुलिस द्वारा शानदार कार्य कोरोना वारियर्स के रूप में किये जाने पर सराहना किया। राज्यों में कानून व्यवस्था और अपराध के नियंत्रण के लिये तकनीक का दायरा बढ़ना चाहिये। राज्यों की पुलिस व जांच एजेंसियों के बीच समन्वय होना चाहिये। ड्रोन तकनीक का उपयोग भी लोगों के लाभ के लिये होना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### वर्क फ्राम होम

**कोविड**-19 के बाद ज्यादातर कंपनियों एवं संस्थानों में वर्क फ्रॉम होम का पैटर्न चल रहा था। यह दोनों पक्षों के लिए सुविधाजनक भी था। घर से कार्य करने के अपने फायदे एवं नुकसान हैं। व्यक्ति अपने अनुसार अपने टाइम का मैनेजमेंट करके कार्य करता है। संस्थान तक पहुंचने का खर्च, समय एवं मानसिक त्रास से भी बचाव होता है। वर्क फ्रॉम होम की खामी यह है कि इसमें होमसिकनेस की संभावना बलवती हो जाती है। सभी के पास कार्य करने के लिए अनुकूल परिस्थितियां एवं जगह उपलब्ध होना भी एक समस्या है। घरेलू कामकाज एवं व्यवधान भी काम में खलल डालते हैं। ऑफिस वर्क की फीलिंग नहीं आने से व्यक्ति कार्य में थोड़ा सुस्त भी हो सकता है। ऑफिसों में कई लोग एक साथ कार्य करते हैं इसलिए व्यक्ति की भी कार्य करने की मेंटेलिटी अपने आप डेवलप होती है। कार्य करने का सही माहौल ऑफिस में ही मिल पाता है। ऑफिस खुलने से एवं कार्यालयों में पूरी क्षमता के साथ कार्य होने से व्यक्ति अपने पुराने रूटीन पर धीरे-धीरे लौट आएगा। कर्मचारियों में कोविड त्रासदी के कारण आया जड़ता का भाव ऑफिस वर्क से समाप्त होने में मदद मिलेगी।

– **ललित महालकरी**, इंदौर


### घरेलू सहायकों की दशा

**यह** पत्र 'घरेलू सहायक' से संबंधित है। वे सदैव अपने मालिक की दया पर आश्रित रहते हैं और यह अतिशयोक्ति नहीं होगी अगर यह कहा जाए की अधिकांश घरेलू सहायकों पर किसी ना किसी रूप मे अत्याचार होता है चाहे वह आर्थिक, मानसिक या शारीरिक हो। केंद्र सरकार की सेवायोजन नीति एक अच्छा कदम है लेकिन यह बिल्कुल जनसंख्या गणना की तरह है जिसमें अथक प्रयास की ज़रूरत है। घर घर जा कर इनकी गिनती करना पड़ेगा। शहरों मे आर डब्ल्यू ए की मदद ली जा सकती है। निसंदेह सर्वेक्षण के बाद ऐसा कानून बनाना चाहिए जिसमे इनके सामाजिक संरक्षण के बारे मे ध्यान दिया जाए। मगर सबसे बड़ा पहलू है इन घरेलू सहायकों के बच्चों का भविष्य ,अधिकांश यह देखा देखा जाता है की इन सहायकों के बच्चे अपनी पढ़ाई बीच मे ही छोड़ कर कुछ छोटे छोटे कामों मे लग जाते हैं और कुछ तो अपने माता पिता के साथ इन्हीं घरों मे बाल श्रमिक के रूप मे भी काम शुरू कर देते हैं. तो सरकार ने एक छोटी परंतु अच्छी शुरुआत की है लेकिन एक लंबा सफ़र अभी बाकी है।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के शासनकाल में, ऐसा कुछ भी नहीं बचा है जो महंगा न हो गया हो।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**सरकार** के पीछे हटने का भी समय होता है, ताकि ऑस्ट्रेलियाई जनता आगे बढ़ सके।

– **स्कॉट मॉरीसन**
आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री



**उत्तर** प्रदेश में कभी हर तीसरे या चौथे दिन दंगे होते थे, लेकिन अब राज्य की 'दंगा मुक्त' राज्य के तौर पर पहचान है।

– **योगी आदित्यनाथ**
यूपी के मुख्यमंत्री

# 29 सितंबर 2024 से पहली उड़ान संचालित होगी

## भारत का पहला ऐसा हवाई अड्डा होगा जहां कार्बन उत्सर्जन शुद्ध रूप से शून्य होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**हवाईअड्डे** के लिए आवश्यक करीब 6200 हेक्टेयर जमीन में से पहले चरण के निर्माण के लिए 1334 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण और सभी प्रकार की स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकीं हैं। निर्माण करने वाली कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की भारतीय इकाई ने निर्माण की पूरी योजना तैयार कर ली है। पहले चरण में एक रनवे एवं एक टर्मिनल के साथ निर्माण शिलान्यास के 1095 दिनों के भीतर किया जाएगा।

इसके बाद 29 सितंबर 2024 में पहली यात्री अथवा कार्गो उड़ान संचालित होने लगेगी। सरकार ने निर्माण की समयावधि को लेकर बहुत कठोर शर्ते रखीं हैं। निर्माण में देरी होने पर कड़े दंडात्मक प्रावधान रखे हैं। जमीन के अधिग्रहण के पश्चात 3002 परिवारों के पुनर्वास का कार्य भी पूरा हो गया है। सबको वैकल्पिक भूमि एवं आवास प्रदान किया जा चुका है। विमानों के अनुरक्षण, मरम्मत एवं पुनर्निर्माण के लिए भी अलग से बड़ा भूभाग आवंटित किया गया है। इससे पहले एमआरओ के लिए विमानों को विदेश भेजना पड़ता था लेकिन अब नोएडा में ये सुविधा हो जाएगी। यह भारत का पहला ऐसा हवाई अड्डा होगा। जहां कार्बन उत्सर्जन शुद्ध रूप से शून्य होगा। जेवर के अलावा गोवा और नवी मुंबई के हवाई अड्डे भी ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे होंगे। इस हवाई अड्डे के अंतर्गत एक ऐसा समर्पित भूखंड चिन्हित किया है जहां परियोजना स्थल से हटाये जाने वाले वृक्षों को लगाया जायेगा। इस तरह उसे जंगलमय पार्क का रूप दिया जायेगा। एनआईए वहां के सभी मूल जीवजंतुओं की सुरक्षा करेगा और हवाई अड्डे के विकास के दौरान प्रकृति का पूरा ध्यान रखा जायेगा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण के निर्माण की लागत 4588 करोड़ रुपए की होगी जो निवेशक कंपनी व्यय करेगी जबकि भूमि अधिग्रहण की लागत 4326 करोड़ आयी है जिसे उत्तर प्रदेश सरकार वहन कर रही है। इस प्रकार प्रथम चरण की कुल लागत 8914 करोड़ रुपए आयी है। आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार पूरी परियोजना की निर्माण लागत 29 हजार 560 करोड़ रुपए की होगी।

नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे एनआईए के साथ उत्तर प्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य होगा जहां पांच अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे बनाये जा रहे हैं। कुशीनगर हवाई अड्डे का हाल में उद्घाटन हो चुका है और अयोध्या में एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण-कार्य चल रहा है। लखनऊ एवं वाराणसी पहले ही अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में काम कर रहे हैं। राज्य में इस समय नौ हवाईअड्डे परिचालित हैं जिनमें इन लखनऊ एवं वाराणसी के अलावा प्रयागराज, गोरखपुर, आगरा, बरेली, कानपुर शामिल हैं। अगले साल अलीगढ़, चित्रकूट, आजमगढ़, श्रावस्ती एवं मुरादाबाद के हवाई अड्डे भी परिचालित होने लगेंगे। इस प्रकार से यूपी देश में सर्वाधिक 17 हवाई अड्डों वाला राज्य बन जाएगा।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में यह दूसरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा। इससे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। भौगोलिक रूप से रणनीतिक स्थिति के कारण यह दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, अलीगढ़, आगरा, फरीदाबाद सहित शहरी आबादी और पड़ोसी इलाकों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। इस हवाईअड्डे से कम से कम पांच एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्ग यमुना एक्सप्रेसवे, वेस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 91 जुड़ेंगे।

# वित्त मंत्री सीतारमण आज करेंगी प्रत्यक्ष कर भवन का उद्घाटन




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी लखनऊ में केंद्रीय अप्रत्क्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के अलंकरण समारोह-2021 के अवसर पर विजेताओं को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित करेंगे।

केंद्रीय वित्त मंत्री लखनऊ के नवनिर्मित कार्यालय प्रत्यक्ष कर भवन का उद्घाटन भी करेंगी वर्ष 2017 में भवन निर्माण के लिए मेसर्स एनबीसीसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

अंतिम रूप वर्ष 2020 को एनबीसीसी से इस भवन का कब्जा लिया गया। यह भवन सर्वोत्तम वैश्विक तकनीक द्वारा निर्मित किया गया है। 86483 वर्ग फीट की भूमि पर बना यह भवन 7 मंजिला है। जिसमें से भवन का निर्मित क्षेत्रफल 21527 वर्ग फीट है और सभी सात मंजिलों के लिए निर्मित क्षेत्रफल अनुमानत: 130000 वर्ग फीट है जिसमें से दो बेसमेंट एवं रिकार्ड रूमद्ध बनाए गए हैं। इस भवन में अनुमानत: 150 अधिकारियों एवं 350 कर्मचारियों के बैठने की क्षमता है। इसके अतिरिक्त इस भवन में 180 व्यक्तियों की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक प्रेक्षागृह और 3 सम्मेलन कक्ष भी हैं। 7वीं मंजिल पर एक अतिथि गृह है जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों के लिए 2 सुइट बनाए गए हैं और अन्य अधिकारियों के लिए 9 कमरों के साथ साथ उस तल पर जिम, रीडिंग लाउंज एवं अत्याधुनिक किचन बना है। भवन में एक बड़ी लाइब्रेरी एवं महिला कर्मचारियों के बच्चों के लिए क्रेच की सुविधा भी उपलब्ध है। भवन में स्थापित सौर पैनलों के माध्यम से अनुमानत: 20 प्रतिशत बिजली उत्पन्न होती है। यह भवन पारिस्थितिक तंत्र में बिना कोई अवरोध उत्पन्न किए पारिस्थितिक अनुकूल भवन है। भवन में बैठने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुविधाओं के साथ बिना कोई समझौता किए भवन में कम से कम ऊर्जा एवं पानी की खपत की व्यवस्था की गई है।

वर्तमान में प्रत्यक्ष कर भवन परिसर की सुरक्षा एवं संरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा कांट्रैक्ट पर लिए गए सुरक्षा गार्डों के अतिरिक्त पीएसी की एक चौकी भी स्थापित की गई है। सम्पूर्ण भवन के सहज एवं सुरक्षित प्रचालन तथा भवन में स्थापित किए गए उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी सीपीडबल्यूण्डी को दी गई है।

# 44 जिले पूरी तरह संक्रमण मुक्त घोषित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**ठोस** रणनीति के दम पर यूपी ने कम समय में कोरोना संक्रमण पर तेजी से लगाम लगाई है। प्रदेश में बीते 24 घंटों में 135398 टेस्ट किए गए जिसमें 6 नए संक्रमण के मामलों की पुष्टि हुई। प्रदेश के 44 जिलों में एक भी सक्रिय केस के बीते दिन पुष्टि नहीं हुई वहीं 71 जिलों में एक भी नया संक्रमण का मामला सामने नहीं आया। इस अवधि में 7 संक्रमितों ने कोरोना को मात दी। इसके साथ ही प्रदेश का रिकवरी रेट अब 98.7 प्रतिशत पहुंच गया है। प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 100 से कम होकर 91 पहुंच गई है। प्रदेश में टीकाकरण को तेजी से बढ़ाने के लिए क्लस्टर मॉडल, स्कूल कॉलेजों में टीकाकरण कैंप, गांवों में अधिक बूथ, कोरोनारोधी टीकाकरण से कोई न छूटे, इसके लिए जिला संयुक्त अस्पताल में रात दस बजे तक टीकाकरण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार को हर जिले में एक केंद्र पर रात दस बजे तक टीकाकरण कराए जाने के निर्णय से भी गति मिली है। प्रदेशवासियों को जल्द से जल्द टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाते हुए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एक नई रणनीति के तहत टीके की डोज दी जा रही है। अब तक प्रदेश में 15 करोड़ 42 लाख 43 हजार 985 टीकाकरण किया जा चुका है जिसमें 10 करोड़ 82 लाख को पहली डोज और 4 करोड़ 59 लाख को दूसरी डोज दी जा चुकी है। प्रदेश में 73.21 प्रतिशत पात्र लोगों को पहली डोज और 30.90 प्रतिशत पात्र लोगों को दूसरी डोज दी जा चुकी है।

## संदीप सालुंके बने डीजी राज्य मानवाधिकार आयोग

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने वर्ष 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी संदीप सालुंके को उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग के डीजी पद पर नियुक्ति प्रदान की है। सालुंके के अभी तक डीजी, एडीजी तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश के पद पर कार्यरत थे।

# यूपी को मिलेगी मुफ्त राशन की डबल डोज

● केंद्र सरकार ने पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त राशन अभियान को मार्च तक बढ़ाया



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के 15 करोड़ से अधिक राशन कार्ड धारकों को सरकार मुफ्त राशन की डबल डोज देने जा रही है। यूपी के लोगों को राशन दुकानों से दोगुना मुफ्त राशन मिलेगा। योगी सरकार के बाद केंद्र सरकार ने भी पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त राशन वितरण अभियान को मार्च तक बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार के फैसले के बाद अब यूपी के पात्र कार्ड धारकों को हर महीने 10 किलो राशन मुफ्त मिलेगा। केंद्र ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को मार्च 2022 तक बढ़ा दिया है। राशन कार्ड धारकों को महीने में दो बार गेहूं और चावल मुफ्त मिलेगा। दाल, खाद्य तेल और नमक भी मुफ्त दिया जाएगा। कोविड काल से चल रहे मुफ्त राशन वितरण के जरिये सरकार आर्थिक रूप से कमजोर गरीबों, मजदूरों को बड़ा सहारा देने की योजना पर काम कर रही है। महामारी के दौर में शुरू हुई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना नवंबर में खत्म हो रही थी इसको देखते हुए सीएम योगी ने 3 नवंबर को अयोध्या में राज्य सरकार की ओर से होली तक मुफ्त राशन वितरण की घोषणा की थी। अंत्योदय राशन कार्डधारकों और पात्र परिवारों को दिसंबर से दोगुना राशन वितरण किया जाएगा। अंत्योदय अन्न योजना के तहत लगभग 13007969 इकाइयां और पात्र घरेलू कार्डधारकों की 134177983 इकाइयां प्रदेश में है। केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से कोरोना काल के दौरान शुरू हुए राशन वितरण में अप्रैल 2020 से अक्टूबर 2021 तक कुल 122 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न वितरित कर रिकार्ड कायम किया गया था। इसमें राज्य सरकार की ओर से अप्रैल 2020 से अगस्त 2021 तक 2339556.740 मीट्रिक टन अनाज वितरित किया गया जबकि पीएमजीकेएवाई के तहत अप्रैल 2020 से अक्टूबर 2021 तक 9853889.085 मीट्रिक टन राशन बांटा गया था।

# समय से जागे होते तो नहीं होती पीड़ा

## अखिलेश यादव व मायावती के ट्वीट का सिद्धार्थनाथ सिंह ने दिया जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने गुरुवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखे तंज कसे। अखिलेश के जेवर एयरपोर्ट को लेकर किए गए ट्विीट पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि मैं सोच ही रहा था कि जेवर पर अभी तक कोई ट्वीट क्यों नहीं आया, अखिलेश जी समय से जग गए होते तो आज जिस विश्व के चौथे सबसे बड़े एयरपोर्ट के शिलान्यास से आपको पीड़ा हो रही है वहां से आप उड़ान भर रहे होते।

दरअसल अखिलेश यादव ने अपने ट्वीट में कहा था कि अगर सपा सरकार के समय फिरोज़ाबाद में प्रस्तावित एयरपोर्ट बनने की अनुमति केंद्र की भाजपा सरकार ने रोकी न होती तो इस समय जेवर के साथ चूड़ियों को भी जुड़ने का मौका मिलता और उप्र का वैकासिक शृंगार पूर्णता की ओर बढ़ता। यही नहीं इससे पहले भी कई बार अखिलेश यादव प्रदेश में योगी सरकार के विकास कार्यों को खुद के काम बताने की झूठी कोशिश करते रहे हैं। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बसपा अध्यक्ष मायावती पर जेवर हवाई अड्डे के शिलान्यास पर किये गये निरर्थक विलाप पर तीखा तंज किया है। उन्होंने कहा कि मायावती ने तो नाच न आये आंगन टेढ़ा की कहावत चरितार्थ कर दी है। तत्कालीन केंद्र सरकार पर दोषारोपण करके अपनी सरकार के नकारेपन से नहीं बच सकती हैं। सिद्धार्थ नाथ ने कहा मायावती जी आपकी सरकार के पॉलिसी पैरालैसिस की तरह योगी सरकार ठहरी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के अंतर्गत क्रियान्वित हो रहे सैकड़ों प्रोजक्ट में से जेवर भी एक प्रोजेक्ट मात्र है। विश्व के चौथे सबसे बड़े अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट के शिलान्यास पर विरोध रुपी राग अलापना सही नहीं।

## मथुरा में गैंगरेप की घटना पर कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

**लखनऊ।** कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने मथुरा के कोसींकलां में दरोगा परीक्षा देकर वापस आ रही बेटी के साथ गैंगरेप की घटना पर भाजपा की योगी अदित्यनाथ सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश की भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए मोना ने कहा कि प्रदेश में दिन पर दिन अपराध बढ़ते चले जा रहे हैं बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में कोई दिन नहीं जाता जब महिलाओं के साथ घटनाएं न घटित हो रही हों। यह घटना दिखाती है कि प्रदेश में दिन में भी चलना सुरक्षित नहीं रहा। उन्होंने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री आदित्यनाथ रात 12 बजे सुरक्षा का वादा कर रहे थेए प्रदेश को नंबर वन बताकर झूठा प्रोपोगेंडा फैलाते रहे। गृहमंत्री अमित शाह दूरबीन लेकर अपराध ढूंढ रहे हैं लेकिन जिम्मेदार पद पर बैठकर मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को प्रदेश अपराध का जंगलराज और महिलाओं पर अत्यचार दिखाई नही देता। गृहमंत्री दूरबीन नहीं अपने विभाग के आंकड़ों पर नजर डाल लीजिए भाजपा सरकार की अकर्मण्यता के चलते महिला अपराध में उप्र नंबर1 बन गया, कोई दिन नहीं जाता जब महिलाओं के साथ बलात्कार ना होता हो घटनाएं न होती हों। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्नाव का कुलदीप सेंगर कांड हो या शाहजहांपुर का चिन्मयानंद कांड और हाथरस में गैंगरेप पीड़िता को रात 2:30 बजे पेट्रोल डालकर जला देना, सभी में सरकार बलात्कारियों के साथ खड़ी नजर आयी, कानपुर के शेल्टर होम की घटना कोई भूला नही है जहां नाबालिग बच्चियों का कोरोना जांच में गर्भवती मिलीं। दिन पर दिन प्रदेश में जंगलराज बढ़ता चला जा रहा है लेकिन मुख्यमंत्री झूठा प्रचार कर प्रदेश को नंबर वन बना रहे। सच्चाई तो यह है कि नंबर वन प्रदेश तो बन गया है बलात्कार में, नंबर वन प्रदेश बन गया है अपराध में और नंबर वन प्रदेश बन गया है महिलाओं के ऊपर अत्याचार में, जिस तरह का व्यवहार भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ हुआ है। यही नारी शक्ति 2022 में दुर्गा बनकर भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर कर अत्याचार का संहार करेगी।

## पुलिस हिरासत में मौत का मामला

# सीबीआई ने जौनपुर के 9 पुलिस कर्मियों पर घोषित किया इनाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जौनपुर** जिले के बक्सा थाने में पुलिस हिरासत में हुई कृष्ण कुमार यादव की मौत के मामले में सीबीआई ने नौ पुलिस कर्मियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। सीबीआई ने इस मामले में सितंबर महीने में एफआईआर दर्ज की थी और आरोपी पुलिस कर्मियों को पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वे नहीं आए और तभी से फरार चल रहे है और जौनपुर के बक्सा थाना क्षेत्र के चक मिर्जापुर इब्राहिमाबाद गांव निवासी कृष्ण कुमार यादव को 11 फरवरी को बक्सा थाने और एसओजी की टीम ने हिरासत में लिया था।

कृष्ण कुमार के भाई अजय का आरोप था कि एक दर्जन की संख्या में पुलिस कर्मी उसे रात में 10 बजे लेकर आई और घर के अंदर रखे पैसे, आभूषण और अन्य सामान जबरन उठा ले गए। उसका भाई ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। अगले दिन अजय थाने पहुंचा तो उसे मिलने नहीं दिया गया। कुछ ही देर बाद कृष्ण कुमार यादव की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। इस मामले की जांच प्रदेश सरकार ने सीबीआई को सौंपी थी। सीबीआई ने सितंबर महीने में इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। सीबीआई ने आरोपी 9 पुलिसकर्मियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इनमें बक्शा थाने के तत्कालीन इंचार्ज अजय कुमार सिंह, आरक्षी कमल बिहारी बिंद, राज कुमार वर्मा, जितेंद्र सिंह, जौनपुर के तत्कालीन एसओजी प्रभारी पर्व कुमार सिंहए एसओजी के आरक्षी श्वेत प्रकाश, राजन सिंह, मुख्य आरक्षी जय शील तिवारी और अंगद प्रसाद चौधरी शामिल हैं।

# सपा हर माह की 30 तारीख को हाथरस की बेटी स्मृति दिवस मनाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को प्रदेशवासियों से हर महीने की 30 तारीख को हाथरस की बेटी स्मृति दिवस के रूप मनाने की अपील की है जिससे बीजेपी का दलित विरोधी चेहरा बेनकाब हो सके। अखिलेश ने ट्वीट कर कहा कि उत्तर प्रदेश वासियों सपा व सहयोगी दलों से अपील है कि हर महीने की 30 तारीख को हाथरस की बेटी स्मृति दिवस मनाएं। उप्र की भाजपा सरकार ने पिछले साल 30 सितंबर को जिस अभद्र तरीक़े से बलात्कार पीड़िता के शव को जलाने का जो कुकृत्य किया था उसकी याद दिलाएं। जिससे भाजपा का दलित एवं महिला विरोधी चेहरा बेनक़ाब हो। गौरतलब है कि हाथरस के एक गांव में पिछले साल 14 सितंबर को 19 साल की युवती के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। युवती की हालत बिगड़ने के बाद उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था जहां घटना के एक पखवाड़े बाद उसकी मौत हो गयी थी। परिवार और स्थानीय ग्रामीणों का आरोप था कि पुलिस ने जबरन आधी रात को अंतिम संस्कार करा दिया था। हालांकि स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने कहा था कि परिवार की इच्छा के अनुसार अंतिम संस्कार कराया गया है।

# मुलायम सिंह यादव से राजा भैया ने की मुलाकात

● कहा, जन्मदिन की बधाई देने आया था चुनाव से जोड़कर न देखा जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रतापगढ़** के कुंडा से निर्दलीय विधायक और पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने बृहस्पतिवार को लखनऊ में सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। करीब आधा घंटा की इस मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि इस मुलाकात को चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। मुलाकात के बाद राजा भैया ने कहा कि नेता जी के जन्मदिन पर मैं हमेशा मिलकर शुभकामनाएं देते रहा हूं लेकिन इस बार मैं बाहर था। इसलिए जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने नहीं आ पाया था। इसे चुनाव से जोड़कर न देखा जाए और न इसका कोई अलग से निहितार्थ निकाला जाए। गौरतलब है कि पिछले दिनों राजा भैया ने कहा था कि उनकी पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक यूपी में 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और वहां से कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगी जहां से योगी आदित्यनाथ उम्मीदवार होंगे। मुलायम सिंह यादव के करीबी रहे राजा भैया पिछले काफी समय से अपनी पार्टी को मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं।

अखिलेश यादव सरकार में प्रभावी रहे राजा भैया के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार से भी नजदीकी की चर्चा सियासी गलियारों में रहती है। इधर सपा लगातार छोटे दलों को अपने बैनर तले एकजुट करने में जुटी है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव से उनकी मुलाकात को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है।

# नफरत की राजनीति करती है भाजपाः अखिलेश

● जनवादी सोशलिस्ट पार्टी की रैली में सपा अध्यक्ष ने बीजेपी पर जमकर साधा निशाना




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के पास नफरत के सिवाय और कुछ नहीं है। वे इसी की राजनीति करते हैं। वे भाईचारा और गंगा जमुनी संस्कृति को खत्म करना चाहते है। भाजपा ने लोगों का हक और सम्मान छीना है और अपमानित किया है। इस बार सन् 2022 में होने वाला चुनाव ऐतिहासिक होगा। इसमें भाजपा की ऐतिहासिक हार होगी।

अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को लखनऊ के रमाबाई अम्बेडकर मैदान में जनवादी पार्टी सोशलिस्ट की जनवादी जनक्रांति महारैली को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। जनवादी पार्टी सोशलिस्ट के अध्यक्ष डॉण् संजय चौहान ने अपने समर्थकों से अपील करते हुए कहा कि भाजपा को सबक सिखाने के लिए अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। भाजपा वोट लेती है हिस्सेदारी नहीं देती है। भाजपा सामाजिक न्याय नहीं चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि आज का नारा यही है कि भाजपा हटाओ प्रदेश बचाओ, नहीं चाहिए भाजपा। इस सरकार से हर वर्ग के लोग दु:खी हैं। इतना दु:ख और तकलीफकिसी सरकार ने नहीं दी। भाजपा ने जनसामान्य को परेशान कर दिया है। बाबा साहेब ने जो सपना देखा था वो सपना पूरा नहीं हुआ। खुशहाली का सपना तब पूरा होगा जब आपकी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा चौहान समाज विकास में बहुत पीछे छूट गया है। भाजपा ने उसे पीछे कर दिया है। उन्होंने चौहान समाज से साइकिल को जिताने की अपील की। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों को धोखा दिया है। धान की लूट हो गई है। किसान को धान की कीमत नहीं मिली। खाद का अभाव है, बिजली महंगी, डीजल महंगा, बीज महंगा। गन्ना किसान का बकाया नहीं मिला है। किसानों के हित में समाजवादी सरकार मण्डियां बना रही थी। समाजवादी सरकार में बेहतर मंडियों की व्यवस्था होगी। भाजपा बताए किसानों के लिए क्या किया? तीन काले कृषि कानून वापस हुए पर एमएसपी नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि महंगाई रोकना भाजपा के बस में नहीं है, नौजवान बेरोजगारी का शिकार है। नौकरियां नहीं है। भाजपा के लोग उद्योगपतियों की मदद करते है। इन्होंने यूपी को विकास में पीछे कर बर्बाद कर दिया है। इस बार जनता इन्हें बदल देगी। यूपी का सीएम बदल देगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हवाई जहाज ही नहीं, हवाई अड्डे भी बेच रही है। इसी तरह अन्य संस्थाएं भी बेच रही है। जब सब कुछ बिक जाएगा तो गरीब को हक, सम्मान और आरक्षण कहां मिलेगा? उन्होंने कहा कि समझ में नहीं आता है कि भाजपा का क्या गणित है। सरकारी संस्थान घाटे में है हवाई जहाज घाटे में एयरलाइंस घाटे में। उद्योगपति फायदे में। जेवर में हवाई अड्डा बना रहे हैं, उसे बाद में बेच देंगे। इन पर कोई कैसे विश्वास करेगा? श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ों की जाति जनगणना नहीं कराना चाहती है। वह उन्हें हक और सम्मान नहीं देना चाहती है। समाजवादी सरकार आने पर जाति जनगणना कराई जाएगी और चौहान समाज को भी उसके अधिकार मिलेंगे। उन्होंने कहा सपा सभी को जोड़ रही है। हमने कई दलों को जोड़ने का काम किया है। हमने कई रंगों को मिलाकर रंगीन गुलदस्ता बनाया है। सभी को जोड़कर प्रदेश का विकास करेंगे। भाजपाई एक रंगी लोग है। वे कभी खुशहाली नहीं ला सकते है। वे रंग और नाम बदलने वाली सरकार है। जनता ने भी इसको बदलने का मन बना लिया है।

जनवादी जनक्रांति महारैली में जनवादी पार्टी सोशलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष राम सुरेश चौहान, सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, सोशलिस्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब खान, एमएलसी उदयवीर सिंह तथा राम सागर यादव एवं राम प्रकाश भी उपस्थित थे।

## गिरजेश बने मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय सचिव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह द्वारा ब्रिगेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में गिरजेश यादव को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह द्वारा सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में रूबी खान लखनऊ को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। सपा में आस्था जताते हुए गाजियाबाद के प्रमुख भाजपा नेता सत्येन्द्र शर्मा भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हो गए। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने सदस्यता दिलाई। सत्येन्द्र शर्मा ने विधान सभा चुनाव में सपा को बहुमत में लाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास करने का संकल्प जताया है।

# प्रदेश का जनमानस समझ रहा है जेवर एयरपोर्ट के शिलान्यास की हकीकत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जेवर** एयरपोर्ट के शिलान्यास पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विकास के हर मोर्चे पर विफल सरकार 4.6 साल झूठा प्रोपोगेंडा फैलाती रही, अब चुनाव के समय जेवर एयरपोर्ट के शिलान्यास की हकीकत प्रदेश का जनमानस समझ रहा है जिन किसानों से उनकी स्वाभिमान का प्रतीक जमीनें अधिग्रहित की गईं। उस अधिग्रहण में भूमि अधिग्रहण कानून की धज्जियां उड़ाकर संविधान और किसान के सम्मान को पैरों तले रौंदा गया। जिस जमीन को लेकर सरकार शिलान्यास का भव्यता बनाकर जश्न मना रही उस जमीन के मालिक अन्नदाता को मुआवजा नही मिलना भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के ऐसे इवेंट और शिलान्यास के तमाशे कोई नए नही हैं। इससे पहले भी एक बड़ा भव्य जश्न का का इवेंट बुलेट ट्रेन का किया गया था। जनमानस उस तमाशे को भूला नही है। यह उसी कहावत को चरितार्थ करता है कि श्रोम जल रहा था और नीरो बांसुरी बजा रहा था, हजारों किसान परिवार मुआवज़े के लिए आंदोलनरत होकर परेशान हो भटक रहे हैं। सैकड़ों उजाड़े गये किसान परिवार खुले आसमान के नीचे अभी भी हैं लेकिन संवेदनहीन भाजपा सरकार को कोई फिक्र नही, यह जश्न 700 किसानों की शहादत का मज़ाक़ है। जिन परिवारों में अंधेरा है भाजपा सरकार उनको चिढ़ाने का काम कर रही है।

# नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों में सृजनात्मक क्षमता विकसित होगी: राष्ट्रपति

● राष्ट्रपति ने यहां हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विवि के शताब्दी वर्ष समारोह में कहा, बेटियों को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए




**भाषा।** कानपुर

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में लागू की जा रही नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों में सृजनात्मक क्षमता विकसित होगी तथा भारतीय भाषाओं की ताकत और बढ़ेगी।

राष्ट्रपति ने यहां हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह में कहा, नई शिक्षा नीति द्वारा ऐसी उच्चतर शिक्षा की व्यवस्था की जानी है जो परंपरा से पोषण प्राप्त करती हो और अपने दृष्टिकोण में आधुनिक एवं भविष्योन्मुख भी हो। नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा सूत्र की संस्तुति की गई है। इससे विद्यार्थियों में सृजनात्मक क्षमता विकसित होगी तथा भारतीय भाषाओं की ताकत और बढ़ेगी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सोच के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वैज्ञानिक एवं तकनीकी शिक्षा तथा शोध को भारतीय भाषाओं से जोड़ने की संस्तुति की गई है। मुझे विश्वास है कि आप सब इस शिक्षा नीति के सभी प्रमुख आयामों को लागू करेंगे तथा भारत को नॉलेज सुपर पावर बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा, तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आज भी बेटियों की भागीदारी संतोषजनक नहीं है। मुझे बताया गया है कि हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी में भी पीएच. डी. में तो छात्र-छात्रा अनुपात लगभग बराबर है लेकिन बी. टेक. और एम. टेक. में छात्राओं की संख्या छात्रों की अपेक्षाकृत कम है।

आज समय की जरूरत है कि बेटियों को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इससे महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रपति ने कहा, हमारे देश के तकनीकी संस्थानों को अपने विद्यार्थियों में अन्वेषण, नवाचार और उद्यमशीलता की सोच विकसित करने के प्रयास करने चाहिए। उन्हें शुरू से ही ऐसा वातावरण प्रदान करना चाहिए जिसमें वे नौकरी लेने वाले की जगह नौकरी देने वाले बनकर देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। डिजिटल अर्थव्यवस्था के युग में भारत के युवा सफलता के ऐसे अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं जिनकी कुछ वर्षों पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा, एक विश्लेषण के अनुसार वर्ष 1990 के बाद जन्म लेने वाले यानी 31 वर्ष से कम आयु के 13 युवा उद्यमियों ने एक हज़ार करोड़ रुपए से अधिक की परिसंपत्ति अर्जित कर बिलियनेयर-क्लब में अपना स्थान बनाया है। उनमें एक 23 वर्ष का नवयुवक भी है जिसने तीन साल पहले यानि 20 साल की उम्र में डिजिटल टेक्नॉलॉजी पर आधारित अपना कारोबार शुरू किया। आज भारत में सौ में से 65 अरबपति पैतृक उद्यम के बल पर नहीं बल्कि स्वावलंबन के बल पर सफल उद्यमी बने हैं। कोविंद ने कानपुर की प्रशंसा करते हुए कहा, यहां के प्रशासनिक एवं नगर निगम के अधिकारियों से मैं अपेक्षा करता हूं कि वे देश में लगातार प्रथम स्थान पाने वाले इंदौर शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था को जा कर देखें और वहां के अधिकारियों के साथ ताल-मेल बिठा कर कानपुर को देश के पांच स्वच्छतम शहरों में स्थान दिलाने के लिए प्रयास करें। इस मौके पर उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इतिहास की किताब का विमोचन किया और पहली किताब राष्ट्रपति को भेंट की। बाद में राष्ट्रपति कोविंद ने एक कॉफी टेबल बुक, डाक टिकट, विशेष कवर और 100 रुपए का स्मारक सिक्का भी जारी किया जिसमें शताब्दी समारोह एचबीटीयू की तस्वीर थी। हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) को 25 नवंबर 1921 को स्थापित किया गया था और 2016 से विश्वविद्यालय का दर्जा रहा है। बृहस्पतिवार को अपनी स्थापना के 100 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है।

# कैंसर से बचाव का उपाय खोजने का समय आ गया है : गडकरी

● आज मरीजों से अस्पताल भरे हुए हैं

**भाषा।** औरंगाबाद

**केन्द्रीय** मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के कैंसर अस्पताल मरीजों से भरे हुए हैं और अब समय आ गया है कि इस जानलेवा बीमारी से युवा पीढ़ी के बचाव का उपाय खोजा जाए। कोरोना वायरस संक्रमण महामारी के विषय में बात करते हुए गडकरी ने कहा कि इसकी दूसरी लहर के दौरान अन्य राज्यों से जहां मरीजों को जरूरत थी, वहां तक ऑक्सीजन का परिवहन चुनौती भरा काम था। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री लातूर जिले में विवेकानंद मेडिकल फाउंडेशन एवं रिसर्च सेंटर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गडकरी ने कहा, महामारी के दौरान ऑक्सीजन का परिवहन और उसे दूसरे राज्यों से लाना बड़ी चुनौती थी। हमने विमान से खाली ट्रकों को उठाया और उन्हें विशाखापत्तनम भेजा और ऑक्सीजन से भरे हुए ट्रक वापस लेकर आए। उस समय देश में सिर्फ 17,000 वेंटीलेटर थे। उस समय हमें देश के स्वास्थ्य क्षेत्र की कमियां नजर आईं। मंत्री ने कैंसर से बचाव और उसके उपचार को सभी मरीजों के लिए वहनीय बनाने पर जोर दिया।

गडकरी ने कहा, आज कहीं सुविधाओं की कमी है, अगर हमारे पास दवाएं हैं भी तो वह महंगी हैं। महंगा उपचार और जांच सभी वहन नहीं कर सकते है। नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों को उनके साथ खड़े होना चाहिए जो समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आज हम देख सकते हैं कि कैंसर अस्पताल भरे हुए हैं। पहले मुंबई से सिर्फ एक बड़ा कैंसर अस्पताल हुआ करता था, लेकिन अब देखें तो टाटा इंस्टीट्यूट में कैंसर के लिए कई अस्पताल शुरू किए हैं और सभी भरे हुए हैं। मंत्री ने लोगों में विभिन्न प्रकार के कैंसर के खतरे को कम करने के तरीके खोजने पर बल दिया।

# नौ तक वानखेड़े के खिलाफ कोई सार्वजनिक बयान नहीं दूंगा: मलिक

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** में मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता नवाब मलिक ने बृहस्पतिवार को बंबई उच्च न्यायालय से कहा कि वह स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े, उनके पिता और परिवार के सदस्यों के खिलाफ मामले के सुनवाई की अगली तारीख, नौ दिसंबर तक कोई ट्वीट नहीं करेंगे और न ही सार्वजनिक रूप से बयान देंगे।

अदालत ने मंत्री से पूछा था कि क्या उन्होंने वानखेड़े की जातीय पहचान के खिलाफ अपने आरोपों के संबंध में जाति संवीक्षा समिति के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है और यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया है कि तो फिर मीडिया में प्रचार के पीछे क्या मंशा है। अदालत ने कहा कि मंत्री को यह चीज शोभा नहीं देती। अदालत की इस टिप्पणी पर मलिक ने उक्त आश्वासन दिया। मलिक की ओर से पेश वकील कार्ल तम्बोली ने न्यायमूर्ति एसजे कथावाला और न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की पीठ के समक्ष बयान दिया। अदालत ने कहा कि वह अगली सुनवाई तक मंत्री को वानखेड़े के खिलाफ सार्वजनिक टिप्पणी करने से रोकने के लिए एक आदेश पारित करना चाहती है। पीठ ने कहा कि यह स्पष्ट है कि मलिक ने द्वेष में आकर ट्वीट किए थे। उच्च न्यायालय ने सवाल किया, मंत्री ऐसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं? हम यह जानना चाहते हैं। यह द्वेष के अलावा और कुछ नहीं है। कृपया शब्दकोश में द्वेष का अर्थ पढ़ें। पीठ, समीर वानखेड़े के पिता ज्ञानदेव वानखेड़े द्वारा दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उच्च न्यायालय की एकल पीठ के फैसले को चुनौती दी गई है।

# असम के प्रत्येक मंडल में होगा भाजपा का कार्यालय : हिमंत

**भाषा।** बोंगाईगांव (असम)

**मुख्यमंत्री** हिमंत बिस्व सरमा ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य असम के प्रत्एक मंडल में पार्टी का कार्यालय खोलना है ताकि संगठन को मजबूत किया जा सके। भाजपा पदाधिकारियों के साथ यहां बैठक के बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि हालांकि असम में भाजपा दशकों से मौजूद है, लेकिन संगठन के लिहाज से स्थानीय स्तर पर कार्यालय रखने के बारे में उसने कभी नहीं सोचा। उन्होंने कहा, भाजपा 2014 के बाद से तेज गति से आगे बढ़ी है। पार्टी ने शुरूआत में जिला स्तर पर अपने कार्यालय खोलने पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन लेकिन अब हम प्रत्एक जिला मुख्यालय में पार्टी का कार्यालय खोलना चाहते हैं। दिन में सरमा ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भाबेश कलिता की उपस्थिति में बोंगाईगांव में भाजपा के जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा, अब हम मंडल स्तर पर जाना चाहते हैं। हमारा अगला लक्ष्य असम के प्रत्एक मंडल में पार्टी कार्यालय खोलना है। उसके लिए हमें धन की जरूरत होगी और हम आशा करते हैं कि लोग दिल खोल कर दान करेंगे।

उन्होंने पार्टी के शुभचिंतको के लिए जीवनकाल सहयोग राशि की घोषणा की। जनवरी से शुरू हो रही इस योजना में प्रत्एक व्यक्ति का न्यूनतम योगदान 50 रूपए का होगा। सरमा ने कहा, मजबूत संगठन के लिए, हमें जमीनी स्तर पर कार्यकर्ता तैयार करने की जरूरत होगी और फिर हमें कार्यालय बनाने होंगे। इसलिए हमें धन जुटाने पर भी उतना ही ध्यान देना होगा।



कृष्णागिरी जिले के वेप्पनपल्ली में भारी बारिश के बाद उफनाई नदी को रस्सी के सहारे पार करतीं छात्राएं

# उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में 60 पार के लक्ष्य को भाजपा शत-प्रतिशत प्राप्त करेगी: प्रह्लाद जोशी

**भाषा।** देहरादून

**केंद्रीय** मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उत्तराखंड चुनाव प्रभारी पहलाद जोशी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि विधानसभा चुनाव में भाजपा अपने निर्धारित 60 से ज्यादा सीटों के लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त कर लेगी।

यहां प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति में भाग लेने के बाद जोशी ने कहा, मुझे लगता है कि पार्टी की पिछले कई चुनावों की तैयारियों की तुलना में इस बार हम काफी आगे बढ चुके हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि 60 पार का लक्ष्य जो हमने रखा है, उसे हम 100 प्रतिशत प्राप्त कर लेंगे। भाजपा ने 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में 70 में से 57 सीटों पर जीत दर्ज की थी। आगामी चुनाव के लिए रोडमैप तैयार करते हुए पार्टी ने अपने लिए इस बार, 60 के पार का लक्ष्य निर्धारित किया है। जोशी ने कहा कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह स्वयं, दोनों सहप्रभारी-आर पी सिंह और लॉकेट चैटर्जी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक सहित वरिष्ठ नेता जमीनी स्तर तक कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं और इस बात पर जबरदस्त चर्चा चल रही है कि पार्टी के विचार और रणनीति जनता तक कैसे पहुंचे। प्रदेश पार्टी अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्रों की कोर कमेटी की बैठकों में निचले स्तर पर हो रहे कार्यो और महाजनसंपर्क अभियान की समीक्षा के साथ ही आने वाले समय में मेरा घर कोरोनामुक्त के साथ शुरू होने वाले दूसरे विशेष महाजनसंपर्क अभियान को लेकर हर घर तक पहुंचने पर भी चर्चा की जाएगी। कौशिक ने बताया कि पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति में बनाई गई 33 उप समितियों की कल से लेकर आज तक 13 की बैठक हो चुकी है जिनमें घोषणापत्र, विशेष जन संपर्क अभियान और प्रबंधन प्रमुख हैं। उन्होंने कहा, हमने तय किया है कि विशेष संपर्क अभियान की प्रदेश की टीम विधानसभा क्षेत्र स्तर तक जाएगी और समाज की दिशा तय करने वाले प्रबुद्ध वर्ग के 50-100 लोगों से संपर्क और बातचीत कर उनसे प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने के लिए सहयोग का निवेदन करेगी। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह तक इसकी रूपरेखा बनाकर काम शुरू कर दिया जाएगा। इसी प्रकार, प्रदेश की चुनाव प्रबंधन समिति ने सभी 13 जिलों में 30 तारीख तक जिला स्तरीय और फिर विधानसभा स्तरीय चुनाव प्रबंधन समिति बनाने को कहा है ताकि चुनाव प्रबंधन का काम सक्रिय रूप से जल्द शुरू हो सके। चुनावों में टिकट वितरण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कौशिक ने कहा कि जल्द ही सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी की एक समिति भेजी जाएगी।

## स्थानीय निकाय चुनाव की घोषणा, अदालत पहुंची भाजपा

**भाषा।** कोलकाता

**भारतीय** जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय से कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग ने कोलकाता नगर निगम के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है, जबकि पश्चिम बंगाल के सभी स्थानीय निकायों का चुनाव एक ही दिन कराने के अनुरोध संबंधी उसकी याचिका पर अदालत में सुनवाई चल रही है। मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति आर. भारद्वाज की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता व पश्चिम बंगाल भाजपा के उपाध्यक्ष प्रताप बनर्जी के वकील को निर्देश दिया कि वह अपनी शिकायतें हलफनामे के रूप में दायर करें। पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई सोमवार को ही होगी, जैसा पहले से तय है। भाजपा के वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय में उसकी याचिका लंबित होने के बावजूद कोलकाता नगर निगम के लिए 19 दिसंबर को चुनाव की घोषणा की गई।

# कांग्रेस अपने नेताओं के पार्टी छोड़ने के लिए तृणमूल को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकती

**भाषा।** कोलकाता

**मेघालय** में कांग्रेस के 17 में से 12 विधायकों के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल होने संबंधी खबरों के बीच, टीएमसी ने कांग्रेस को अयोग्य और अक्षम करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेसी नेताओं के पार्टी छोड़ने के लिए ममता बनर्जी की पार्टी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। तृणमूल ने अपने मुखपत्र जागो बांग्ला में प्रकाशित एक लेख में कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को टक्कर देने के लिए अन्य राज्यों में भी पैठ बढाएगी। तृणमूल ने कहा, कांग्रेस में गंभीर समस्याएं हैं। उसका कोई नेता जब तृणमूल में शामिल होता है, तो वह हमारी आलोचना करती है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की तुलना में उसकी पश्चिम बंगाल इकाई के प्रमुख अधीर रंजन चौधरी को इससे अधिक समस्या है।

संपादकीय में कहा गया, कांग्रेस भाजपा को टक्कर देने में नाकाम रही है। दूसरी ओर, (पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी और तृणमूल ने दिखाया है कि (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी और (गृह मंत्री अमित) शाह को कैसे हराना है। इसी कारण तृणमूल को अन्य राज्यों में भी अपनी इकाइयां गठित करने के अनुरोध मिले हैं। नेता हमारी पार्टी में शामिल होना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि ममता बनर्जी वैकल्पिक चेहरा हैं। भाजपा से लड़ने की कांग्रेस की अयोग्यता और अक्षमता के लिए तृणमूल को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। मुखपत्र ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा 20 अगस्त को बुलाई गई विपक्ष की बैठक के दौरान संयुक्त संचालन समिति के गठन के बनर्जी के प्रस्ताव का जिक्र करते हुए कहा कि तब से उस दिशा में कोई कदम आगे नहीं बढ़ाया गया है। मुखपत्र में कहा गया, कांग्रेस वातानुकूलित कमरों और सोशल मीडिया तक सीमित हो गई है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन बनाने के लिए कोई पहल नहीं की। वे भाजपा के खिलाफ मुहिम तैयार करने में भी असफल रहे। गोवा हो या त्रिपुरा, तृणमूल ही जमीनी स्तर पर लड़ रही है। टीएमसी ने कहा, हमारी पार्टी की सुप्रीमो भाजपा के खिलाफ अखिल भारतीय राष्ट्रीय गठबंधन चाहती हैं। हमने कभी नहीं कहा कि कांग्रेस के बिना विपक्षी गठबंधन बनाया जाएगा, लेकिन यदि कांग्रेस अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं कर सकती, तो इसमें हम कुछ नहीं कर सकते। वे अपनी अयोग्यता के लिए हमें दोषी नहीं ठहरा सकते। मेघालय के एक बागी विधायक एच एम शंगप्लियांग ने बुधवार रात कहा था, मेघालय में कांग्रेस के 17 में से 12 विधायकों ने तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने का निर्णय लिया है। हम पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा के नेतृत्व में औपचारिक रूप से तृणमूल कांग्रेस में शामिल होंगे।

## रामबाग मुठभेड़ की प्रामाणिकता पर सवाल है : महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर** (भाषा)। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बृहस्पतिवार को कहा कि शहर के रामबाग इलाके में हुई मुठभेड़ को लेकर जायज शक पैदा हो रहे हैं जिसमें पुलिस ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया था। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में हाल में आम नागरिकों की हत्या के मामले में वांछित द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) आतंकवादी संगठन के एक स्वयंभू कमांडर समेत तीन आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने बुधवार को मार गिराया था। महबूबा ने ट्वीट किया, कल रामबाग में हुई कथित मुठभेड़ के बाद उसकी प्रामाणिकता को लेकर जायज शक पैदा हो गए हैं। पीडीपी प्रमुख ने आरोप लगाया कि खबरों और चश्मदीदों के मुताबिक ऐसा लगता है कि गोलीबारी एकतरफा थी। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, एक बार फिर आधिकारिक बयान जमीनी हालात से मेल नहीं खाता जैसा कि शोपियां, एचएमटी और हैदरपोरा में देखा गया था। गौरतलब है कि बुधवार को रामबाग में मारे गए आतंकवादियों की पहचान टीआरएफ के कमांडर मेहरान शल्ला और पुलवामा निवासी मंजूर अहमद मीर और अराफात शेख के तौर पर की गई है। अधिकारियों के मुताबिक ए आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन टीआरएस से जुड़े हुए थे।

# आईआईएम इंदौर में अध्ययनरत तीन और सैन्य अधिकारी कोरोना से संक्रमित पाए गए

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**इंदौर** के भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के एक पाठ्यक्रम के 60 प्रतिभागियों में शामिल तीन और सैन्य अधिकारी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। इसके साथ ही, गुजरे पांच दिनों में महामारी की जद में मिले उन सैन्य अधिकारियों की तादाद बढ़कर 14 पर पहुंच गई है जो इस पाठ्यक्रम का हिस्सा हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. बीएस सैत्या ने बृहस्पतिवार को बताया, "इंदौर में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस के पांच नए मरीज मिले हैं जिनमें थल सेना के तीन अधिकारी शामिल हैं। हालांकि, कोरोना वायरस रोधी टीके की दोनों खुराकें ले चुके इन सैन्य अधिकारियों में महामारी के लक्षण नहीं हैं। सैत्या ने बताया कि तीनों संक्रमित अधिकारी आईआईएम इंदौर के सर्टिफिकेट कोर्स इन बिजनेस मैनेजमेंट फॉर डिफेंस ऑफिसर्स (सीसीबीएमडीओ) के प्रतिभागियों में शामिल हैं। सीएमएचओ के मुताबिक पिछले पांच दिन के भीतर इस पाठ्यक्रम में शामिल 11 अन्य सैन्य अधिकारी भी महामारी की जद में पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस से संक्रमित सभी 14 सैन्य अधिकारियों ने करीब ढाई महीने पहले सीसीबीएमडीओ में दाखिला लिया था और इस पाठ्यक्रम की कुल अवधि छह महीने है। सैत्या ने बताया कि सभी संक्रमित फौजी अधिकारियों का इलाज नजदीकी महू छावनी के सैन्य चिकित्सालय के डॉक्टरों की देख-रेख में किया जा रहा है। आईआईएम के एक अधिकारी ने बताया कि प्रतिभागी फौजी अधिकारियों के कोविड-19 की जद में पाए जाने के बाद सतर्कता बरतते हुए सीसीबीएमडीओ की ऑफलाइन (भौतिक) कक्षाएं पहले ही रोकी जा चुकी हैं और इस पाठ्यक्रम की बाकी पढ़ाई ऑनलाइन पूरी कराई जा रही है।

# मुख्यमंत्री के सलाहकारों की नियुक्ति पर राज्यपाल ने मांगा राज्य सरकार से स्पष्टीकरण

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** के राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य सरकार द्वारा हाल में नियुक्त मुख्यमंत्री के सलाहकारों के संवैधानिक दर्जा के बारे में मुख्य सचिव से जानकारी मांगी है।

राजभवन सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने इस बारे में विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ द्वारा दिए गए ज्ञापन को मुख्य सचिव को भेजा और इन नियुक्तियों के संवैधानिक दर्जा के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है।

राठौड़ ने अपने ज्ञापन में मुख्यमंत्री के सलाहकारों की नियुक्ति एवं संसदीय सचिवों की संभावित नियुक्ति को संविधान के अनुच्छेद 164 (1 ए), 191 (1) (ए) एवं अनुच्छेद 246 के प्रावधानों तथा उच्चतम न्यायालय एवं आधा दर्जन उच्च न्यायालयों के निर्णयों का उल्लंघन बताया है और कहा है कि राज्य सरकार असंवैधानिक कृत्य कर असंतुष्ट विधायकों को खुश कर रही है। उन्होंने राजस्थान सरकार को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री के सलाहकारों की नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने तथा संसदीय सचिवों की संभावित नियुक्ति नहीं करने की मांग की थी। राज्य सरकार ने रविवार को कांग्रेस विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह, राजकुमार शर्मा व दानिश अबरार तथा निर्दलीय विधायक बाबूलाल नागर, संयम लोढ़ा, रामकेश मीणा को मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया। राज्य सरकार द्वारा 15 विधायकों को संसदीय सचिव बनाए जाने की भी संभावना है। इससे पहले गहलोत मंत्रिपरिषद के पुनर्गठन के तहत 15 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी जिनमें तीन मौजूदा मंत्रियों को राज्यमंत्री से कैबिनेट मंत्री बनाया गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इन सलाहकारों के साथ पहली बैठक बुधवार रात की। वहीं, राठौड़ ने बुधवार को ट्वीट किया, संविधान के तमाम प्रावधानों के प्रतिकूल मात्र पार्टी में उभरते हुए असंतोष को दबाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने छह विधायकों को उपकृत करते हुए सलाहकार के पद पर नियुक्त किया है। लेकिन प्रावधानों के मुताबिक किसी भी विधायक को लाभ के पद से नवाजा नहीं जा सकता है।

उन्होंने लिखा, अंतर्कलह से जूझती कांग्रेस सरकार विधायकों को प्रलोभन देकर खुश करना चाह रही है। महामहिम राज्यपाल महोदय को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने मुख्यमंत्री सलाहकारों की नियुक्ति एवं संसदीय सचिवों की संभावित नियुक्ति के संबंध में मेरे पत्र पर संज्ञान लेकर सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है।

# कांग्रेस का तृणमूल पर हमला, षड्यंत्र का मकसद भाजपा को मजबूत करना

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने मेघालय में पार्टी के कई विधायकों के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने की पृष्ठभूमि में बृहस्पतिवार को ममता बनर्जी नीत पार्टी पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि ऐसी पार्टियां भाजपा की प्रतिनिधि हैं और इनके षड्यंत्र का मकसद देश की सबसे पुरानी पार्टी को कमजोर एवं केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को मजबूत करना है।

पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने यह भी कहा कि जनता से जुड़े प्रमुख मुद्दों को सिर्फ कांग्रेस और राहुल गांधी ने उठाया है, लेकिन ए पार्टियां चाहती हैं कि भाजपा को कटघरे में नहीं खड़ा किया जाए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, देश का कोई मुद्दा हो, चाहे वो चीन का मुद्दा हो, कृषि कानून का मुद्दा हो, महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा हो, इन पर लड़ाई कौन लड़ रहा है? कांग्रेस, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी लड़ाई लड़ रहे हैं। अगर कोई चाहता है कि इन मुद्दों पर सवाल नहीं पूछे जाएं और भाजपा को कटघरे में नहीं खड़ा किया जाए, तो उनके इस षड्यंत्र का एक ही मकसद है कि कांग्रेस को कमजोर करो और भाजपा को मजबूत करो। तृणमूल यही कर रही है। वल्लभ ने आरोप लगाया, जो लोग यह काम कर रहे हैं कि उससे सिर्फ भाजपा का फायदा हो रहा है। जो भी क्षेत्रीय दल ऐसा कर रहे हैं वो भाजपा के प्रॉक्सी (प्रतिनिधि) हैं, भाजपा के साथ खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिनमें वैचारिक प्रतिबद्धता की कमी है, वही कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं। गौरतलब है कि मेघालय विधानसभा में कांग्रेस के 17 में से 12 विधायक बृहस्पतिवार को तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा भी शामिल हैं। इससे पहले, कांग्रेस नेता कीर्ति आजाद और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अशोक तंवर मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए थे।

## मध्यप्रदेश के रीवा जिले में कोविड-19 रोधी टीके की 500 से अधिक खाली शीशियां बिखरी मिली

**रीवा (मप्र)।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक निस्तारण गड्ढे के आसपास कोविड-19 रोधी टीकों की 500 से अधिक खाली शीशियां बिखरी मिलीं, जिससे बाद अधिकारियों ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी है। मऊगंज के प्रखंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. एम सिद्दिकी ने बताया, काफी पहले समय की ए टीकों की खाली शीशियां हैं जो मऊगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक गड्ढे में निस्तारण के लिए रखी हुई थीं। गड्ढे की दीवार शरारती तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर मंगलवार को इन्हें बिखेर दिया गया है।

# सेंसेक्स 454 अंक उछला

भाषा। मुंबई

**शेयर बाजार** बृहस्पतिवार को शुरूआती उतार-चढ़ाव वाली स्थिति से उबरते हुए जोरदार बढ़त के साथ बंद हुए। मासिक वायदा एवं विकल्प खंड में अंतिम दिन सौदा पूरा करने को लेकर की गई लिवाली और सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलांयस इंडस्ट्रीज में तेजी आने से बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लाभ में रहें। कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में गिरावट, विदेशी पूंजी निकासी जारी रहने और वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख से तेजी पर अंकुश लगा।

तीस शेयरों पर आधरित सेंसेक्स 454.10 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,795.09 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 121.20 अंक यानी 0.70 प्रतिशत उछलकर 17,536.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज 6.10 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में रही। इसके अलावा आईटीसी, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा,, टाइटन और भारती एयरटेल में भी प्रमुख रूप से



तेजी रही। दूसरी तरफ गिरावट वाले शेयरों में मारुति, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, एचयूएल, एक्सिस बैंक, बजाज ऑटो और एलएंडटी शामिल हैं। आशिका स्टॉक ब्रोकिंग के शोध प्रमुख (खुदरा) अरिजीत मालाकर ने कहा, मासिक वायदा एवं विकल्प खंड में सौदे खत्म होने के अंतिम दिन की गई लिवाली से बाजार में तेजी को समर्थन मिला। हालांकि मुद्रास्फीति बढ़ने और दुनिया के विभिन्न देशों में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण धारणा कमजोर बनी रह सकती है। आनंद राठी फर्म के इक्विटी शोध (फंडामेंटल) प्रमुख नरेंद्र सोलंकी ने कहा कि घरेलू बाजार में शुरूआत मिली-जुली रही। इसका कारण यूरोप में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के साथ बैंक ऑफ दक्षिण कोरिया का ब्याज दर बढ़ाना था। उन्होंने कहा, दोपहर के कारोबार में बाजार में तेजी लौटी। भारत की आर्थिक वृद्धि दर मजबूत रहने के मूडीज के अनुमान से बाजार पर सकारात्मक असर पड़ा। रेटिंग एजेंसी ने वित्त वर्ष 2021-2 में वृद्धि दर 9.3 प्रतिशत और 2022-23 में 7.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्की लाभ में रहें जबकि चीन में शंघाई कंपोजिट सूचकांक और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहें। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के सत्र के दौरान सकारात्मक रुख था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.38 प्रतिशत फिसलकर 81.94 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूटकर 74.52 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के पास उपलब्ध आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 5,122.65 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम की योजना से सितंबर में 13.37 लाख नए सदस्य जुड़े

भाषा। नई दिल्ली

**कर्मचारी राज्य** बीमा निगम (ईएसआईसी) की तरफ से चलाई जाने वाली सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत सितंबर में करीब 13.37 लाख नए सदस्य जुड़े। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बृबस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक ईएसआईसी के साथ जुड़ने वाले नए कर्मचारियों की संख्या सितंबर में 13.37 लाख रही। अगस्त में यह आंकड़ा 13.42 लाख कर्मचारियों का था। इसके पहले जुलाई में भी ईएसआईसी योजना से 13.40 लाख नए कर्मचारी जुड़े थे। इन आंकड़ों को देश में संगठित क्षेत्र के बेहतर होते रोजगार परिदृश्य के रूप में देखा जा रहा है। खास तौर पर कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर कमजोर पड़ने के बाद संगठित रोजगार में सुधार होना एक राहत की बात है। एनएसओ ईएसआईसी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के सदस्य बनने वाले नए सदस्यों की संख्या के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार करता है। इस रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर महीने में ईपीएफओ के पास 15.41 लाख नए पंजीकरण हुए जो अगस्त के 13.60 लाख से अधिक है। सितंबर 2017 से लेकर सितंबर 2021 के दौरान करीब 4.71 करोड़ नए सदस्य ईपीएफ योजना से जुड़ चुके हैं। हालांकि एनएसओ का यह मानना है कि कई स्रोतों से आंकड़े जुटाए जाने के कारण नए सदस्यों की संख्या में दोहराव होने की गुंजाइश रहती है।



केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक दिवसीय यात्रा के दौरान मुंबई में सीमा शुल्क की पहल की समीक्षा के दौरान

# केंद्र ने रूपरेखा पर चर्चा के लिए राज्यों के खाद्य सचिवों का समूह गठित किया

भाषा। नई दिल्ली

**सामुदायिक रसोई योजना**

**केंद्रीय** खाद्य मंत्री पीयूष गोयल ने राशन दुकानों के दायरे में नहीं आने वाले जरूरतमंदों के लिए सरल और पारदर्शी सामुदायिक रसोई स्थापित करने की योजना की रूपरेखा पर विचार करने को लेकर बृहस्पतिवार को राज्य के खाद्य सचिवों के एक समूह के गठन की घोषणा की। राष्ट्रीय राजधानी में राज्य के खाद्य मंत्रियों के साथ बैठक के दौरान इस संबंध में निर्णय लिया गया था।

यह बैठक उच्चतम न्यायालय के एक निर्देश के बाद बुलाई गई थी। निर्देश में केंद्र को तीन सप्ताह के भीतर राज्यों की सहमति के आधार पर सामुदायिक रसोई योजना का मॉडल तैयार करने को कहा गया था। गोयल ने योजना की रूपरेखा पर विचार-विमर्श करने के लिए राज्य के खाद्य सचिवों के एक समूह की स्थापना की घोषणा करते हुए कहा कि एक सामुदायिक रसोई योजना तैयार करने की आवश्यकता है - जो सरल, पारदर्शी और लोगों के लाभ में हो। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता, स्वच्छता, विश्वसनीयता और सेवा की भावना के चार स्तंभों पर एक सामुदायिक रसोई बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह हमें, कोई भी भूखा नहीं सोए के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगा। एक सरकारी बयान में बैठक में मंत्री के हवाले से कहा गया है कि सामुदायिक रसोई समुदाय द्वारा संचालित और समुदाय के कल्याण के लिए और समुदाय की ही होगी। गोयल ने आगे कहा, "हमें देश के गरीबों के प्रति सहानुभूति रखनी चाहिए और बच्चों को उचित पोषण सुनिश्चित करने के लिए सफल और पारदर्शी खाद्य कार्यक्रम चलाने का सामूहिक संकल्प सुनिश्चित करना चाहिए। रूपरेखा प्रस्ताव पर विचार करने के लिए अधिकारियों के स्तर पर अगली बैठक 29 नवंबर को होगी। केंद्र को शीर्ष अदालत का यह निर्देश, देश भर में सामुदायिक रसोई स्थापित करके जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए एक आवश्यक योजना तैयार करने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दायरे से बाहर के व्यक्तियों के लिए एक राष्ट्रीय खाद्य ग्रिड बनाने के संबंध में दायर एक रिट याचिका पर आया था ताकि भुखमरी और कुपोषण से लड़ा जा सके।

## क्विक न्यूज

### प्रौद्योगिकी और इंटरनेट को लेकर नया कानूनी ढांचा आएगा: चंद्रशेखर

**नई दिल्ली (भाषा)** । इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि देश में प्रौद्योगिकी और इंटरनेट को लेकर एक नया कानूनी ढांचा आएगा और डेटा संरक्षण विधेयक इस दिशा में पहला कदम है। चंद्रशेखर ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार और सार्वजनिक सेवाओं का तेजी से डिजिटलीकरण होगा और जल्द ही शुरू होने वाली डिजिटल इंडिया-2 योजना पिछले कुछ वर्षों में हासिल हुए लाभ का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। मंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इंटरनेट और प्रौद्योगिकी खुले, सुरक्षित और जवाबदेह बने रहें, क्योंकि अगले कुछ वर्षों में 1.2 अरब भारतीय इंटरनेट का इस्तेमाल करने लगेंगे। चंद्रशेखर ने आधार 2.0 वर्कशॉप के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, देश में प्रौद्योगिकी और इंटरनेट को लेकर एक नया आधुनिक कानूनी ढांचा आएगा। डेटा संरक्षण बिल इस दिशा में पहला कदम है जिसे आप जल्द ही अगले कुछ महीनों में देखेंगे। यह भी संचालन के पूरे वातावरण में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा। उन्होंने साथ ही देश के प्रत्एक नागरिक के लिए विश्वसनीय सामान्य डिजिटल आईडी बनाने की जरूरत का भी समर्थन किया।

### सेबी ने शेयर खरीद में फर्जीवाड़े पर लगाया 1.15 करोड़ रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शेयरों के कारोबार में फर्जीवाड़े को लेकर वॉल्टेयर लीजिंग ऐंड फाइनेंस लिमिटेड और उसके कुछ अधिकारियों पर 1.15 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बृहस्पतिवार को अपने एक बयान में कहा कि इस कंपनी से जुड़े लोगों के अलावा 11 अन्य लोग भी इस अर्थदंड में भागीदार हैं। यह जुर्माना अगस्त 2014 से लेकर जुलाई 2015 के दौरान हुई गड़बड़ी की जांच के बाद लगाया गया है। सेबी ने बताया कि इस कंपनी के शेयरों की कीमत में छेड़छाड़ की गई थी। इस काम में बाहरी लोगों के अलावा कंपनी और उसके निदेशक दिलीप राजकुमार पटोदिया, अमलेश साधू और हरिवल्लभ मूंदड़ा की भी संलिप्तता पाई गई है। इस कंपनी पर 10 लाख रुपए और उसके तीनों निदेशकों पर 15-15 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा सेबी ने 11 अन्य लोगों पर भी पांच-पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। सेबी ने एक अन्य आदेश में कहा कि 12 कंपनियों पर विभिन्न मानकों का उल्लंघन करने के आरोप में उसने 88 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इनमें निक्विता फॉरेक्स, नेचर इंफ्रेसॉफ्ट, टॉपलाइन फेब्रिक्स और तुषार कमोडिटिज भी शामिल है।

### भारत में गैस की खपत 2030 तक तीन गुना से अधिक बढ़ जाएगी: गेल निदेशक

**नई दिल्ली(भाषा)।** गेल (इंडिया) के विपणन निदेशक ई एस रंगनाथन ने कहा कि इस दशक के अंत तक भारत में प्राकृतिक गैस की खपत बढ़कर 55 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन होने का अनुमान है। यह इस समय लगभग 17.4 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन है। उन्होंने कहा कि इसकी वजह इस्पात जैसे नए उद्योगों को शामिल करने के साथ उपयोगकर्ता आधार का विस्तार होना है। रंगनाथन ने बृहस्पतिवार को ईटीएनर्जीवर्ल्ड गैस कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन की प्रतिबद्धता से जुड़े क्रांतिकारी कदम ने भारतीय अर्थव्यवस्था के एक स्वच्छ और कम उत्सर्जन वाली अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने को दृढ़ता से प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा, अब हमारे पास प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण से कोयले को चरणबद्ध तरीके से कम करने को लेकर एक निश्चित नीतिगत दिशा है, जिसके लिए हमारे लक्ष्य भारत की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, ब्लू हाइड्रोजन और अमोनिया जैसे व्युत्पन्न उत्पादों के साथ... शुद्ध-शून्य उत्सर्जन तक बढ़ने में एक बड़ी भूमिका होगी

### सरकार ने पीएम गति शक्ति योजना के तहत 101 परियोजनाओं की पहचान की: सोनोवाल

**नई दिल्ली(भाषा)।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने खपत और उत्पादन केंद्रों के साथ बंदरगाहों का संपर्क बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत 101 परियोजनाओं की पहचान की है। उन्होंने उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के जरिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 111 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया गया है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री ने कहा, भारत के लिए लॉजिस्टिक की लागत कम करना महत्वपूर्ण है। हमारी सरकार देश भर में लॉजिस्टिक संबंधी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने खपत और उत्पादन केंद्रों के साथ बंदरगाहों का संपर्क बढ़ाने के लिए पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत 101 परियोजनाओं की पहचान की है। सोनोवाल ने कहा, सरकार की बुनियादी ढांचा योजनाएं जैसे सागरमाला, भारतमाला परियोजना (जिसका उद्देश्य पूरे देश में राजमार्गों का एक ग्रिड बनाना है), समर्पित माल गलियारा (डीएफसी) कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है।

### इंजीनियर महासंघ ने बिजली संशोधन विधेयक वापस लेने की मांग की

**नई दिल्ली** । अखिल भारतीय विद्युत इंजीनियर महासंघ (एआईपीईएफ) ने सरकार से बिजली संशोधन विधेयक 2021 को वापस लेने की मांग करते हुए कहा है कि विधेयक लाने के पहले सार्वजनिक परामर्श की नीति का अनुसरण करना चाहिए। एआईपीईएफ ने बिजली संशोधन अधिनियम 2021 के संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की योजना के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दखल देने का अनुरोध भी किया है। महासंघ की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक उसके चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने इस संबंध में प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा है। इसमें प्रधानमंत्री से अधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि संसद में विधेयक पेश करने के पहले पूर्व-विधाई परामर्श नीति का पालन किया जाए। दुबे ने कहा है कि अगर इस विधेयक को संसद में पेश करने की योजना से सरकार पीछे नही हटती है तो देश भर के करीब 15 लाख बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर देशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस बारे में भावी रणनीति तय करने के लिए तीन दिसंबर को राष्ट्रीय बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर समन्वय समिति की एक बैठक बुलाई गई है। एआईपीईएफ की बिजली संशोधन विधेयक के बारे में यह आपत्ति है कि सरकार ने वर्ष 2014 में जारी पूर्व-विधाई परामर्श नीति का इस विधेयक के संदर्भ में पालन नही किया है।

# बिजली संयंत्रों को वाजिब दर पर प्राकृतिक गैस देने के लिए समिति का गठन

भाषा। नई दिल्ली

**पेट्रोलियम** सचिव तरुण कपूर ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने बिजली संयंत्रों को एक हद तक स्थिर दरों पर प्राकृतिक गैस मुहैया कराने के लिए जरूरी उपाय सुझाने के लिए एक समिति बनाई है। भारत की गैस-आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 24,900 मेगावाट की है। लेकिन वाजिब दरों पर गैस की उपलब्धता नहीं होने से 14,305 मेगावाट बिजली का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। पेट्रोलियम सचिव कपूर ने ईटी एनर्जी गैस कॉन्क्लेव में कहा कि बिजली क्षेत्र को एक हद तक स्थिर दर पर प्राकृतिक गैस मुहैया कराने के बारे में उपाय सुझाने के लिए एक समिति गठित की गई है। कपूर ने इस समिति के सदस्यों या उसकी रिपोर्ट के बारे में कोई ब्योरा न देते हुए कहा कि बिजली संयंत्र प्रकृतिक गैस को एक स्थिर दर पर चाहते हैं। इसकी वजह यह है कि उनकी पैदा की हुई बिजली लगभग स्थिर दरों पर बेची जाती है।कपूर ने कहा, अगर प्राकृतिक गैस की कीमतें ऊपर जाती हैं तो भी बिजली उत्पादक कंपनियां बिजली के दाम नहीं बढ़ा सकती हैं। लिहाजा हम बिजली क्षेत्र में प्राकृतिक गैस की मौजूदगी बढ़ाने के तौर-तरीके तलाशने में लगे हुए हैं। गैस-आधारित बिजली उत्पादक संयंत्रों को आपूर्ति की जाने वाली औसत घरेलू गैस की मात्रा 2.5 करोड़ घन मीटर प्रति दिन से थोड़ी ही ज्यादा है जो जरूरत का सिर्फ 70 फीसदी ही है। पेट्रोलियम सचिव ने कहा कि बिजली ग्रिड में गैस-आधारित बिजली संयंत्रों की भूमिका एक संतुलन बनाने की होती है।

# रेलवे ने किया जन प्रतिनिधियों के साथ यात्री सुविधाओं को लेकर मंथन

- महाप्रबन्धक उत्तर रेलवे ने अम्बाला और फ़िरोजपुर मंडलों के अंतर्गत आने वाले निर्वाचन क्षेत्रों के सांसदों के साथ बैठक की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**उत्तर रेलवे** के महाप्रबन्धक आशुतोष गंगल ने गुरुवार को चंडीगढ़ में उत्तर रेलवे के अम्बाला और फ़िरोजपुर मंडलों के क्षेत्राधिकार में आने वाले निर्वाचन क्षेत्रों के सांसदों-मंत्रियों के साथ बैठक की । यह बैठक रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा क्षेत्रीय रेलों के महाप्रबंधकों को देश की बेहतर सेवा के लिए आम जनता तक पहुँचने और उनके सुझाव प्राप्त करने के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित की गयी । यह बैठक उत्तर रेलवे अम्बाला और फ़िरोजपुर मंडलों के क्षेत्राधिकार में आने वाले प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में रेल से संबंधित मामलों पर जन प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करके उनका समाधान निकालने के लिए आयोजित की गयी थी ।कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम महाप्रबंधक ने सभी सांसदों का स्वागत किया और उन्हें उत्तर रेलवे के क्षेत्राधिकार में चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों और नई पहलों के संबंध में अवगत कराया । इस अवसर पर अम्ब्ला मंडल के मंडल रेल प्रबन्धक गुरिन्दंर मोहन सिंह और फ़िरोजपुर मंडल की मंडल रेल प्रबंधक डॉ सीमा शर्मा ने इन मंडलों द्वारा सेवित राज्यो केन्द्र शासित प्रदेशो जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तरर प्रदेश और चंडीगढ़ के निर्वाचन क्षेत्रों पर यात्री सुविधाओं, बुनियादी ढॉचे और स्टेशनों व रेलगाड़ियों में विकासात्मक गतिविधियों का प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया। बैठक में उत्तबर रेलवे अम्बाला और फ़िरोजपुर मंडलों के अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया । इस अवसर पर वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री सोम प्रकाश, संसद सदस्य गण लोकसभा गुरजीत सिंह औजला, संतोख सिंह चौधरी, डॉ अमर सिंह, डॉ किशन कपूर, रतनलाल कटारिया, नायब सिंह, हाजी फजलूर रेहमान और जसबीर सिंह संसद सदस्यगण राज्यसभा सुखदेव सिंह ढींढसा, इंदू बाला गोस्वामी और सरदार बलविंदर सिंह भुंदर ने बैठक में अपने विचार रखे और अपने अपने क्षेत्र के रेल उपयोगकर्ताओं की विभिन्न मांगों, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को भी सामने रखा । उन्होंने उत्तर रेलवे से आग्रह किया कि बुनियादी ढांचे और जन सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं को उच्च प्राथमिकता पर पूरा किया जाये । उन्होंने परियोजनाओं को समय से पूरा करने के लिए राज्य प्रशासन के साथ जरूरी समन्वय के लिए सहयोग का प्रस्ताव किया। श्री गंगल ने संसद सदस्यों को आश्वासन दिया कि उत्तर रेलवे सांसदों द्वारा उठाये गये मामलों का जल्द से जल्द समाधान करेगा।

## पेज एक का शेष

### नीट में...

माध्यम से परीक्षा देने वाले छात्रों की आशंकाओं को दूर करने के लिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों संस्करणों का समाधान भौतिकी प्रश्न पत्र (कोड पी2) में सेक्शन-ए के प्रश्न संख्या 2 का मूल्यांकन तीन विशेषज्ञों की एक समिति द्वारा फिर से किया जाएगा। पीठ ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 30 नवंबर की तारीख तय की। शीर्ष अदालत वाजदा तबस्सुम और 21 अन्य नीट उम्मीदवारों द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें भौतिकी के प्रश्न पत्र के हिंदी संस्करण की प्रश्न संख्या-2 में विसंगति और त्रुटि का आरोप लगाया गया। सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि इस मुद्दे की तटस्थ विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई और उनका मत है कि प्रश्न पत्र के हिंदी अनुवाद में कथित विसंगति या शब्दों की चूक के बावजूद उत्तर वही होगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता अर्चना पाठक दवे ने कहा कि शब्दों के चूक के कारण हिंदी संस्करण में एक और जवाब सही है। दवे ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) परीक्षा में बैठने वाले 15 लाख से अधिक छात्रों में से लगभग दो लाख छात्रों ने हिंदी संस्करण को चुना है और वे एक नुकसानदेह स्थिति में होंगे क्योंकि गलत उत्तरों के लिए नकारात्मक अंक का प्रावधान था। इस पर, पीठ ने मेहता से कहा कि हालांकि न्यायाधीश भौतिकी के विशेषज्ञ नहीं हैं और याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि दोनों उत्तर हिंदी और अंग्रेजी संस्करणों में सही हैं, बेहतर होगा कि उत्तरों की फिर से विषय के विशेषज्ञ की जांच समिति द्वारा की जाए।

### द. अफ्रीका...

नया संस्करण उभरा है, संभवत: यह स्ट्रेन ऐसे मरीज से म्यूटेट हुआ है जिसके एड्स होने का पता नहीं चला था। स्पाइक में बदलाव से मौजूदा वैक्सीन के लिए लड़ना मुश्किल हो जाता है, क्योंकि वे वायरस के पुराने संस्करण की प्रतिरक्षा प्रणाली से लड़ने में सक्षम हो जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे पहले इसके प्रसार को देखने वाले इंपीरियल कॉलेज के एक वायरोलॉजिस्ट डॉ. टॉम पीकॉक ने इस वेरिएंट के म्यूटेशन से होने वाले संयोजन को भयानक बताया है। उन्होंने चेतावनी दी कि बी.1.1.1.529, (वैज्ञानिक नाम, डेल्टा स्ट्रेन) सहित लगभग किसी भी हालात को बदतर करने की क्षमता रखता है। वैज्ञानिकों ने मेलऑनलाइन को बताया कि इसकी अभूतपूर्व संख्या में उत्परिवर्तन इसके खिलाफ काम कर सकते हैं और इसे अस्थिर बना सकते हैं, जिससे इसे व्यापक होने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि ज्यादा चिंता करने की जरूरत की आवश्यकता नहीं हैं क्योंकि अभी तक इसके तेजी से फैलने के कोई संकेत नहीं मिल रहा है। बोत्सवाना में अब तक तीन और दक्षिण अफ्रीका में छह संक्रमण पाए गए हैं, जहां इस पर नजर रखी जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हांगकांग में एक 36 वर्षीय व्यक्ति में भी एक मामला देखा गया है, जो हाल ही में महाद्वीप से लौटा है। ब्रिटेन में अब तक कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन ब्रिटेन की स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी इस पर नजर रख रही है।

### एनएफएचएस सर्वेक्षण...

पर पहुंच गई है, जो एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय उपलब्धि है। 2015-16 में कुल प्रजनन दर 2.2 थी जो 2019-21 में प्रति महिला 2.0 बच्चों तक पहुंच गई है। इसका मतलब है कि महिलाएं अपने प्रजनन काल में पहले की तुलना में कम बच्चों को जन्म दे रही हैं। मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि यह परिवार नियोजन सुविधाओं के बेहतर उपयोग, देर से विवाह आदि को भी इंगित करता है। इसके साथ ही पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए जन्म पंजीकरण बढ़कर 89.1 प्रतिशत हो गया है जो 2015-16 में 79.7 प्रतिशत था।

### दिल्ली विधानसभा...

है और उनके मन में उनकी सुरक्षा, जीवन और स्वतंत्रता को लेकर आशंका पैदा की। शिकायतकर्ता के मुताबिक कंगना के इंस्टाग्राम पर करीब 80 लाख लोग फॉलो कर रहे हैं।

### पिंक लाइन...

नेटवर्क बन जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 28 दिसंबर को दिल्ली मेट्रो की मजेंटा लाइन पर भारत की पहली चालक रहित ट्रेन के संचालन का उद्घाटन किया था। डीएमआरसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि दिसंबर में चालक रहित मेट्रो ट्रेन के संचालन की शुरुआत के साथ दिल्ली मेट्रो दुनिया के सात प्रतिशत मेट्रो के उस विशिष्ट समूह का हिस्सा बन गई है जो पूरी तरह स्वचालित मेट्रो नेटवर्क का संचालन करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अपने राजनयिक करियर में न्यूयॉर्क, लंदन और तोक्यो समेत दुनिया की कई राजधानियों में रहे और दुनियाभर के कई प्रमुख मेट्रो नेटवर्क को देखा, लेकिन पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि दिल्ली मेट्रो की तुलना दुनिया की सबसे अच्छी मेट्रो ट्रेन के साथ की जा सकती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी 18 शहरों में मेट्रो का 723 किलोमीटर लंबा नेटवर्क है और विभिन्न शहरों में 1,000 किलोमीटर से अधिक के अतिरिक्त नेटवर्क पर काम चल रहा है। इसके अलावा छह नए प्रस्तावों का भी मूल्यांकन किया गया है।

### सोमालिया में...

को पढ़ा रहे शिक्षक मोहम्मद ओसमान ने कहा, हम धमाके से बहुत ही भयभीत है। उन्होंने कहा, हमें कुछ समझ नहीं आ रहा था, हम धूल और धुएं से घिर गए थे। पुलिस प्रवक्ता अब्दीफतह आदम हसन ने बताया कि विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य घायल हुए हैं। अल-शबाब ने अपने अंडालूस रेडियो पर एक बयान में कहा कि उसने अफ्रीकी संघ के शांति रक्षक काफिले के सुरक्षा घेरे में जा रहे पश्चिमी देशों के अधिकारियों को निशाना बना कर यह विस्फोट किया था, जबकि एक प्रत्यक्षदर्शी हसन अली ने बताया कि एक निजी सुरक्षा कंपनी अधिकारियों की सुरक्षा में लगी थी। अली ने बताया कि उसने चार सुरक्षाकर्मियों को घायल अवस्था में देखा।

# प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के केवल 29 प्रस्ताव ही मंजूरी के लिए लंबित: डीपीआईआईटी सचिव

भाषा। नई दिल्ली

**उद्योग** और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अनुराग जैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रस्तावों को तेजी से मंजूरी दी जा रही है और आज की स्थिति में केवल 29 आवेदन ही लंबित हैं। रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर आयोजित डीपीआईआईटी-फिक्की निवेशक गोलमेज बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि जिन एफडीआई प्रस्तावों पर प्रेस नोट3 (पीएन 3) के तहत विचार करने की जरूरत है, उसको सुगम बनाया जाएगा।

प्रेस नोट के तहत सरकार ने भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के निवेशकों से आने वाले निवेश प्रस्तावों के मामले में पूर्व मंजूरी को अनिवार्य किया है। इसका उद्देश्य कोविड-19 महामारी में मौके का फायदा उठाते हुए घरेलू कंपनियों के अधिग्रहण पर अंकुश लगाना है। भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमा और अफगानिस्तान हैं। उस निर्णय के अनुसार, इन देशों से आने वाले एफडीआई प्रस्तावों को भारत में किसी भी क्षेत्र में निवेश के लिए सरकार की मंजूरी की आवश्यकता है। जैन ने संवाददाताओं से कहा, हमने तीन महीने से भी कम समय में एफडीआई के मामले में काफी मंजूरी दी है...केवल 29 प्रस्ताव ही अभी मंजूरी के लिए लंबित हैं।

इसमें कोई भी पीएन3 से संबंधित प्रस्ताव नहीं है। एकल मंजूरी व्यवस्था के बारे में उन्होंने कहा कि अब तक 10 राज्यों और केंद्र सरकार के विभागों को एकीकृत किया गया है। 31 दिसंबर तक यह संख्या बढ़कर 14 या 16 हो जाएगी। जैन ने कहा, हमारा लक्ष्य यभी 32 विभागों को एकीकृत करने का है। इस बीच, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पूर्वोत्तर औद्योगिक विकास योजना अधिकार प्राप्त समिति ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में 105 नई इकाइयों के पंजीकरण को मंजूरी दी है। समिति ने अब तक कुल 2,631.19 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश के साथ 391 नई औद्योगिक इकाइयों के पंजीकरण को मंजूरी दी है।

# अमेजन ने फ्यूचर रिटेल के स्वतंत्र निदेशकों को पत्र लिखकर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया

**नई दिल्ली( भाषा )।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) के स्वतंत्र निदेशकों को पत्र लिखकर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं और इसकी विधिवत एवं स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। अमेजन ने फ्यूचर समूह की अन्य कंपनियों के साथ एफआरएल के लेनदेन में वित्तीय अनियमितता होने के आरोप लगाए हैं। वह फ्यूचर समूह के साथ पुराने सौदे को लेकर जटिल विवाद में उलझी हुई है। इन आरोपों पर एफआरएल ने अपने जवाब में कहा है कि अमेजन के पास ऐसे आरोप लगाने का कोई आधार नहीं है। असल में अमेजन का यह पत्र प्रतिस्पर्द्धा आयोग से उसे मिले कारण-बताओ नोटिस का जवाब देने की कोशिश है। अमेजन ने एफआरएल के स्वतंत्र निदेशकों को लिखे पत्र में कहा है कि इन वित्तीय अनियमितताओं की स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए। फ्यूचर रिटेल को रिलायंस रिटेल के हाथों बेचने का अमेजन विरोध कर रही है और इस सौदे को अदालत में चुनौती दी है।

## इनगवर्न की रिपोर्ट में लगाए आरोप का जवाब देंगे: एशियन पेंट्स

**नई दिल्ली( भाषा )।** एशियन पेंट्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने एक प्रवर्तक दानी परिवार पर संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी) के आरोप लगाने वाली प्रॉक्सी सलाहकार फर्म इनगवर्न की रिपोर्ट का जवाब देगी। इनगवर्न ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि एशियन पेंट्स को कच्चे माल की आपूर्ति करने वाली कंपनी पीपीसीएल का नियंत्रण मालव दानी के पास है जो कि हितों के टकराव का मामला बनता है। उसने कहा है कि ऐसी स्थिति में प्रवर्तक निदेशक को फौरन इस्तीफा दे देना चाहिए।

# अय्यर और जडेजा ने भारत को संभाला

**कानपुर टेस्ट- पहला दिन**

● **टीम इंडिया ने चार विकेट के नुकसान पर 258 रन बनाए**

● **पुजारा और कप्तान रहाणे बड़ी पारी खेलने में असफल रहे**



अर्धशतकीय पारी के दौरान एक गेंद को बाउंड्री के लिए भेजते श्रेयस अय्यर

**भाषा।** कानपुर

**श्रेयस** अय्यर ने अपने पदार्पण मैच में ही छाप छोड़कर नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली और रविंद्र जडेजा के साथ अटूट शतकीय साझेदारी निभाई जिससे भारत ने काइल जैमीसन के झटकों से उबरकर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरुआती दिन गुरुवार को यहां चार विकेट पर 258 रन बनाए।

कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में टेस्ट कैप हासिल करने वाले अय्यर 75 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए है। अय्यर ने अब तक 136 गेंदों का सामना करके सात चौके और दो छक्के लगाए हैं। उन्होंने जडेजा (100 गेंदों पर नाबाद 50 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए अब तक 113 रन जोड़े हैं। खराब रोशनी के कारण दिन का खेल छह ओवर पहले ही समाप्त घोषित कर दिया गया।

इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (93 गेंदों पर 52 रन) की पारी आकर्षण का केंद्र रही। चेतेश्वर पुजारा (88 गेंदों पर 26 रन) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (63 गेंदों पर 35 रन) अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल पाए जबकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (28 गेंदों पर 13 रन) मौके का फायदा उठाने में नाकाम रहे।

लंबे कद के तेज गेंदबाज जैमीसन (47 रन देकर तीन) ने फिर से भारतीय बल्लेबाजों को परेशानी में डाला। उन्होंने सुबह के सत्र में अग्रवाल को विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच कराने के बाद गिल और रहाणे को बोल्ड किया। अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी (43 रन देकर एक) ने इस बीच पुजारा की एकाग्रता भंग की। पिच धीमी थी और उस पर गेंद नीचे रह रही थी लेकिन उस पर अपेक्षित टर्न नहीं मिल रहा था जिससे न्यूजीलैंड के तीनों स्पिनरों अयाज पटेल (21 ओवर में 78 रन), विलियम सोमरविले (24 ओवर में 60 रन) और रचिन रविंद्र (सात ओवर में 28 रन) को जूझना पड़ा। गिल और अय्यर दोनों ने स्पिनरों के सामने खुलकर बल्लेबाजी की। अय्यर शुरू में थोड़ा सा असहज दिखे लेकिन जल्द ही उन्होंने अपनी नैसर्गिक बल्लेबाजी शुरू कर दी तथा संयमित आक्रामकता के साथ रन बटोरे। उन्होंने रविंद्र के खिलाफ खूबसूरत कट और ड्राइव लगाकर 94 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद पटेल और सोमरविले की बारी थी जिन पर उन्होंने लांग ऑन और मिडविकेट पर छक्के लगाए। जडेजा के जैमीसन पर लगाए गए लगातार दो चौके दर्शनीय थे। उन्होंने 99 गेंदों पर अपना 17वां टेस्ट अर्धशतक पूरा करने के बाद चिर परिचित अंदाज में जश्न मनाया। जडेजा ने अपनी पारी में छह चौके लगाए हैं।

गिल ने अपने कट और डाइव का शानदार नमूना पेश करके पहले सत्र में न्यूजीलैंड के मुख्य स्पिनर पटेल को बैकफुट पर रखा था लेकिन जैमीसन की फुललैंग्थ गेंद को रक्षात्मक रूप से खेलने के लिए गिल आगे बढ़े लेकिन गेंद उनके बल्ले और पैड के बीच से निकलकर विकेटों में समा गई। जेम्स एंडरसन ने इस साल के शुरू में उन्हें इसी तरह से आउट किया था। गिल ने अपनी पारी में पांच चौके और पटेल पर छक्का लगाया। पुजारा के पास शतक का लंबा इंतजार समाप्त करने का यह बेहतरीन मौका था। उन्होंने जैमीसन और पटेल पर चौका लगाकर अभी हाथ खोलने का प्रयास किया था कि साउदी की पांचवें स्टंप की लाइन पर की गई गेंद उनके बल्ले को चूमती हुई ब्लंडेल के दस्तानों में समा गई।

पुजारा ने अपना आखिरी टेस्ट शतक जनवरी 2019 में लगाया था। वह पिछले 23 टेस्ट और 39 पारियों से तिहरे अंक में नहीं पहुंचे हैं और इस बीच उनका औसत 28.78 रहा है। रहाणे ने जैमीसन की बाहर जाती गेंद को बैकफुट पर जाकर कट करने के प्रयास में अपने विकेटों पर खेला। इससे ठीक पहली गेंद पर वह डीआरएस लेने के कारण आउट होने से बचे थे। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके लगाए। इससे पहले रहाणे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन भारत ने आठवें ओवर में ही अग्रवाल का विकेट गंवा दिया।



शुभमन गिल ने 52 रन की शानदार पारी खेली

## स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: मयंक अग्रवाल का ब्लंडेल बो जैमीसन 13, शुभमन गिल बो जैमीसन 52, चेतेश्वर पुजारा का ब्लंडेल बो साउदी 26, अजिंक्य रहाणे बो जैमीसन 35, श्रेयस अय्यर खेल रहे हैं 75, रविंद्र जडेजा खेल रहे हैं 50

अतिरिक्त (बाई 01, लेग बाई 01, नोबॉल 04, वाइड 01) 07

कुल (84 ओवर में, चार विकेट पर) 258

विकेट पतन : 1-21, 2-82, 3-106, 4-145

गेंदबाजी : साउदी 16.4-3-43-1, जैमीसन 15.2-6-47-3, पटेल 21-6-78-0, सोमरविले 24-2-60-0, रविंद्र 7-1-28-0

## सुबह दूसरी नई गेंद से फायदा उठाने की कोशिश करेंगे: काइल जैमीसन

**भाषा।** कानपुर



**न्यूजीलैंड** के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने गुरूवार को कहा कि भारत के खिलाफ यहां पहले टेस्ट में जब उनकी टीम दूसरी सुबह गेंदबाजी के लिए उतरेगी तो उन्हें दूसरी नई गेंद से फायदा उठाने की कोशिश करनी होगी। न्यूजीलैंड का पहला प्रयास श्रेयस अय्यर और रविंद्र जडेजा के बीच बन रही बड़ी भागीदारी को तोड़ना होगा। पहले दिन स्टंप तक इन दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 113 रन बनाकर भारत को दूसरे सत्र में मिले झटकों के बाद चार विकेट पर 254 रन तक पहुंचा दिया था।

जैमीसन ने 47 रन देकर तीन विकेट झटककर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि सुबह नई गेंद थोड़ी ज्यादा स्विंग करेगी और हम उन्हें आउट कर सकेंगे। हम सुबह अच्छी शुरूआत की जरूरत है। मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल और अजिंक्य रहाणे के विकेट झटककर इस लंबे कद के गेंदबाज ने दूसरे सत्र में भारत का स्कोर चार विकेट पर 145 रन कर दिया था। हालांकि पदार्पण कर रहे अय्यर और जडेजा ने अच्छी भागीदारी निभाकर भारत को फिर से लय में ला दिया और न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने भी यह बात स्वीकार की।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारत थोड़ा सा आगे चल रहा है। हमने उन्हें झटके देकर अच्छी तरह रोक दिया था।

## सनी ने सौंपी श्रेयस को पदार्पण पर भारतीय कैप

**कानपुर।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने गुरुवार को श्रेयस अय्यर को भारत की टेस्ट कैप प्रदान की। इस तरह से मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों से नए खिलाड़ियों को यह प्रतिष्ठित कैप दिलाने की पुरानी परंपरा फिर से जीवंत कर दी। अय्यर भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 303वें खिलाड़ी बने।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टॉस से पहले अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज गावस्कर ने उन्हें कैप प्रदान की। द्रविड़ ने गावस्कर को इस विशेष कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया था। इससे पहले टी-20 श्रृंखला के दौरान द्रविड़ ने हर्षल पटेल को राष्ट्रीय टीम की कैप प्रदान करने के लिए अजित अगरकर को आमंत्रित किया था।



मुंबई के सीसीआई क्लब में बल्लेबाजी का अभ्यास करते टेस्ट कप्तान विराट कोहली

## अय्यर और गिल के रन जुटाने से पुजारा-रहाणे पर दबाव बढ़ा

**कानपुर।** एक बार फिर विफल होने से चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे के लिय समय निकलता जा रहा है और इस बार वे घरेलू परिस्थितियों में ऐसे आक्रमण के खिलाफ अच्छा नहीं कर सके जो आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जितना खतरनाक नहीं था। पुजारा और रहाणे दोनों यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती टेस्ट में अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा सके जबकि पदार्पण करने वाले श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल ने अर्धशतक जड़ दिए। दोनों ऐसे आक्रमण के खिलाफ जल्दी आउट हुए जिसमें प्रतिभाशाली ट्रेंट बोल्ट शामिल नहीं थे जिनकी सुबह की नमी पर बनाना इनस्विंग बल्लेबाजों के लिए खेलना मुश्किल कर देती है। अय्यर के टेस्ट मैच में इस शानदार पदार्पण से और गिल के बतौर सलामी बल्लेबाज रन जुटाने से निश्चित रूप से कप्तान रहाणे और उप कप्तान पुजारा के लिए इस टेस्ट मैच से खतरे की घंटी जरूर बज जाएगी। दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा भी कुछ ही दिनों में कर दी जाएगी और अगर इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों को जोहानिसबर्ग जाने के लिए चुना जाता है तो कप्तान विराट कोहली, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और सफेद गेंद के कप्तान रोहित शर्मा (जो लाल गेंद के क्रिकेट की थिंक टैंक का अहम हिस्सा हैं) को उन्हें पूरी श्रृंखला देने के लिए काफी भरोसा दिखाना होगा। केएल राहुल के चोटिल होने से पहले गिल को मध्यक्रम बल्लेबाज के तौर पर उतारने के लिए विचार किया जा रहा था और इस विकल्प को लंबे समय में देखना चाहते थे। वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेले लेकिन गिल का विदेशी सरजमीं पर सर्वश्रेष्ठ प्रथम श्रेणी स्कोर वेस्टइंडीज में ए टीम के लिए पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 204 रन का है। वह युवा हैं और टीम की इच्छानुसार कोई भी भूमिका निभाने के लिए तैयार होंगे। और अय्यर ने भी अपनी पहली परीक्षा अच्छे स्कोर से पास की है।

# भारत ने कनाडा को 13-1 गोलों से हराया

**जूनियर हॉकी विश्व कप**

● **संजय व हुंडल ने जमाई हैट्रिक**

**भाषा।** भुवनेश्वर



**उपकप्तान** संजय और अराइजीत सिंह हुंडल की हैट्रिक की मदद से पहले मैच में मिली अप्रत्याशित हार से उबरते हुए गत चैम्पियन भारत ने जूनियर हॉकी विश्व कप के करो या मरो के मैच में बृहस्पतिवार को कनाडा को 13-1 से हरा दिया। भारत को पहले दिन फ्रांस ने 5-4 से शिकस्त दी थी। लगातार दूसरे दिन खेलते हुए भारतीय टीम ने आज शुरू ही से आक्रामक तेवर अपनाए और कनाडा को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। दर्शकों के बिना कलिंगा स्टेडियम पर खेले गए मैच में भारत के लिए संजय ने एक बार फिर हैट्रिक (17वां, 32वां, 59वां मिनट)लगाई। उनके अलावा अराइजीत सिंह हुंडल ने भी तीन गोल (40वां, 50वां, 51वां मिनट) दागे। उत्तम सिंह (छठा और 47वां मिनट) और शारदानंद तिवारी (35वां और 53वां) ने दो दो गोल किए जबकि कप्तान विवेक सागर प्रसाद ने आठवें, मनिंदर सिंह ने 27वें, अभिषेक लाकड़ा ने 55वें मिनट में गोल किए। कनाडा के लिए एकमात्र गोल 30वें मिनट में टार्डिफ क्रिस्टोफर ने पेनल्टी कॉर्नर पर दागा।

इससे पहले अन्य मैचों में अर्जेंटीना ने मिस्र को 14-0 से, नीदरलैंड ने कोरिया को 12-5 से, स्पेन ने अमेरिका को 17-0 से, फ्रांस ने पोलेंड को 7-1 से हराया। भारत को अब शनिवार को पोलैंड से खेलना है।फ्रांस पूल बी में दो जीत के बाद शीर्ष पर है जबकि भारत दूसरे स्थान पर है। भारत ने शुरू ही से गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और कनाडा के गोल पर लगातार हमले बोले। इसका फल जल्दी ही मिला जब उत्तम ने छठे मिनट में पहला गोल कर दिया। आठवें मिनट में कप्तान विवेक ने एक और गोल करके भारत की बढत दुगुनी कर दी। कनाडा को 11वें मिनट में मिले दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन बेकार गए। दूसरे क्वार्टर में संजय ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल कर दिया।

## टी-20 विश्व कप को दुनिया भर में रिकॉर्ड दर्शक मिले

**भाषा।** दुबई

**आईसीसी** पुरुषों के टी-20 विश्व को दुनिया भर में रिकॉर्ड दर्शक मिले और 16 करोड़ 70 लाख से अधिक लोगों ने इसे टीवी पर देखा। पांच साल बाद हुए टूर्नामेंट का करीब 10000 घंटे टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 200 देशों में प्रसारण किया गया।

भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और अमेरिका में दर्शकों की संख्या में इजाफा हुआ। भरत-पाकिस्तान मैच को भारत में स्टार इंडिया नेटवर्क पर 15.9 अरब मिनट देखा गया। यह मैच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के इतिहास में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला मैच हो गया। इससे पहले भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2016 टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल मैच सबसे ज्यादा देखा गया था। भारत के जल्दी बाहर होने के बावजूद भारत में टूर्नामेंट को टीवी पर 112 अरब मिनट देखा गया।

## ईश्वरन का शतक, भारत ए के चार विकेट पर 308 रन

**अनधिकृत टेस्ट**

**भाषा।** ब्लोमफोंटेन

**भारत** ए ने अभिमन्यु ईश्वरन (103) के शतक और कप्तान प्रियांक पंचाल (96) के साथ दूसरे विकेट के लिए उनकी 142 रन की साझेदारी से पहले अनधिकृत टेस्ट (चार दिवसीय) क्रिकेट मैच के तीसरे दिन गुरूवार को दक्षिण अफ्रीका ए खिलाफ स्टंप तक चार विकेट पर 308 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका ए ने पहली पारी सात विकेट पर 509 रन बनाकर घोषित की थी जिससे भारत ए की टीम अब भी 201 रन से पिछड़ रही है।

स्टंप तक बाबा अपराजित 19 और विकेटकीपर बल्लेबाज उपेंद्र यादव पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। तीसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल देर से शुरू हुआ। भारत ए ने एक विकेट पर 125 रन से खेलना शुरू किया। पंचाल और ईश्वरन ने सतर्कता से बल्लेबाजी करते हुए अपने अर्धशतक पूरे किए। पंचाल ने 45 रन की पारी को जल्द ही पचासे में तब्दील किया और ईश्वरन के साथ दूसरे विकेट की भागीदारी को मजबूत किया, पर वह अपने शतक से चार रन से चूक गए और जार्ज लिंडे ने उन्हें पगबाधा आउट कर दूसरे विकेट की शतकीय साझेदारी का अंत किया। पंचाल ने 171 गेंद में 14 चौके की मदद से 96 रन बनाए।

ईश्वरन ने भी 27 रन की पारी को अर्धशतक तक पहुंचाया। उन्होंने हनुमा विहारी (25) के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी निभाई। ईश्वरन ने फिर अपना शतक पूरा किया और 209 गेंद का सामना करते हुए अपनी 103 रन की पारी के दौरान 16 चौके जमाए।

## पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच आज से

**चटगांव।** बांग्लादेश की टीम हाल में ट्वेंटी-20 श्रृंखला में खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए शुक्रवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। टेस्ट श्रृंखला में हालांकि उसे अपने सीनियर खिलाड़ियों की कमी खलेगी जिसमें शीर्ष हरफनमौला शाकिब अल हसन भी शामिल होंगे।

टी-20 विश्व कप के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट से शाकिब समय पर उबर नहीं सके हैं। वहीं सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल ने चोट के कारण श्रृंखला से हटने का फैसला किया है और जिम्बाब्वे के खिलाफ बांग्लादेश के पिछले टेस्ट में नाबाद 150 रन की पारी खेलने वाले महमूदुल्लाह ने इस प्रारूप से संन्यास ले लिया है। कप्तान मोमिनुल हक ने कहा कि टीम के युवा खिलाड़ी सीनियर क्रिकेटरों की जगह लेने के लिए प्रेरणा से भरे हुए हैं।

# श्रीलंका की विंडीज पर 187 रनों से जीत

**एपी।** गॉल (श्रीलंका)



**लसिथ** एम्बुल्डेनिया के पांच विकेट और साथी स्पिनर रमेश मेंडिस के चार विकेट की बदौलत श्रीलंका ने गुरूवार को वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 160 रन पर समेटकर पहले क्रिकेट टेस्ट में 187 रन की शानदार जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 348 रन की जरूरत थी, उसने पांचवें और अंतिम दिन छह विकेट पर 52 रन से खेलना शुरू किया और लंच के थोड़ी देर बाद ही उसकी दूसरी पारी सिमट गई।

एम्बुल्डेनिया ने पारी में 46 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे उनके मैच में कुल छह विकेट रहे। मेंडिस ने 64 रन देकर चार विकेट से मैच में कुल सात विकेट हासिल किए। एनक्रुमार बोनर और जोशुआ डि सिल्वा छह विकेट पर 18 रन के स्कोर पर उतरे थे, उन्होंने श्रीलंकाई गेंदबाजों को थोड़ा निराश किया। इन दोनों ने सुबह के सत्र में 62 रन और जोड़े। लेकिन एम्बुल्डेनिया ने डा सिल्वा को 54 रन पर आउट कर 100 रन की भागीदारी का अंत किया। बोनर 220 गेंद में सात चौके से नाबाद 68 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। यह उनका तीसरा टेस्ट अर्धशतक था। श्रीलंकाई कप्तान दिमुथ करूणारात्ने को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया जिन्होंने 147 और 83 रन की पारी खेली।

## सिंधू इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**बाली।** शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधू ने गुरूवार को यहां जर्मनी की युवोने ली पर आसानी से सीधे गेम में जीत दर्ज कर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा विश्व चैम्पियन और तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू को दूसरे दौर के मैच में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। उन्होंने 850,000 डॉलर की पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी को 37 मिनट में 21-12, 21-18 से शिकस्त दी। ली के खिलाफ पहली बार खेल रहीं दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू शुरू से पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं। सिंधू का दबदबा इस तरह का था कि दो बार की इस ओलंपिक पदक विजेता ने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया जिसमें उन्होंने लगातार सात अंक जुटाए। दूसरे गेम में हालांकि लि ने अच्छी वापसी की कोशिश की जिससे यह गेम बराबर की टक्कर वाला रहा।

# मैनचेस्टर सिटी, रीयल मैड्रिड व पीएसजी अंतिम 16 में

**चैंपियन्स लीग**

**एपी।** लंदन


**यूरोप** की शीर्ष टीमों मैनचेस्टर सिटी और रीयल मैड्रिड ने बुधवार को अपने अपने मैच जीतकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में अपनी जगह सुरक्षित की, लेकिन एटलेटिको मैड्रिड बाहर होने की कगार पर है। पेरिस सेंट जर्मेन की टीम काइलन एमबापे के गोल से शुरुआती बढ़त हासिल करने का फायदा नहीं उठा सकी और सिटी से 2-1 से हार गई। इसके बावजूद फ्रांस की यह टीम ग्रुप ए से नॉकआउट चरण में जगह बनाने में सफल रही।

रीयल मैड्रिड ने शेरिफ को 3-0 से हराकर मोलदोवा की टीम से दो महीने पहले मिली 2-1 से हार का बदला चुकता किया और अंतिम 16 में जगह बनाई। रीयल की तरफ से डेविड अलाबा, टोनी क्रूस और करीम बेंजेमा ने गोल किए। ग्रुप डी से रीयाल के अलावा इंटर मिलान ने नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। उसने एक अन्य मैच में शख्तार डोनेस्क को 2-0 से पराजित किया।

तीन बार के यूरोपीय चैंपियन इंटर मिलान ने 10 साल के बाद अंतिम 16 में जगह बनाई। इस बीच स्पोर्टिंग लिस्बन ने पेड्रो गोंजालेज के दो गोल की मदद से बोरुसिया डोर्टमंड को 3-1 से हराकर नॉकआउट में पहुंचने का 13 साल का इंतजार खत्म किया।

स्पोर्टिंग को ग्रुप सी में सितंबर में एजाक्स और डोर्टमंड से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन लगातार तीन जीत से पुर्तगाल की यह चैंपियन टीम एक मैच शेष रहते ही आगे बढ़ने में सफल रही। एजाक्स इस ग्रुप से पहले ही नॉकआउट में जगह बना चुका था। एजाक्स और लिवरपूल ने अपने अपने ग्रुप में लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। एजाक्स ने सेबेस्टियन हालेर के दो गोल की मदद से बेसिकतास को 2-1 से हराया जबकि लिवरपूल ने ग्रुप बी में पोर्तो को 2-0 से पराजित किया। लिवरपूल ने अपने ग्रुप में दूसरे नंबर पर काबिज पोर्तो पर 10 अंक की बढ़त बना ली है। इस ग्रुप में सात दिसंबर को होने वाले आखिरी दौर के मैच काफी महत्वपूर्ण होने वाले हैं क्योंकि पोर्तो के अलावा एसी मिलान और एटलेटिको मैड्रिड नॉकआउट में पहुंचने की दौड़ में हैं। एसी मिलान ने जूनियर मेसियास के 87वें मिनट में किए गए गोल से एटलेटिको को 1-0 से हराकर आगे बढ़ने की उम्मीदें बरकरार रखी। मिलान को अब लिवरपूल की मेजबानी करनी है जबकि एटलेटिको को पोर्तो से उसके घरेलू मैदान पर मैच खेलना है।

## किमिच और चोपो मोटिंग कोविड-19 से संक्रमित



जोशुआ किमिच

**म्यूनिख।** कोविड-19 का टीका लगाने को लेकर हिचकिचाहट दिखाने के कारण पिछले महीने जर्मनी में चर्चा का विषय रहे बायर्न म्यूनिख के स्टार फुटबॉलर जोशुआ किमिच और उनके साथी एरिक मैक्सिम चोपो मोटिंग को कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया है। क्लब ने कहा कि ए दोनों खिलाड़ी वायरस से संक्रमित लोगों के संपर्क में आने के कारण पहले से ही पृथकवास पर हैं। इसके बाद उनका परीक्षण करवाया गया जो पॉजिटिव आया है। क्लब के अनुसार दोनों खिलाड़ी अच्छी स्थिति में हैं। किमिच ने पिछले महीने टीवी साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने टीका लगाने को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं किया है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई थी जबकि जर्मनी में टीकाकरण की गति धीमी पड़ी हुई थी। चिकित्सा विशेषज्ञों ने तब उनकी टिप्पणी पर चिंता जताई थी जबकि टीकाकरण का विरोध करने वालों ने उनका समर्थन किया था।

# इंग्लिश चैनल में प्रवासियों की नाव पलटी, 31 लोगों की मौत

**● फ्रांस के गृह मंत्री ने घटना को पलायन से जुड़ी सबसे बड़ी त्रासदी बताया**

एपी। पेरिस

**इंग्लिश** चैनल पार करते समय नौका डूबने से ब्रिटेन जा रहे कम से कम 31 प्रवासियों की मौत हो गई। फ्रांस के गृह मंत्री ने इसे प्रवासियों के खतरनाक पलायन से जुड़ी अब तक की सबसे बड़ी त्रासदी बताया है।

गृह मंत्री गेराल्ड दारमैनिन ने कहा कि अनुमान है कि नाव पर 34 लोग सवार थे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को बुधवार को 31 शव मिले जिनमें पांच महिलाएं और एक लड़की शामिल है और दो लोगों को बचा लिया गया है। एक व्यक्ति अब भी लापता है। यात्री किस देश से हैं, इसका तत्काल पता नहीं चल पाया है।

संघर्ष, गरीबी से निजात पाने और बेहतर जीवन की आस में ब्रिटेन की ओर पलायन करने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है जो जीवन को जोखिम में डालकर फ्रांस से समुद्र के रास्ते नौका से यात्रा करते हैं। हादसे में जीवित बचे लोगों की तलाश के लिए फ्रांस-ब्रिटेन का एक संयुक्त खोज अभियान बुधवार देर रात जारी रहा। दारमैनिन ने फ्रांस के बंदरगाह शहर कैलिस में संवाददाताओं से कहा कि हादसे का शिकार हुई नौका से जुड़े होने के संदेह में चार संदिग्ध तस्करों को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि बाद में दो संदिग्धों को अदालत में पेश किया गया।

क्षेत्रीय अभियोजक ने घटना के बाद हत्या, संगठित अवैध प्रवास और अन्य आरोपों की जांच शुरू की। जांच की देखरेख कर रहे लिले अभियोजक कार्यालय की अभियोजक कैरोल एटिएन ने कहा कि अधिकारी पीड़ितों की पहचान करने और उनकी उम्र और राष्ट्रीयता निर्धारित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों के बारे में अधिक जानकारी सामने आने पर, जांच में कई देश शामिल हो सकते हैं। दारमैनिन ने कहा, लोगों को इस तरह से समुद्र में मरते देखना, फ्रांस, यूरोप, मानवता के लिए बहुत बड़ा शोक का दिन है। उन्होंने ब्रिटेन के साथ समन्वय का आह्वान करते हुए कहा, प्रतिक्रिया ग्रेट ब्रिटेन से भी आनी चाहिए। प्रवासियों से जुड़ी पूर्व की अन्य घटनाओं के मद्देनजर दारमैनिन ने आपराधिक तस्करों पर हमला बोला जो हजारों लोगों का जीवन जोखिम में डालते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने सरकार की संकट समिति की बैठक बुलाई। दारमैनिन और कैलिस घटना में जीवित बचे लोगों को देखने के लिए अस्पताल पहुंचे। दोनों देशों की सरकारों के बीच प्रवासियों का पलायन रोकने के मुद्दे पर लंबे समय से सहमति नहीं बनी है और दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर इस संबंध में पर्याप्त काम नहीं करने का आरोप लगाया है। जॉनसन ने कहा कि वह घटना से हैरान, स्तब्ध हैं और उन्हें गहरा दुख हुआ है। उन्होंने फ्रांस से इंग्लिश चैनल के जरिए प्रवासियों के पलायन को रोकने के प्रयासों को तेज करने का आग्रह किया और आरोप लगाया कि बुधवार की घटना ने इस बात को उजागर किया है कि फ्रांस के अधिकारियों द्वारा अपने क्षेत्र के समुद्र तटों पर गश्त के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। फ्रांस के समुद्री प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि फ्रांसीसी नौसैनिकों की एक नौका ने दिन में करीब दो बजे समुद्र में कई शव देखे और कई शवों और घायलों को निकाला। क्षेत्र के लिए फ्रांसीसी समुद्री एजेंसी के अनुसार, फ्रांस की तीन गश्ती नौकाओं के साथ क्षेत्र की खोज के अभियान में एक फ्रांसीसी हेलीकॉप्टर और एक ब्रिटिश हेलीकॉप्टर भी शामिल हुए।

## बच्चों के प्रति वयस्कों के यौन आकर्षण पर किताब लिखने वाले प्रोफेसर का इस्तीफा

एपी। नोरफोक ( अमेरिका )

**वर्जीनिया** में एक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने कहा है कि उनकी हाल में प्रकाशित किताब को लेकर उन्हें धमकियां मिल रही हैं और इस वजह से वह पद से इस्तीफा देंगे। किताब में 40 से अधिक ऐसे वयस्कों के साक्षात्कार हैं जो नाबालिगों की ओर यौन रूप से आकर्षित हुए लेखक का कहना है कि उनकी बात को गलत तरह से लिया गया है।

पुस्तक में तर्क दिया गया है कि बच्चों के प्रति इस आकर्षण को कलंकित करने से और अधिक लोग अपराध के खिलाफ मुकाबला करने की रणनीति विकसित करने के साथ ही अंततः बाल यौन शोषण को रोक सकेंगे।

ओल्ड डोमिनियन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एलिन वॉकर ने एक बयान में कहा कि मेरी ट्रांस पहचान के आधार पर उस शोध को मीडिया और ऑनलाइन में कुछ लोगों द्वारा गलत तरीके से लिया गया। परिणामस्वरूप मुझे कई धमकियां दी गईं।

# डियोर विवाद में चीनी फैशन फोटोग्राफर ने मांगी माफी

एपी। बीजिंग

**एक** प्रसिद्ध चीनी फैशन फोटोग्राफर ने अपने उस पिछले काम के लिए माफी मांगी है जिसे ऑनलाइन आलोचकों ने चीन के लोगों का अपमान बताया था। फैशन हाउस डियोर ने शंघाई के एक शो से फोटोग्राफर द्वारी खींची गई एक तस्वीर भी हटा दी है।

चेन मैन ने यंग पायनियर्स सहित अपने पहले के काम की आलोचना को स्वीकार किया। यंग पायनियर्स युवा मॉडलों की तस्वीरों की एक श्रृंखला है जो चीन के विशाल थ्री गोरजेस डैम जैसे प्रमुख स्थलों की पृष्ठभूमि में खींची गई हैं। सरकारी ग्लोबल टाइम्स अखबार द्वारा आलोचना की खबर छापी गई थी, जिसमें कहा गया था कि सोशल मीडिया पर टिप्पणियों में उनके काम को बाल अश्लीलता दर्शाने वाली और यंग पायनियर्स का अपमान कहा था। यंग पायनियर्स कम्युनिस्ट पार्टी से संबद्ध युवा संगठन का नाम है। चेन ने इस हफ्ते अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, मैं अपनी अपरिपक्वता और लापरवाही के लिए खुद को जिम्मेदार मानती हूं। मुझे लगता है कि मुझे अब भी सभी से औपचारिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने लिखा कि मैं चीन में पैदा हुई हूं और यहीं पली-बढ़ी हूं। मैं अपनी मातृभूमि से बेहद प्यार करती हूं। उन्होंने लिखा, एक कलाकार के तौर पर मैं चीन की लोकप्रिय संस्कृति को दर्ज करने और प्रसारित करने की अपनी जिम्मेदारी को समझती हूं।

वह उन कई चीनी और विदेशी हस्तियों, ब्रांडों और कलाकारों में शामिल हो गई हैं जिन्होंने सरकारी मीडिया में अपने काम की आलोचना के बाद सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। ऐसे कुछ लोगों का माफी मांगने से इनकार करने या माफी को अपर्याप्त मानने पर बहिष्कार किया गया है। डियोर द्वारा शंघाई में अपनी प्रदर्शनी में फोटो को लेकर हुई व्यापक आलोचना के करीब एक हफ्ते बाद चेन की तरफ से माफी मांगी गई है। फोटो में डियोर का पर्स पकड़े हुए एक एशियाई मॉडल को दिखाया गया था जिसकी त्वचा भूरी, झाईदार थीं और पलकें काली थीं।

आलोचकों ने तस्वीर को त्वचा के पूर्वी एशियाई सौंदर्य मानकों के विपरीत माना और कहा कि यह एशियाई चेहरों के पश्चिमी रूढ़िवादों को कायम रखता है, जैसे कि झुकी हुई आंखें।

डियोर ने भी इस तस्वीर को हटा लिया है और कहा कि यह विज्ञापन नहीं बल्कि एक कला कार्य का हिस्सा थी। चीनी सोशल मीडिया पर अपने अकाउंट पर डाले बयान में डियोर ने कहा कि वह, चीन के लोगों की भावनाओं का सम्मान करता है और चीन के कानून व नियमों का सख्ती से अनुपालन करता है।

# हैती में प्रधानमंत्री ने नए मंत्रिमंडल का गठन किया

एपी। पोर्ट-ऑ-प्रिंस

**हैती** के राष्ट्रपति जोवेनेल मोइसे की हत्या के बाद देश का नेतृत्व संभालने के चार महीने से अधिक समय बाद प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने अपने नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाई। नए मंत्रिमंडल का गठन ऐसे वक्त में हुआ है जब देश हिंसा, अपहरण और ईंधन संकट से जूझ रहा है। इसके लिए उन शक्तिशाली गिरोहों को जिम्मेदार ठहराया जाता है जिन्होंने गैस वितरण टर्मिनलों को अवरुद्ध कर दिया है। हेनरी ने अपने नए मंत्रिमंडल से कहा कि आपने इसे कठिन परिस्थितियों में स्वीकार किया। उन्होंने विदेश मामलों, अर्थव्यवस्था, न्याय, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित विभिन्न पदों पर नौ मंत्रियों को नियुक्त किया। नियुक्त किए गए लोगों में जीन विक्टर जेनियस भी शामिल हैं, जो विदेश और धार्मिक मामलों के मंत्री के रूप में क्लाउड जोसेफ की जगह लेंगे। जब मोइसे की सात जुलाई की सुबह हत्या कर दी गई थी, उसके बाद जोसफ ने कुछ समय के लिए कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। हेनरी ने कहा कि हैती में जटिल हालात को देखते हुए आगे कठिन निर्णय लेने होंगे और उनका प्रशासन उपलब्ध संसाधनों के साथ सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार की मुख्य जिम्मेदारियों में से एक सुरक्षित और स्थिर वातावरण बनाना है। हेनरी ने हिंसा की लगातार हो रही घटनाओं की निंदा की और अपराधियों को चेतावनी दी कि वे अपने हथियार डाल दें, अन्यथा उन्हें जेल बंद कर दिया जाएगा या फिर मार गिराया जाएगा। हैती में अपहरण के मामलों में वृद्धि हुई है, जिसमें 16 अक्टूबर को अमेरिका के ओहायो स्थित एक धार्मिक संगठन से जुड़े 17 मिशनरियों का अपहरण भी शामिल है, जिनमें से दो को रविवार को रिहा कर दिया गया, हालांकि इस संबंध में अधिक जानकारी नहीं दी गई। हेनरी ने ईंधन संकट और ईंधन की बढ़ती कीमतों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने गैस पर रियायत देने के लिए हजारों डॉलर का निवेश किया है, लेकिन सरकार इस स्थिति को अधिक समय तक बनाए नहीं रख सकती है। उन्होंने कहा कि वह निकट भविष्य में इस मुद्दे का समाधान करेंगे।

# साइबेरिया में कोयला खदान में आग लगने से 11 लोगों की मौत, 40 से अधिक घायल

एपी। मॉस्को

**रूस** के साइबेरिया में बृहस्पतिवार को एक कोयला खदान में आग लग जाने से 11 खनिकों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए। खदान में अब भी कुछ लोग फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खदान के प्रशासकों ने इंटरफैक्स समाचार एजेंसी को बताया कि विस्फोट की आशंका के कारण बृहस्पतिवार दोपहर खदान में फंसे लोगों को बचाने के प्रयास रोक दिए गए और बचाव दल को खदान से बाहर निकाल लिया गया।

आग दक्षिण-पश्चिमी साइबेरिया के केमेरोवो क्षेत्र में लगी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने एक अज्ञात आपातकालीन अधिकारी के हवाला से बताया कि कोयले की धूल में आग लग गई, और उसका धुआं वेंटिलेशन सिस्टम के माध्यम से लिस्टव्याजहन्या खदान में तेजी से भर गया। केमेरोवो के गवर्नर सर्गेई सिविलोव ने मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम के अपने पेज पर बताया कि घटना के समय कुल 285 लोग खदान में थे। उन्होंने कहा कि खदान में अब भी 35 खनिक फंसे हुए हैं। सिविलोव ने कहा, 49 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



इससे पहले बृहस्पतिवार को आपातकालीन स्थितियों के लिए रूस के कार्यवाहक मंत्री अलेक्जेंडर चुप्रियन ने कहा कि 44 खनिकों को आई चोटों को लेकर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विभिन्न अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी में घायलों की संख्या में विरोधाभास को अभी दूर नहीं किया जा सका है।

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हादसे में मारे गए खनिकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और सरकार को घायलों को सभी आवश्यक सहायता मुहैया कराने के लिए कहा। पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। वर्ष 2016 में रूस के सुदूर उत्तर में एक कोयला खदान में मीथेन गैस विस्फोट में 36 खनिक मारे गए थे। घटना के मद्देनजर, अधिकारियों ने देश की 58 कोयला खदानों की सुरक्षा का विश्लेषण किया और उनमें से 20 या 34 प्रतिशत को संभावित रूप से असुरक्षित घोषित किया। हालांकि उस समय लिस्टव्याजहन्या खदान को असुरक्षित खदानों की श्रेणी में नहीं रखा गया था।

## इंटरपोल ने यूएई के विवादित अधिकारी को अध्यक्ष चुना

**इस्तांबुल।** अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन निकाय इंटरपोल ने इस्तांबुल में हुई वार्षिक आमसभा में बृहस्पतिवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विवादित अधिकारी को अपना अध्यक्ष चुना। इंटरपोल ने संयुक्त अरब अमीरात के गृह मंत्रालय में महानिरीक्षक मेजर जनरल अहमद नसीर अल रायसी को चार साल साल के लिए अध्यक्ष चुना है। उल्लेखनीय है कि मेजर जनरल रायसी पर मानवाधिकार समूह यूएई में मनमाने तरीके से लोगों को हिरासत में रखने और यातनाएं देने के आरोप लगाते रहे हैं। गौरतलब है कि इंटरपोल के अध्यक्ष के चुनाव पर करीब से नजर रखी जा रही थी क्योंकि संगठन के पहले चीनी अध्यक्ष मेंग होंगवेई 2018 में चीन जाते वक्त रास्ते में लापता हो गए थे। तब उनका कार्यकाल पूरा नहीं हुआ था। इसके बाद पता चला कि उन्हें हिरासत में लिया गया है और उन पर रिश्वत लेने और अन्य अपराधों में शामिल होने के आरोप लगाए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन निकाय ने कहा कि ब्राजील के वालडेसी उरक्विजा को अमेरिका के लिए निकाय का उपाध्यक्ष चुना गया है जबकि नाइजीरिया के गरबा बाबा उमर, अफ्रीका के लिए इंटरपोल के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। अल रायसी के खिलाफ फ्रांस और तुर्की सहित पांच देशों में यातना देने और अन्य आरोपों में आपराधिक शिकायत दर्ज है।

## विमान में यात्रियों के व्यवहार पर चिंता व्यक्त की

**वाशिंगटन।** अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने देश भर के अमेरिकी वकीलों को वाणिज्यिक उड़ानों के दौरान हुए संघीय अपराधों के मामलों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है, क्योंकि संघीय अधिकारियों को यात्रियों के व्यवहार को लेकर बड़ी संख्या में शिकायतें मिल रही हैं। गारलैंड ने बुधवार को एक ज्ञापन जारी कर इस बात पर जोर दिया कि न्याय मंत्रालय हिंसक व्यवहार करने वाले ऐसे यात्रियों पर मुकदमा चलाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो चालक दल के सदस्यों पर हमला करते हैं या अन्य यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं। संघीय कानून चालक दल के सदस्यों के साथ बदसलूकी करने, उन पर हमला करने या उन्हें धमकाने पर भी रोक लगाता है। गारलैंड ने एक बयान में कहा कि ऐसे यात्री, कर्मचारियों के लिए खतरा हैं। वे उन्हें उनके आवश्यक कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोकते हैं, जो सुरक्षित हवाई यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। इसी तरह, जब कोई यात्री किसी अन्य यात्री के प्रति हिंसक व्यवहार करता है, तो इससे विमान में मौजूद सभी लोगों के लिए खतरा उत्पन्न होता है।

## सोलोमन में सैनिक और पुलिस भेजेगा आस्ट्रेलिया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वह सोलोमन द्वीप के लिए सैनिकों, पुलिस और राजनयिकों को भेज रहा है। उसने यह कदम सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों द्वारा लॉकडाउन की अवज्ञा करने और लगातार दूसरे दिन सड़कों पर हिंसक प्रदर्शन करने के बाद उठाया है। प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया द्वारा द्विपीय देश में तैनाती के तहत संघीय पुलिस के 23 अधिकारियों और करीब 50 अन्य सुरक्षा कर्मियों की तैनाती अहम अवसंरचना स्थलों की सुरक्षा के लिए की जाएगी। इनके साथ ही सशस्त्र बलों के 43 जवानों, गश्ती नौका और कम से कम पांच राजनयिकों को भेजा जाएगा। मॉरिसन ने बताया कि अधिकारियों की पहली तैनाती बृहस्पतिवार रात को हो जाएगी और शुक्रवार को और सुरक्षा कर्मी अपनी ड्यूटी संभाल लेंगे। इनकी तैनाती की उम्मीद पिछले कई हफ्तों से की जा रही थी। उन्होंने कहा, इसका उद्देश्य स्थिरता और सुरक्षा कायम करना है। मॉरिसन ने कहा कि सोलोमन के प्रधानमंत्री के अनुरोध पर ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते के तहत मदद कर रहा है और उसका इरादा सोलोमन के आंतरिक मामले में किसी तरह का हस्तक्षेप करने का नहीं है।

## कुत्ते का मांस प्रतिबंधित करेगा दक्षिण कोरिया

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि कुत्ते का मांस खाने को गैरकानूनी घोषित करने पर विचार करने के लिए वह कार्य बल का गठन करेगा। गौरतलब है कि देश के राष्ट्रपति मून जे-इन ने करीब दो महीने पहले देश में कुत्ते का मांस खाने की सदियों पुराने खाने-पीने की इस आदत को बदलने पर विचार करने की पेशकश की थी। दरअसल दक्षिण कोरिया में कुत्ते का मांस बेचने वाले रेस्तरां बंद होने की कगार पर हैं क्योंकि युवा वर्ग कुत्ते का मांस खाना कुछ खास पसंद नहीं कर रहा है और पालतू जानवर (कुत्ते-बिल्ली आदि पालने) का चलन भी बढ़ रहा है। इसके बावजूद, हाल में हुए सर्वेक्षण में ऐसा सामने आया है कि भले ही लोग कुत्ते का मांस ना खाते हों, लेकिन ज्यादा से ज्यादा लोग इसपर प्रतिबंध लगाने के विरुद्ध हैं। कृषि मंत्रालय सहित सरकार के सात विभागों द्वारा जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि उन्होंने अधिकारियों, नागरिकअसैन्य विशेषज्ञों और संबंधित संगठनों से जुड़े लोगों का एक समूह गठित करने का फैसला लिया है जो कुत्ते के मांस पर प्रतिबंध लगाने की संभावनाओं पर अपना विचारासिफारिश दे सके। बयान में कहा गया है कि प्रशासन कुत्तों के फार्म, रेस्तरां और अन्य जगहों से भी सूचनाएं एकत्र करेगा और इस संबंध में जनता के विचार जानेगा।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव पारित किया

**ढाका।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बांग्लादेश और नेपाल समेत तीन देशों को न्यूनतम विकसित देश (एलडीसी) की श्रेणी से विकासशील देशों की श्रेणी में शामिल करने संबंधी एक ऐतिहासिक प्रस्ताव को अंगीकृत किया है। इन देशों की प्रगति को प्रदर्शित करने वाली यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने अपने 76वें सत्र में इस प्रस्ताव को स्वीकार किया। दर्जा बढ़ोतरी के लिए मंजूरी पाने वाले तीन देश बांग्लादेश, नेपाल और लाओस हैं। संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पांच साल की असाधारण रूप से विस्तारित प्रारंभिक अवधि (मानक अवधि तीन वर्ष की है) के बाद तीनों देश एलडीसी श्रेणी से उन्नत होंगे। कोविड-19 के हालात से उत्पन्न आर्थिक और सामाजिक झटकों के बावजूद महामारी के बाद अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के उपायों और नीतियों तथा रणनीतियों को बेहतर तरीके से लागू करने के बीच यह दर्जा बढ़ाया गया है।

# मेक्सिको के सोनोरा में 14 शव मिले

एपी। मेक्सिको सिटी

**मेक्सिको** के उत्तरी सीमावर्ती राज्य सोनोरा में गोपनीय तरीके से दफनाए गए 14 शव मिले हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राज्य के अभियोजकों ने कहा कि कब्र के भीतर हड्डियां, जले हुए और क्षत विक्षत शव मिले हैं।

जांच अधिकारियों ने कहा कि शव की संख्या अभी वे निर्धारित नहीं कर पाए हैं। आशंका है कि मादक पदार्थ के किसी गिरोह ने इन शवों को दफनाया होगा। अधिकारियों के मुताबिक कम से कम 14 शव हो सकते हैं। लापता लोगों के रिश्तेदारों की स्वयंसेवी खोजी टीम द्वारा इस जगह का पता लगाया गया। यह जगह सोनोरा राज्य की राजधानी हर्मोसिलो के पश्चिम में एक राजमार्ग के पास स्थित है। सोनोरा में मादक पदार्थ के गिरोहों के बीच अक्सर टकराव होता है। सिनालोआ गिरोह, जलिस्को गिरोह और भगोड़े तस्कर राफेल कारो क्विंटेरो के सदस्यों के बीच पहले भी टकराव की घटनाएं हो चुकी हैं।

इससे एक दिन पहले ही पुलिस ने जाकाटेकस राज्य में एक राजमार्ग ओवरपास से लटके तीन और शवों की खोज की। पिछले सप्ताह भी वहां 10 शव पाए गए थे। जाकाटेकस राज्य की लोक सुरक्षा एजेंसी ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को सैन जोस डी लूर्डेस शहर में तीन शव का पता चला है। जाकाटेकस में भी मादक तस्कर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं। मेक्सिको की सेना ने बुधवार को कहा कि वह लगभग 1,750 सैनिकों तथा अर्द्ध-सैन्य नेशनल गार्ड के 1650 सदस्यों को जाकाटेकस में प्रशासन की मदद के लिए भेजेगी। इससे पहले भी वहां कई जवान भेजे जा चुके हैं। सिनालोआ और जलिस्को न्यू जनरेशन गिरोह सोनोरा राज्य में मादक पदार्थ के कारोबार पर नियंत्रण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अमेरिका की सीमा के पास स्थित इस राज्य से मादक पदार्थों की खेप दूसरी जगहों पर भेजी जाती है।

## दक्षिण सूडान में नौका पलटने से पांच बच्चों सहित 10 की मौत

भाषा। जूबा ( दक्षिण सूडान )

**दक्षिण** सूडान में इस सप्ताह एक नौका के अपर नील प्रांत में व्हाइट नील नदी में पलट जाने से उसमें सवार पांच बच्चों सहित कम से कम 10 व्यक्तियों की मौत हो गई। प्रांत के सूचना मंत्री ल्यूक सदल्ला ने बताया कि नौका तब पलट गई जब यह मलाकल जा रही थी। उन्होंने बताया कि नौका में 28 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि नौका पर क्षमता से अधिक लोग सवार थे। सदल्ला ने बताया इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले पांच बच्चे भाई-बहन थे।

## श्रीलंका में सिलसिलेवार धमाकों के लिए पूर्ववर्ती सरकार जिम्मेदारः राजपक्षे

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने वर्ष 2019 में ईस्टर के मौके पर देश में हुए सिलसिलेवार धमाकों के लिए पूर्ववर्ती सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। इन धमाकों में 11 भारतीयों सहित करीब 270 लोगों की मौत हो गई थी। उल्लेखनीय है कि इस्लामिक स्टेट से जुड़े स्थानीय चरमपंथी समूह नेशनल तौहीद जमात के नौ आत्मघाती हमलावरों ने वर्ष 2019 में ईस्टर रविवार को समन्वित हमला किया था और तीन गिरिजाघरों और कई होटलों को निशाना बनाया था। इस हमले में 270 लोगों की मौत के साथ करीब 500 लोग घायल हुए थे। राष्ट्रपति राजपक्षे ने कहा कि जो उनपर बम धमाके के जिम्मेदार लोगों पर तेजी से कार्वाई करने का दबाव बना रहे हैं उन्हें ऐसी मांग करने के दौरान सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी सरकार अगर जरूरत हुई तो आलोचकों के खिलाफ भी कड़ी कारवाई करेगी। राजपक्षे ने एक जनसभा में कहा कि अगर वे त्वरित कार्रवाई चाहते हैं, तो हम इसके लिए जिम्मेदार लोगों के नागरिक अधिकार को वापस लेने के लिए संसद का रुख कर सकते हैं।

# कज्जाफी का बेटा राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य करार

बेनगाजी ( लीबिया )। लीबिया के शीर्ष चुनावी निकाय ने कहा है कि देश के दिवंगत तानाशाह मोअम्मर कज्जाफी के पुत्र और एक समय उनके उत्तराधिकारी रहे सैफ अल-इस्लाम कज्जाफी को अगले महीने होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। देश की उच्च राष्ट्रीय चुनाव समिति द्वारा बुधवार को जारी अयोग्य उम्मीदवारों की सूची के अनुसार सैफ अल-इस्लाम कज्जाफी अपनी पिछली दोषसिद्धी के कारण चुनाव लड़ने के योग्य नहीं हैं। वह आगामी दिनों में समिति के फैसले के खिलाफ अदालत में अपील कर सकते हैं। सैफ अल-इस्लाम को 2015 में राजधानी त्रिपोली की एक अदालत ने उनके पिता से पद छोड़ने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा का इस्तेमाल करने के आरोप में मौत की सजा सुनाई थी। हालांकि लीबिया के प्रतिद्वंद्वी प्राधिकारियों ने इस फैसले पर सवाल उठाया था। सैफ अल-इस्लाम को उनके पिता के विरुद्ध 2011 के विद्रोह से संबंधित मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने भी वांछित करार दिया है। संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में वर्षों के प्रयासों के बाद लीबिया 24 दिसंबर को अपने राष्ट्रपति चुनाव का पहला दौर आयोजित करने जा रहा है। चुनाव के मद्देनजर जटिलताओं और चिंताओं के कारण लीबिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष दूत ने हाल में पद छोड़ने का फैसला किया, हालांकि उन्होंने बुधवार को कहा कि वह वोट के माध्यम से जरूरत पड़ने पर पद पर बने रहने के लिए तैयार हैं।

# इटली में कोविड-19 का टीकाकरण नहीं करवाने वाले लोगों पर लगेगी पाबंदियां

एपी। रोम

**इटली** सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने और अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए उन लोगों पर कुछ पाबंदियां लगाने का फैसला किया है, जिन्होंने अभी तक कोविड-19 रोधी टीके नहीं लगवाए हैं। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, छह दिसंबर से रेस्तरां में भोजन करने, सिनेमा घर जाने या किसी खेल प्रतियोगिता देखने जाने के लिए, लोगों को कोविड-19 से हाल ही में उबरने का या टीकाकरण का प्रमाणपत्र दिखाना होगा। नए नियमों के तहत कानून प्रवर्तन, सैन्य तथा सभी स्कूली कर्मचारियों के लिए टीकाकरण अनिवार्य कर दिया गया है। इससे पहले टीकाकरण केवल स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए अनिवार्य था।

प्रधानमंत्री मारियो द्राघी ने कहा कि संक्रमण के धीमी गति से ही सही लेकिन निरंतर बढ़ते मामलों को रोकने और यूरोपीय संघ की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए ए कदम उठाने जरूरी हैं। द्राघी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमने सामान्य स्थिति में लौटना शुरू कर दिया है और हम इसे कायम रखना चाहते हैं। स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्टो स्पेरन्ज़ा ने स्वीकार किया कि इटली अपने कई पड़ोसी देशों की तुलना में बेहतर कर रहा है, साथ ही कहा कि देश ने सीखा है कि वैश्विक महामारी से निपटने के लिए सक्रिय एवं निवारक उपाय आवश्यक हैं।

**यूरोपीय संघ ने पांच से 11 साल के बच्चों के लिए फाइजर के टीके को मंजूरी दी**

**हेग।** यूरोपीय संघ के औषधि नियामक ने बृहस्पतिवार को पांच से 11 साल के बच्चों के लिए फाइजर कंपनी के कोविड-19 रोधी टीके को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही यूरोप में कोरोना वायरस के नए मामलों में वृद्धि के बीच लाखों स्कूली बच्चों के टीकाकरण का रास्ता साफ हो गया। यह पहला मौका है जब यूरोपियन मेडिसिन एजेंसी ने बच्चों के टीकाकरण के लिए किसी कोविड टीके को मंजूरी दी है। एजेंसी ने कहा कि उसने पांच से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के टीकाकरण के लिए कोविड-19 टीके कॉमिरनेटी को मंजूरी दी है।

**जर्मनी में जान गंवाने वालों की संख्या एक लाख के पार**


**बर्लिन।** जर्मनी में कोविड-19 महामारी की शुरुआत से अब तक एक लाख से अधिक लोग कोरोना वायरस के संक्रमण से जान गंवा चुके हैं और जर्मनी यह आंकड़ा पार करने वाला हालिया देश बन गया है। पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 351 लोगों की मौत के बाद देश में महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 100,119 हो गई है।

## इनके भी बयां, जुदा-जुदा




### अनुष्का शर्मा

**मेरा** शरीर वैसा नहीं है जैसा पहले हुआ करता था; यह जैसा था वैसा टोंड नहीं है। और मैं इसके लिए काम कर रहा हूं क्योंकि मुझे फिट रहना पसंद है। ऐसा कहने के बाद, मैं पहले की तुलना में आज अपनी त्वचा में बहुत अधिक सहज हूं, तब भी जब मेरे पास वह संपूर्ण शरीर था। मैंने महसूस किया है कि यह एक मन:स्थिति है, इसका आपके दिखने के तरीके से कोई लेना-देना नहीं है।




### सारा अली खान

**मेरा करियर** आज एक व्यावसायिक फिल्म की योजना बनाने, एक गंभीर कल करने या एक दिन बाद एक एकल फिल्म पर काम करने या रणवीर (सिंह) के साथ काम करने के बारे में नहीं रहा है। यह उस तरह से काम नहीं करता है। मेरे लिए, यह उन कहानियों को बताने के बारे में है जो मुझे लगता है कि बताई जानी चाहिए। अब इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह फिल्म सोलो है या मेरे पास इसमें खेलने के लिए एक छोटा सा पार्ट है।



### आर माधवन

**रंग दे बसंती** में मेरा नौ मिनट का रोल था। अब भी जब वे फिल्म के बारे में बात करते हैं तो मेरा नाम इसका पर्याय बन जाता है। इन सज्जनों ने वर्षों तक इतनी मेहनत की, मैंने केवल आठ दिन काम किया। मैंने महसूस किया कि अमरता, एक चरित्र के रूप में पहचाने जाने के संदर्भ में, इस बात पर निर्भर करती है कि आप कैसे भूमिका निभाते हैं, उस चरित्र को कैसे लिखा और प्रस्तुत किया जाता है।



### एमिली ब्लंट

**इवेन** जॉनसन की इतनी असाधारण उपस्थिति है। उनमें एक अद्भुत, सहज गुण है, और वह इतनी आसानी से भूमिका निभाते हैं। वह फ्रेंक की अजीब विचित्रताओं, स्वार्थी प्रवृत्तियों और उसकी भेद्यता और उसके अतीत से बेखबर है। ये सभी परतें उसे खेलने के लिए बहुत कुछ देती हैं। मुझे लगता है कि वह वास्तव में इसका आनंद ले रहा है।

### एडेल

मेरे तलाक के बाद, इतने सारे लोग होने के कारण, जिन्हें मैं नहीं जानती, यह जान लें कि मैंने वह काम नहीं किया ... इसने मुझे तबाह कर दिया। मैं शर्मिंदा थी। किसी ने मुझे शर्मिंदा नहीं किया, लेकिन आपको ऐसा लगता है कि आपने अच्छा काम नहीं किया। मुझे नहीं पता कि यह मेरे शनि की वापसी के कारण था या ऐसा इसलिए था क्योंकि मैं अपने 30 के दशक में जा रही थी, लेकिन मुझे यह पसंद नहीं था कि मैं कौन थी। मैं वास्तव में खुद को नहीं जानती थी। मुझे लगता है मेने कर दिया। लेकिन मैंने नहीं किया।



# एक गायक की खोज

**सुरेश वाडकर, जिन्हें हाल ही में पद्म श्री से सम्मानित किया गया, ने सैमी सत्तार को बताया कि तकनीक ने संगीत की मिठास को छीन लिया है।**

***सीने में जलन, आंखों में तूफ़ान सा क्यूं है
इस शहर में हर शख्स परेशान सा क्यों है।***

मुजफ्फर अली की गमन (1978) के लिए शहरयार की काव्यात्मक अभिव्यक्ति व्यस्त शहर के जीवन के भंवर में फंसी एक कोमल आत्मा का उपयुक्त प्रतिबिंब थी। लेकिन यह गायक सुरेश वाडेकर की समृद्ध, बनावट वाली आवाज थी, जिन्होंने अपनी फिल्म की शुरुआत की, जिसने फारूक शेख द्वारा पर्दे पर पूरी तरह से चित्रित किए गए पथ को जोड़ा।

वाडकर, जिन्होंने अपने 47 साल से अधिक के करियर के दौरान अंग्रेजी और जर्मन के अलावा लगभग सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में गाया है, उन्हें हाल ही में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। एक सम्मेलन में बोलते हुए, वे कहते हैं, ''मुझे लगा, मुझे इसे पहले मिल जाना चाहिए था। मैं देरी के पीछे का कारण नहीं जानता। यह केवल सर्वशक्तिमान और चयन समिति ही जान सकती है। लेकिन डर ऐ दुरस्त ऐ। जब चीजें समय पर होती हैं, तो महत्व अलग होता है क्योंकि कलाकार का आत्मविश्वास और साहस कई गुना बढ़ जाता है।''

छोड़ आए हम वो गलियां (माचिस) हुजूर इस कदर (मासूम) ऐ जिंदगी गले लगा ले, सांझ ढले (उत्सव), तुम से दूधर (परिंदा) जैसे बेहद लोकप्रिय गीतों के गायक को लगता है कि संगीत प्रेमियों को मान्यता मिलने पर खुशी होती है, ''पद्म श्री जैसे सर्वोच्च पुरस्कारों में से एक प्राप्त करना आपको अच्छा लगता है कि हमारे देश और सरकार ने हमें मान्यता दी है। हमारे देशवासियों का प्यार जगजाहिर है,'' वे कहते हैं।

चार दशकों से अधिक समय तक संगीतमय दृश्य का हिस्सा रहे – जहां उन्होंने फिल्मी गीत, भजन, ग़ज़ल और लोक गीत गाए हैं – वाडकर ने समय के साथ इसके विकास को देखा है। वे कहते हैं, ''लोगों को बहुत सारी चीजों में बदलाव पसंद है लेकिन आपको इतना नहीं बदलना चाहिए कि आप अपनी संस्कृति को भूल जाएं। अगर आप कपड़ों में बहुत पाश्चात्य हैं, तो यह ठीक है। लेकिन हमें ऐसा संगीत चाहिए जो कानों को मीठा लगे।''

वह आगे कहते हैं, ''पहले एक फिल्म में शब्द, धुन और स्थिति महत्वपूर्ण थी। अब गाने वहां डाल दिए जाते हैं जहां उनका कोई मतलब ही नहीं है। यही कारण है कि पुराने गीत आज भी लोकप्रिय हैं जबकि आज रचित गीत लंबे समय तक नहीं चलते हैं।''

उनका मानना है कि यह समकालीन गीतों की क्षणभंगुर अपील है, जिसने निर्देशकों को पुराने गीतों तक पहुंचने और उन्हें रीसायकल करने के लिए प्रेरित किया है। ''पहले के अच्छे अरेंजर्स म्यूजिक कंपोजर बन गए हैं इसलिए गाने अरेंजमेंट स्टाइल में बनाए गए हैं। गीत को एक आकार और रूप की आवश्यकता होती है। अगर किसी चीज़ को व्यवस्था कहा जाता है, तो आप बस इतना कर रहे होंगे कि उसे फिर से व्यवस्थित कर दिया जाए।''

ऑटो-ट्यून के बड़े पैमाने पर उपयोग ने अक्सर प्रशिक्षित गायकों के बीच गुस्सा पैदा किया है। वाडकर कोई अपवाद नहीं हैं।

''आजकल, 90 प्रतिशत गाने ऑटो-ट्यून पर हैं। जब आप गाने को कृत्रिम रूप से धुन में लाने की कोशिश करते हैं, तो यह इलेक्ट्रॉनिक रूप में खराब हो जाता है। ऐसा करना सही नहीं है क्योंकि गायक अपनी काबिलियत दिखाना चाहते हैं। ऑटो-ट्यून के लिए धन्यवाद, आजकल हर कोई गा सकता है, जिसमें अभिनेता भी शामिल हैं, ''वे आगे कहते हैं, ''हमें अवसरों को वितरित करना चाहिए। अगर इतने सारे अभिनेताओं ने एक गाना गाया है, तो उतनी ही संख्या में गायकों को एक फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने का मौका दिया जाना चाहिए।'' मैं रेखा के दूसरे छोर पर उसके मुस्कुराते हुए लगभग चित्र बना सकता हूं।



वाडकर को गुरु जियालाल वसंत द्वारा विभिन्न शैलियों को गाने के लिए प्रशिक्षित किया गया था ''महात्मा गांधी के शताब्दी वर्ष (1969) के दौरान, गुरुजी को सरकार द्वारा भारत दौरे के लिए आमंत्रित किया गया था। मैं उनके साथ गया और दिल्ली के प्रगति मैदान सहित 13 भाषाओं में गाया। मुझे जो भी काम मिला, मैंने उसे भगवान के आशीर्वाद के रूप में लिया है।''

तालाबंदी के दौरान मनोरंजन उद्योग ठप हो गया था और सभी काम बंद हो गए थे। वाडकर ने इस समय का उस तरह से उपयोग किया जैसे वह सबसे अच्छे से जानते हैं – गायन। ''मुझे कड़ी मेहनत करने का समय मिला। मेरे पास घर पर एक स्टूडियो है। इसलिए, हर दिन और हर पल, मैंने इसका इस्तेमाल किया। मैं हमेशा से अपने पसंदीदा दिग्गजों के गाने गाना चाहता था। लॉकडाउन के दौरान मैंने अपने स्टूडियो में करीब 150-200 ऐसे गाने रिकॉर्ड किए।

मेरी पत्नी और बेटियों ने भी समय का सदुपयोग किया। सुबह रूटीन रियाज के बाद हमने अपनी रिकॉर्डिंग की। मैं उन गानों को धीरे-धीरे यूट्यूब पर रिलीज करूंगा।''

गायक को भी कोविड के कारण 10 दिनों के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जो उनकी बेटी, एक संगीतकार से प्रसारित हुआ था। ''अस्पताल में, मैंने गायकों को देखा जो मेरे लिए भगवान के समान हैं : लताजी, आशाजी, मन्ना डे, रफ़ी साब और बहुत कुछ।''

जबकि वाडकर ने पिछले गायकों से सीखा, वह अपने संगीत विद्यालय, अजीवासन के माध्यम से एक नई पीढ़ी को प्रशिक्षित कर रहे हैं। पहले सिर्फ मुंबई में ही नहीं बल्कि न्यू जर्सी और दुबई में भी फिजिकल क्लासेस होती थीं। ''महामारी आने से पहले ही, चूंकि अक्सर वीजा से संबंधित समस्याएं होती थीं, इसलिए हम ऑनलाइन शिफ्ट हो गए थे। हालांकि एक ऑनलाइन क्लास के दौरान थोड़ी देरी होती है लेकिन यह लगभग एक-से-एक क्लास की तरह है'', वे कहते हैं।

हालाँकि, मुंबई में ऑफ़लाइन कक्षाएं फिर से शुरू हो गई हैं क्योंकि छात्र भी बहुत परेशान थे और शारीरिक कक्षाओं के लिए आना चाहते थे। ''मेरा एक छोटा सा हॉस्टल है और मुंबई के बाहर से आने वाले बच्चे यहां रहते हैं। मेरी बड़ी बहन सितार पढ़ाती है, मेरी पत्नी गायन सिखाती है और मैं भी'', वह आगे बेहतर समय की उम्मीद करते हुए कहते हैं।




## इन टू दि वाइल्ड

**करण जौहर ने बेयर ग्रिल्स को विक्की कौशल को एक आकर्षक भोजन परोसने की चुनौती दी, जबकि कियारा आडवाणी ने अपने नवीनतम स्टंट के लिए अभिनेता के आत्मविश्वास को बढ़ाया।**



अभिनेता विकी कौशल, जो डिस्कवरी+ की सर्वाइवल फ्रैंचाइज़ी, इनटू द वाइल्ड विद बियर ग्रिल्स के सीज़न 2 में दिखाई देंगे, को उनके पिता और उद्योग के दोस्तों ने सबसे प्रसिद्ध उत्तरजीविता, बेयर ग्रिल्स के साथ जंगली में उनके विदेशी अभियान के लिए शुभकामनाएं दीं। एड्रेनालाईन पंपिंग और चुनौतीपूर्ण उत्तरजीविता शो का प्रीमियर 12 नवंबर को हुआ। इस विशेष में, बेयर ग्रिल्स प्रेरणा के रूप में विभिन्न मील के पत्थर तक पहुंचने पर इन संदेशों को विक्की के साथ साझा करते हैं। एपिसोड में उन्हें प्रोत्साहित करने और शुभकामनाएं देने वालों में उनके पिता शाम कौशल, कियारा आडवाणी और करण जौहर शामिल हैं।



भारतीय फिल्म निर्देशक, निर्माता और टेलीविजन होस्ट जौहर ने व्यक्त किया, ''तो विकी, मैंने आपके चने पर बहुत सारे विदेशी, अद्भुत भोजन व्यंजन देखे हैं। और अब आप बेयर ग्रिल्स के साथ हैं। तो, जाहिर है, यह समय है कि आप वास्तव में उसके साथ एक विदेशी भोजन करें। तो, भालू, विक्की को एक ऐसा भोजन बनाओ जिसे वह कभी नहीं भूलता! मेरे साथ तो बहुत कॉफी पी लिए तुमने विक्की, अब आपके लिए बेयर ग्रिल्स के साथ एक आकर्षक भोजन करने का समय है। तो, ऑल द बेस्ट। मेरे सारे प्यार और इसे मार डालो!''

अपने अभियान के लिए कौशल को शुभकामनाएं देते हुए, आडवाणी ने साझा किया, ''मेरे प्यारे विकी, आपके पास इस तरह की साहसिक यात्रा करने के लिए दुनिया का सारा जोश और हिम्मत है। लेकिन आज आपका खेल का मैदान फिल्म का सेट नहीं है, यह गहरा, गहरा सागर है। आपने मुझे बताया है कि आपको गहरे समुद्र और गहरे पानी का फोबिया है। लेकिन, मुझे पता है कि अगर कोई है जिसके पास जोश है तो यह आप ही हैं कि आप आगे बढ़ें और इस डर को जीतें और दूसरी तरफ से विजेता बनें। इसलिए, मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं और मैं आपको दूसरी तरफ देखने जा रहा हूं।''

# पिता की मौजूदगी का एहसास

**इरफ़ान खान के बेटे, बाबिल का लड़कपन से भरा और स्वप्निल रूप, परिवार के फार्महाउस को एक फोटोशूट सेट में बदल देता है।**





फोटोग्राफी सिनेमा की बड़ी दुनिया में प्रवेश करने की दिशा में पहला कदम है। इरफान खान के बेटे बाबिल ने हाल ही में अपने परिवार के नासिक फार्महाउस में एक फोटोशूट करवाया है और दर्शक इसे खूब पसंद कर रहे हैं। वह कच्चा, स्वप्निल दिखता है और वह निश्चित रूप से तस्वीरों में अपने पिता की कृपा का एक उदासीन संकेत देता है। इक्का-दुक्का फोटोग्राफर शिवाजी सेन ने भव्य फार्महाउस के आसपास बाबिल के कई मूड को खूबसूरती से कैद किया है। ईशा भंसाली द्वारा स्टाइल किया गया आवश्यक लुक के लिए शीर्ष पर आइसिंग था।



फोटोशूट के बारे में बात करते हुए, बाबिल ने साझा किया, ''फार्महाउस मेरे परिवार के लिए एक विशेष स्थान है। यह वह विश्राम का ठिकाना है जहां मेरे पिता जब भी आराम करने की जरूरत महसूस करते थे, लौट जाते थे। मैं पूरे क्षेत्र में उनकी मौजूदगी को मजबूती से महसूस करता हूं। यही कारण है कि मैंने इसे अपनी शूटिंग की जगह के रूप में भी चुना।''

उन्होंने आगे कहा, ''शिवाजी सेन ने मेरे कई मूड को कैप्चर करने का शानदार काम किया है। मैं जो हासिल करना चाहता था, उसके बारे में हमने बहुत बात की और मुझे लगता है कि परिणाम उन सभी के बराबर हैं जिन्हें हमने हासिल करने के बारे में सोचा था।'' बाबिल को अभी अपनी पहली फिल्म के बारे में आधिकारिक घोषणा करना बाकी है और दर्शक इसके लिए उत्सुक हैं। उनके पास एक मजबूत विरासत है और उनमें एक पूर्णतावादी के जीन चल रहे हैं।

# इतिहास के पन्नों से


**लेखिका और इतिहासकार, सुभद्रा सेन गुप्ता, अपने प्रशंसकों को उनके मरणोपरांत काम - मेसोपोटामिया से एज़्टेक तक पहली सभ्यताओं की कहानी के रूप में अंतिम विदाई उपहार देती हैं। बता रही हैं खुशबू कीर्तिः**

***'क्योंकि कोई नहीं बचा है। उन दिनों सबसे अच्छा पत्थर'***

सुभद्रा सेन गुप्ता (1952 – 3 मई, 2021), एक प्रिय भारतीय लेखिका और प्रसिद्ध इतिहासकार, जो इस साल की शुरुआत में कोविड से लड़ाई हार गईं, ने अपने प्रशंसकों को अपने अंतिम काम के रूप में अंतिम विदाई उपहार दिया है – द स्टोरी मेसोपोटामिया से एज़्टेक तक की पहली सभ्यताओं में से। पुस्तक बच्चों के लिए ऐतिहासिक तथ्यों की एक गहन शोध क्षमता है। अपनी सुस्त और स्पष्ट लेखन शैली में, गुप्ता ने अपने पाठकों को जादुई इतिहास की दुनिया के माध्यम से अंतिम यात्रा पर ले लिया है। उन्होंने मानव उत्पत्ति और विकासवादी तत्वों के बारे में कहानियों को सबसे चंचल और दिलचस्प तरीके से प्रसारित किया है।

उनके लिए इतिहास का क्या अर्थ है, इस बारे में बात करते हुए, सबसे सरल तरीके से, गुप्ता ने कहा, ''जल्द ही हमने शब्दों को वाक्यों में बदलना शुरू कर दिया और फिर जानकारी साझा करना, अपनी भावनाओं को व्यक्त करना और गपशप करना शुरू कर दिया। और आज, स्कूल से लेकर ऑफिस में काम करने से लेकर रेसिपी शेयर करने तक हर चीज के लिए जरूरी है कि हम बात करें। यह संज्ञानात्मक क्रांति हमारे दिमाग में शुरू हुई और इसे ही हम भाषा कहते हैं।''

उसने जारी रखा, ''अगला चरण महत्वपूर्ण था क्योंकि अब हमने एक लिखित स्क्रिप्ट विकसित की और सब कुछ लिखना सीख लिया – और हमने तब से लिखना बंद नहीं किया है। हमने रिकॉर्ड रखे, पत्र लिखे, किताबें छपीं, और अब हमारे पास व्हाट्सएप और ईमेल है। लोगों का इतिहास बनाने के लिए यह पहला कदम था ... राजाओं और लड़ाइयों, देवी-देवताओं का; हमने क्या खाया और क्या कपड़े पहने; हमारे गाने और हमारे खेल। यह हमारे दैनिक जीवन और दुनिया की घटनाओं के बारे में है। और वह, मेरे दोस्त, जिसे हम इतिहास कहते हैं।''



चीनी सभ्यता ने परीक्षाओं की अवधारणा को सबसे पहले कैसे पेश किया, इस बारे में मनोरंजक तथ्यों से, आर्किमिडीज के बारे में 'यूरेका' चिल्लाते हुए सड़कों पर नग्न दौड़ना, और आलू इंकास से एक उपहार होने के बारे में, आधा बैल और आधा आदमी मिनोटौर की किंवदंतियों और षड्यंत्र के सिद्धांत अटलांटिस के आसपास, पुस्तक मेसोपोटामिया से लेकर एज़्टेक तक सभी को कवर करती है। पुस्तक में देवाशीष वर्मा के चित्र शामिल हैं, जो पठन को अलंकृत करते हैं।




टॉकिंग क्लब की प्रकाशक, सुदेशना शोम घोष, जिन्होंने काम को एक साथ रखा था, ने व्यक्त किया, ''यह एक ऐसी परियोजना थी जिसने उन्हें (लेखक) रोमांचित और उत्साहित किया था और उन्होंने इसे अपने सामान्य उत्साह और सावधानीपूर्वक शोध के साथ निपटाया था। हमेशा की तरह, यहां लेखन ताजा, सुलभ, विनोदी रहा – इतिहास की किताबों से जो उम्मीद की जाती है उससे कहीं ज्यादा दूर। इस साल की शुरुआत में उनके दुखद निधन के बाद इस पुस्तक को प्रकाशित करना हमारे लिए एक सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी थी।''

गुप्ता ने बच्चों के लिए 40 से अधिक किताबें लिखीं क्योंकि उन्हें लगा कि वे सबसे अच्छे पाठक हैं। इतिहासकार की कृतियाँ इतिहास के उन तथ्यों से सुशोभित हैं जो सभी पाठकों को एक ही बैठक में कहानियों के माध्यम से पढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

उनकी कुछ कृतियों में अलविदा पाशा बेगम शामिल हैं!, एक डरावनी कहानी जहां दिल्ली में छुट्टी पर नायक अचानक खुद को मुगल युग में एक गुलाम के रूप में पाता है, बिष्णु – धोबी गायक एक धोबी लड़के के बारे में जिसे संरक्षण के तहत समर्थित और लिया जाता है तानसेन का, एक मौर्य साहसिक जहां अशोक की सेना में एक सैनिक की बेटी दुनिया भर में उद्यम करती है, और इसी तरह। उनकी किताब, मिस्ट्री ऑफ द हाउस ऑफ पिजन्स, को दूरदर्शन के लिए खोज खजाना खोजर के रूप में एक टेलीविजन श्रृंखला में रूपांतरित किया गया था। उन्होंने बच्चों के लिए भारत का संविधान प्रकाशित करने पर भी लोकप्रियता हासिल की, जिसके लिए उन्होंने कई शोधकर्ताओं को भी जिम्मेदार ठहराया था। उसका काम महल- मुगल हरम में शक्ति और तमाशा एक मुगल हरम के सामाजिक जीवन के इर्द-गिर्द घूमता था।